हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## अहा...काशी में देव दीपावली

### ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर देव दीपावली मनाई गई

# 84 घाटों पर जले 25 लाख दीये

काशी में घाटों पर अद्भुत नजारा ड्रोन से लिया गया फोटो

**2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे** | **सीएम योगी ने नमो घाट पर पहला दीप जलाया** | **गंगा पार भी दिखा दिव्य नजारा** | **दशाश्वमेध घाट पर देशभक्ति का अद्भुत संगम** | **40 से ज्यादा देशों के लोग वाराणसी पहुंचे**

एजेंसी ⏭ वाराणसी

काशी नगर में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार की शाम देव दीपावली मनाई गई। सीएम योगी ने नमो घाट पर पहला दीप जलाया। 84 घाटों पर 25 लाख दीये जलाए गए। 15 लाख पर्यटन विभाग और 10 लाख दीयों का इंतजाम समितियों और काशी वासियों ने किया है।



2024 में 20 लाख दीये जलाए गए थे। वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सेना और एनडीआरएफ के जवान भी उत्सव में शामिल हुए। इस बार ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर देव दीपावली मनाई ⏩ शेष पेज 4 पर

## इधर, तवा-नर्मदा संगम बांद्राभान में कार्तिक पूर्णिमा का मेला

# डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में इस समय पारंपरिक मेला लगा हुआ है। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को यहां श्रद्धालुओं की सुबह से भीड़ से स्नान के लिए भीड़ लगने लगी। दोपहर 3 बजे अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा लोग स्नान कर चुके थे। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए हैं, ताकि कोई भी श्रद्धालु नदी पार कर संगम टापू तक न जा सके। चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन मंगलवार

**श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने एक दिन पहले ही पहुंचे**



मां नर्मदा के घाट पर मेले का दृश्य

शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। देर रात तक 20 हजार से अधिक लोग बांद्राभान पहुंच चुके थे। मेले में करीब 500 अस्थाई ⏩ शेष पेज 4 पर







## अब राहुल गांधी लाए हाइड्रोजन बम...हरियाणा चुनाव में 'वोट चोरी' का लगाया बड़ा आरोप

# 25 लाख वोटों की चोरी, हर आठ में एक वोटर फर्जी रिजिजू ने कहा- हद है...इनका बम फटता क्यों नहीं?

राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा से जुड़े हजारों लोगों ने उत्तर प्रदेश के साथ ही हरियाणा में भी वोट दिया। एक ही तस्वीर को कई एंट्री पर इस्तेमाल किया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी के आरोप दोहराए। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी किए गए। उन्होंने कहा कि फर्जी फोटो, नाम और घर के पते के कई मतदाता जांच में मिले हैं। हर 8 में से एक मतदाता फर्जी था। इसके कारण कांग्रेस के हाथ से सरकार छीन ली गई। राहुल ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और 2 अन्य आयुक्तों ने भाजपा के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की जीत तय की। उन्होंने दावा किया कि इनकी पीएम मोदी के साथ साझेदारी है।

### ये गंभीर आरोप

- सीमा-स्वीटी बनकर ब्राजीली मॉडल ने हरियाणा चुनाव में डाले वोट
- नकली फोटो वाले हरियाणा में एक लाख से ज्यादा मतदाता
- मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य आयुक्तों ने भाजपा के साथ मिलकर हरियाणा में भाजपा की जीत सुनिश्चित की

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं**

**चुनाव आयोग ने पूछा कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध?**




मतदाता सूची में गड़बड़ी के तहत ब्राजील की मॉडल की फोटो दिखाते हुए

### राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस की बड़ी बातें

1. हरियाणा की मतदाता सूची में 25 लाख फर्जी एंट्री थीं। भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर इन फर्जी एंट्री से बीते साल हरियाणा का जनादेश चुराया।
2. राहुल ने एक महिला की तस्वीर दिखाते हुए बताया कि ये ब्राजीली मॉडल है और इसने सीमा, स्वीटी तो कभी किसी और नाम से 10 बूथों पर 22 बार हरियाणा चुनाव में वोट दिया। ⏩ शेष पेज 4 पर

### जीत को हार में बदला गया

राहुल ने कहा कि चोरी से हरियाणा में कांग्रेस की भारी बहुमत वाली जीत को हार में बदला गया। राहुल गांधी ने कहा कि हमने क्रॉस चेक किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश की जनता से खुलेआम झूठ बोला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने इसका जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी ने एग्जिट पोल में जीत का दावा किया, लेकिन 2004 के चुनाव में हम भी एग्जिट पोल में जीत रहे थे, लेकिन हमने तो उसका रोना नहीं रोया। एग्जिट पोल को कभी गाली नहीं दी। जब राहुल गांधी के पक्ष में एग्जिट पोल जाते हैं तो वे अच्छा बताते हैं और जब विरोध में जाता है तो गाली देते हैं। ये बताते हैं कि हाइड्रोजन बम फटेगा, लेकिन इनका एटम बम फटता क्यों नहीं है?

## राहुल के आरोपों पर भाजपा का तीखा पलटवार

# बिहार में 'मतदान' है और ये हरियाणा की कहानी सुना रहे




चुनाव के दौरान राहुल गांधी विदेश घूमने चले जाते हैं तो जीतेंगे कहां से?

बिहार में चुनाव प्रचार चल रहा है तो वे कोलंबिया चले गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के दौरान राहुल गांधी विदेश घूमने चले जाते हैं तो जीतेंगे कहां से। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में मतदान है और ये हरियाणा चुनाव की बात कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पिछले संसद सत्र में राहुल गांधी एक महिला की तस्वीर टीशर्ट पर छपवाकर घूमते रहे। उस महिला ने ही कांग्रेस पार्टी को डांटा। अब जब बिहार में ⏩ शेष पेज 4 पर

## चुनाव आयोग ने ऐसे दिया जवाब

### हरियाणा में वोट हेरफेर का दावा बेबुनियाद




कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ से हरियाणा में कथित वोट हेरफेर के आरोपों को चुनाव आयोग के एक सूत्र ने बेबुनियाद करार दिया है। राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। अगर कई नामों के दोहराव से बचना था, तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई? राजनीतिक दल मतदान प्रक्रिया की निगरानी और संभावित अनियमितताओं की ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### जिम में कसरत कर लौटे युवक की हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर।** सुखलिया में रहने वाले संदीप सोनगरा की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई। 32 वर्षीय संदीप जिम में कसरत कर लौटा था। अचानक तबीयत खराब हुई और अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार संदीप खातीपुरा में पान और अंडे की दुकान थी। मंगलवार रात करीब 9 बजे उसने अंडा फ्राय कर खाया और कुछ देर बाद तबीयत खराब होने लगी।



### नर्मदा नदी में नहाने गए 3 युवक डूबे, दो को बचाया

**नरसिंहपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन बुधवार को नर्मदा स्नान के दौरान तीन युवक डूब गए। हालांकि स्थानीय गोताखोरों ने दो को बचा लिया, जबकि तीसरा लापता हो गया। घटना की सूचना पर तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। देर रात तक स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू जारी रहा। लापता युवक का नाम मोहित सोनी (13) गाडरवारा निवासी बताया जा रहा है। मोहित का बुधवार को जन्मदिन था।



## सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील खजुराहो पहुंचे

# जवारी मंदिर में की पूजा, कहा-मूर्ति में जब तक सिर नहीं लगेगा, माला नहीं चढ़ाऊंगा

एएसआई के अधिकारियों ने कहा यहां पूजा-अर्चना करना सख्ती से वर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खजुराहो

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर ने बुधवार को समर्थकों के साथ मिलकर खजुराहो के जवारी मंदिर में पूजा की। इस दौरान पंडितों में कोई भी मंदिर खंडित नहीं होता कहकर मूर्ति को माला पहना दी। हालांकि, राकेश किशोर ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि जब तक मूर्ति में सिर नहीं लग जाता, ⏩ शेष पेज 4 पर



वकील के साथ उनके समर्थक

### नियम का उल्लंघन किया, एक्शन होगा

इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारी दीक्षांत चावरे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि वे मंदिर की सीढ़ियों से हट जाएं, ताकि दर्शन करने आए पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखें, क्योंकि एएसआई का काम केवल मंदिरों और स्मारकों की देखरेख करना ⏩ शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निरस्त किया बिजली कंपनी का विवादित सर्कुलर

सीएम बोले-किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

# हटाए गए बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक एके जैन, चौबे को प्रभार

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर बुधवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का वे सर्कुलर निरस्त कर दिए गए, जिसमें किसानों को 10 घंटे से ज्यादा बिजली आपूर्ति हो जाने की स्थिति में कंपनी के अमले का वेतन काटने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके साथ सर्कुलर जारी करने वाली कंपनी के मुख्य



महाप्रबंधक एके जैन को पद से भी हटा दिया गया है। कंपनी के उपमहाप्रबंधक आरपी चौबे को जैन के स्थान पर मुख्य महाप्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। डॉ. यादव ने कहा है ⏩ शेष पेज 4 पर

### सर्कुलर को लेकर पैदा हुई गलतफहमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्कुलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, इसलिए विवादित सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ विवादित सर्कुलर मामले से जुड़े अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दूसरी तरफ कंपनी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि 31 अगस्त और 3 नवंबर को कृषि फीडरों पर निर्धारित अवधि से अधिक विद्युत प्रदाय किए जाने पर आर्थिक दंड की वसूली किए जाने संबंधी जारी परिपत्र से भ्रम की स्थिति पैदा होने के कारण इन दोनों परिपत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

## शाहबानो केस से प्रेरित फिल्म 'हक' पर रोक लगाने की मांग

# बेटी ने कहा-बिना अनुमति के बनी फिल्म में अपमानजनक डॉयलॉग्स दिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

फिल्म 'हक' 7 नवंबर को रिलीज होना है इससे पहले इसका टीजर आते ही बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी और एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म विवादों का सामना करना पड़ रहा है। इस फिल्म की कहानी 1985 के शाह बानो केस से प्रेरित है। हाल ही में शाह बानो की बेटी सिद्दीकी बेगम खान ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की और फिल्म की रिलीज रोकने की मांग की। मंगलवार को उनकी



मप्र हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित

निर्माता बोले- कोर्ट जाने की क्या जरूरत थी?

याचिका पर कोर्ट में सुनवाई हुई। शाह बानो की बेटी का कहना है कि फिल्म में उनकी मां की पहचान का इस्तेमाल बिना अनुमति के हुआ है। साथ ही टीजर और ट्रेलर में जो डायलॉग्स दिखाए गए हैं वो अपमानजनक हैं।

इस पर प्रोडक्शन कंपनी का पक्ष ये है कि उनकी फिल्म ड्रैमेटाइज्ड और फिक्शनलाइज़्ड अडैप्टेशन है। यानी इसमें कलात्मक आजादी का प्रयोग हुआ है। फिल्म कोई बायोपिक नहीं है। न ही ये ऐसा दावा करती है ⏩ शेष पेज 4 पर

## प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं भारत की विश्व विजेता बेटियां

पीएम ने अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर टीम का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया

# खिलाड़ियों ने मिलकर पीएम मोदी को 'नमो' नाम की सौंपी जर्सी, वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ सामने आई तस्वीर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम ने विश्व कप 2025 का खिताब जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर ऊंचा कर दिया है।



पुरुष क्रिकेट टीम के पास कई आईसीसी टाइटल हैं लेकिन महिला क्रिकेट टीम के लिए यह पहला आईसीसी का खिताब है। इसी कारण इन दिनों हर जगह हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली यह टीम चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं ⏩ शेष पेज 4 पर




हरमनप्रीत कौर का तालियों से स्वागत

भारतीय महिला टीम ने जो किया है उसके बाद स्पोर्ट्स फ्रैटरनिटी ही नहीं बल्कि हर भारतवासी खुशी से गदगद है। इसी कारण सभी महिला टीम की खिलाड़ियों और खासतौर से कप्तान हरमनप्रीत कौर को हर जगह ढेर सारा प्यार मिल रहा है। पीएम मोदी से ⏩ शेष पेज 4 पर

### प्रतिका रावल भी व्हीलचेयर पर पहुंची

इतना ही नहीं पीएम मोदी से मुलाकात के लिए टीम इंडिया की स्टार ओपनर प्रतिका रावल भी व्हीलचेयर पर पहुंची। प्रतिका सेमीफाइनल मुकाबले से पहले चोटिल हो गई थीं, इस कारण उन्हें वर्ल्ड कप से बाहर होना पड़ा था। मगर उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक शतक समेत कई शानदार पारी खेली थीं। फाइनल मैच के बाद ⏩ शेष पेज 4 पर



**भोपाल।** कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शीतलदास की बगिया में दीप दान कर देव दीपावली मनाई।

# देव दीपावली पर सरोवरों में श्रद्धालुओं ने किए दीपदान, सैकड़ों दीपों से जगमगाया तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्तिक पूर्णिमा का पर्व बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पर्व को देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन तीर्थ स्थलों सरोवरों में स्नान, दान करने और दीपदान का विशेष महत्व होता है।

साथ ही भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुओं ने जलाशयों में पहुंचकर दीप दान किया। राजधानी में कार्तिक पूर्णिमा पर शीतलदास की बागिया, शाहपुरा तालाब आदि स्थानों पर पहुंचकर दीपदान किया।

## भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व



शीतलदास की बगिया में बुधवार शाम को दीपदान करती हुई युवतियां।



कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान करतीं श्रद्धालु।

## प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

# राजधानी में प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में हुए शबद कीर्तन, सजाया दरबार, सीएम ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुद्वारों में बुधवार को गुरु नानक देव की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। राजधानी के सभी गुरुद्वारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गुरुद्वारों से प्रभातफेरी निकाली गई। गुरुद्वारों के भीतर विशेष दीवान सजाया गया। फिर दोपहर को अटूट लंगर की शुरुआत की गई, जो देर शाम तक चलता रहा। इसके बाद रात को शब कीर्तन दरबार सजाया गया। इसमें बाहर से आए रागी जत्थे ने संगत को निहाल कर दिया।

ईदगाह हिल्स टेकरी साहिब गुरुद्वारा में शाम को आतिशबाजी की गई। प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और सिख संगत को गुरुनानक जयंती की बधाइयां दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सिख समुदाय की ओर से सरोपा पहनाकर पुष्पहार से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि गुरु नानक देव जी सामाजिक एकता, सद्भावना और सेवा भाव की मिसाल थे। उन्होंने मानवता की सेवा और सबके प्रति समानता का भाव रखने का जो संदेश दिया है, वह आज भी सर्व समाज के लिए प्रकाशपुंज है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी का जीवन सत्य, करुणा और परोपकार का प्रतीक है। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, रविंद्र यति, राहुल कोठारी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह, पीएस बिन्द्रा, ग्रंथी, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में सिक्ख समाज के सेवादार एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

*गुरुद्वारा कमेटियों ने प्लास्टिक मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्टील की थालियों में परोसा लंगर*



राजधानी के भेल स्थित गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व पर सजा दीवान, जत्थे ने किया शबद कीर्तन।

### 15 हजार लोगों के लिए तैयार किया लंगर

*हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में प्रकाश पर्व का मुख्य आयोजन किया गया। विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें विशेष तौर पर चंडीगढ़ से रागी भाई बलवीर सिंह जी संगत को कीर्तन द्वारा निहाल किया। जानी सुरजीत सिंह हेड ग्रंथी गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब अमृतसर गुरु महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में माथा टेककर प्रार्थना की। यहां 15 हजार से अधिक लोगों के लिए लंगर तैयार किया गया।*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रकाश पर्व पर बुधवार को अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और सिख संगत को बधाइयां दी।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक परम-पूज्य श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका एवं सेवाकार्य कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुरुद्वारा में पहुंचकर मत्था टेका।

### पिपलानी गुरुद्वारे को फूलों से सजाया

पिपलानी स्थित गुरुद्वारे में भी प्रकाश पर्व के मौके पर विशेष कीर्तन दरबार सजाया। इसी प्रकार गुरुद्वारा नानकपुरा, गुरुद्वारा आनंद नगर सहित अन्य स्थानों पर प्रकाश पर्व पर आयोजन किया गया। गुरुद्वारे में आकर्षक विद्युत साज सज्जा और फूलों से सजाया गया।



भेल क्षेत्र के आनंद नगर स्थित गुरुद्वारा में लंगर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

# इस्कॉन मंदिर में मना श्रीब्रह्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर इस्कॉन मंदिर में श्री श्री गौर राधा वल्लभ विग्रह स्थापना का प्रथम ब्रह्मोत्सव (वर्षगांठ) बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पिछले वर्ष कार्तिक पूर्णिमा में परम पूज्य भक्ति विकास स्वामी महाराज तथा अन्य वरिष्ठ सन्न्यासियों के दिव्य उपस्थिति में श्री श्री गौर राधा वल्लभ जी का विग्रह की भव्य स्थापना हुई थी। ब्रह्मोत्सव उत्सव का शुभारंभ चार नवंबर की संध्या को अधिवास अनुष्ठान से हुआ। जिसमें श्री विग्रहों को विविध द्रव्य अर्पण किए गए। कार्तिक पूर्णिमा के दिन प्रातः मंगल आरती और हरिनाम कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर उठा। इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्री श्री गौर राधा वल्लभ के उत्सव विग्रह को सुसज्जित पालकी में नगर भ्रमण कराया गया। शोभा यात्रा के दौरान हरिनाम संकीर्तन और प्रसाद वितरण किया गया।



इस्कॉन मंदिर में बुधवार को श्री श्री गौर राधा वल्लभ जी के विग्रह का अभिषेक करते हुए।

### अभिषेकम और नाट्य प्रस्तुति

*भोपाल, नर्मदापुरम जयपुर और गुजरात से सैकड़ों भक्त इस अवसर पर मंदिर पहुंचे। श्री विग्रह का दूध, दही, फल रस और मधु से अभिषेकम किया गया। उस समय मंदिर में हरिनाम का पवित्र कीर्तन ही रहा था। इस्कॉन यूथ फोरम के युवा भक्तों ने साक्षी गोपाल की मनमोहक नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें दशार्या गया कैसे मंदिर में श्रीविग्रह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि स्वयं भगवान विग्रह के रूप में उपस्थित होते हैं।*

### वृंदावन से आई विशेष पोशाक

श्री श्री गौर राधा वल्लभ को वृन्दावन से विशेष रूप से मंगवाए गए परिधान और आभूषणों से सजाया गया, जिनकी लागत लगभग दो लाख रुपए रही। भगवान के अप्रतिम सौन्दर्य का दर्शन कर भक्त भाव विभोर हुए।

### श्री राधे-कृष्ण को लगाया छप्पन

श्री राधा कृष्ण मंदिर वृंदावन धाम कोहेफिजा में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री राधे कृष्ण के छप्पन भोग दर्शन और अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण का छप्पन भोग लगाया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर वृंदावन धाम कोहेफिजा में छप्पन भोग दर्शन, अन्नकूट महाप्रसाद में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री राधे कृष्ण के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की।



भगवान को लगाया 56 भोग।

# गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष श्रृंखला के अंतर्गत तीन स्थानों पर यज्ञीय आयोजन

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ भोपाल एवं गायत्री प्रज्ञापीठ बरखेड़ा के सहयोग से गायत्री परिवार कोलार शाखा द्वारा 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ साईंनाथ ए सेक्टर में संपन्न हुआ, जिसमें साईंनाथ नगर एवं कोलार की विभिन्न कॉलोनी से पधारे लोगों परिजनों ने गायत्री महायज्ञ में भाग लिया। गायत्री महायज्ञ का संचालन गायत्री प्रज्ञा पीठ की टोली ने किया। 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ में विभिन्न संस्कार संपन्न हुए। बुधवार को मीनाल में भी पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसे शांतिकुंज हरिद्वार के आंबेकर ने संपन्न करवाया। तीसरा आयोजन प्राइवेट बिजली नगर कॉलोनी दुर्गा मंदिर गोविंदपुरा में संपन्न हुआ। इस दौरान वेद-मंत्रों की दिव्य ध्वनि गूंजता रहा।



बरखेड़ा स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में बुधवार को यज्ञ में अहूति डालते श्रद्धालु।

# एफआईआर और गुमाश्ता के लोक सेवा केंद्रों में नहीं आ रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम लोगों को एक ही जगह पर 446 सेवाएं लोक सेवा केंद्रों में दी जा रही हैं। इसके तहत अफसरों को समय सीमा में आवेदनों का निराकरण करना होता है। इन सेवाओं में से दर्जनों सेवाएं ऐसी हैं, जिनकी जानकारी आम लोगों को नहीं है। जिसकी वजह से यहां इन सेवाओं के आवेदन नहीं आ रहे हैं। हालात यह हैं कि दर्जनों सेवाओं का अब तक एक भी आवेदन नहीं आया है। लोकसेवा गारंटी केंद्रों पर आम लोगों को समय सीमा में मिल रही हैं। बारह दिसंबर 2014 से शुरु हुई इन सेवाओं का लाभ लोक सेवा केंद्रों में दिया जा रहा है। नई सेवाओं में राजस्व विभाग, जिला योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम, नगरीय प्रशासन, गृह विभाग, परिवहन विभाग, पंजीयन एवं मुद्रांक, महिला एवं बाल विकास विभाग व सामान्य प्रशासन शामिल हैं। इनमें से सर्वाधिक सेवाएं राजस्व विभाग की हैं।

■ लोक सेवा केंद्रों में मिल रहीं 446 सेवाएं

### इन सेवाओं के नहीं आ रहे आवेदन

एफआईआर कॉपी, पोस्टमार्टम की सत्य प्रतिलिपि, गुमाश्ता लायसेंस, गुमाश्ता नवीनीकरण के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में नहीं आ रहे हैं, जबकि विवाह पंजीयन सहित एक दर्जन सेवाओं के इक्का-दुक्का आवेदन आ रहे हैं।

### प्रचार-प्रसार करेंगे

लोक सेवा केंद्रों में सरकार द्वारा सभी सेवाएं दी जा रही हैं। नई शुरु हुई सेवाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आम लोगों को इसका फायदा मिल सके। कुछ सेवाओं के आवेदन नहीं आ रहे हैं, इसके लिए प्रचार किया जाएगा।

**प्रसून सोनी**, मैनेजर लोक सेवा केंद्र

# रोहित नगर में सड़क पर बह रहा सीवेज, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के रोहित नगर फेस-1 में बीते एक माह से रहवासी सीवेज की समस्या से परेशान हैं। गंदा पानी रोड पर बहने से बदबू फैल रही है। ऐसे में लोग यहां से आवाजाही करने को मजबूर हैं। रहवासियों ने समस्या की शिकायत निगम आयुक्त को भी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिनमें गंदा पानी भरने से बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।



रोहित नगर में सीवेज का पानी सड़क पर फैलने से हो रही गंदगी।

# जेके अस्पताल में 79 वर्षीय महिला के फेफड़ों से निकाला 1.5 सेमी का पत्थर



जेके अस्पताल के चिकित्सकों का दल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के जेके अस्पताल और एलएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती 79 वर्षीय महिला को लगातार सांस में तकलीफ और सीने में ऐंठन की समस्या थी। मरीज का केंद्रीय वायुमार्ग में पत्थर होने का पता चला। पल्मोनरी मेडिसिन विभाग और एनेस्थीसिया टीम की मदद से यह विदेशी वस्तु सफलतापूर्वक हटाई गई। इस प्रक्रिया में डॉ. मनीष और डॉ. अफ़सान की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### कैसे किया निष्कासन

महिला के बाएं मुख्य श्वासनली में करीब 1.5 सेंटीमीटर का बड़ा पत्थर पाया गया, जो कारिना के पास स्थित था। प्रक्रिया को एलएमए के माध्यम से और फ्लेक्सिबल ब्रोंकोस्कोप के जरिए अंजाम दिया गया। डॉरमिया बास्केट की सहायता से पूरी विदेशी वस्तु को सुरक्षित रूप से निकाला गया।

### मरीज की स्थिति

मरीज ने प्रक्रिया को सहन किया, उसे किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, यह एक सफल और जटिल निष्कासन रहा है, जो रोगी और चिकित्सकों दोनों के लिए राहत देने वाला अनुभव रहा।

### पूर्व कुलगुरु प्रो. डेहरिया मप्र निजी विवि विनियामक आयोग के अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल।** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरू प्रो खेमसिंह डेहरिया को मप्र शासन ने मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इसके आदेश बुधवार को जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन से जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा कुलाध्यक्ष (विजिटर) के अनुमोदन अनुसार, राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश निजी विवि विनियामक आयोग में नियुक्तियां अधिसूचित की गई हैं। आदेश के अनुसार उक्त पदों पर नियुक्त वर्तमान सभापति, सदस्य तथा सचिव, इस अधिसूचना के मप्र राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से कार्यमुक्त हो जाएंगे।

## कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. उपासना की स्मृति में प्रेरणा अवॉर्ड की घोषणा

# डॉ. उपासना सक्सेना के पिता वर्ष 2025 की एमबीबीएस परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को करेंगे सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की निवासी और देश की प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ. उपासना सक्सेना की स्मृति में प्रतिवर्ष एमबीबीएस परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मप्र के कायस्थ समाज की एक छात्रा को डॉ. उपासना सक्सेना प्रेरणा अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। इस साल यह अवॉर्ड कायस्थ समाज की उस प्रतिभावान छात्रा को दिया जाएगा, जिसने वर्ष 2025 की एमबीबीएस परीक्षा में शामिल होकर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दस छात्र-छात्राओं में शामिल रही हो। साथ ही उक्त छात्रा ने मप्र के किसी भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया हो।



डॉ. उपासाना सक्सेना

यह अवॉर्ड प्रतिवर्ष कायस्थम द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। अवॉर्ड में डॉ. उपासना सक्सेना के पिता कर्नल डॉ. गिरजेश सक्सेना की ओर से सम्मान निधि 5001 रुपए का चेक, स्मृति पत्र आदि भेंट किए जाएंगे।

## देहदान करने वाले धीरज भटनागर को दिया गार्ड ऑफ

राजधानी के कटारा हिल्स निवासी धीरज भटनागर का कार्डियक अरेस्ट के कारण चार नवंबर को निधन हो गया था। इस दुखद घड़ी में भी उनकी पत्नी सुनीता, बच्चे सृष्टि एवं सार्थक ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए उनके पार्थिव शरीर को एम्स अस्पताल को सौंप कर समाज को प्रेरक संदेश दिया है। स्व. धीरज भटनागर के संकल्प को सम्मान देते हुए एम्स प्रबंधन ने उनके पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसमें एम्स के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।



एम्स में देहदान करने वाले धीरज भटनागर को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए।

भोपाल
गुरुवार, 6 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 12, अंक : 216
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**इस साल का दिखा सबसे बड़ा चांद**



### सामान्य से 14 गुना बड़ा और 30 प्रतिशत ज्यादा चमकीला

नई दिल्ली। दुनियाभर में बुधवार की रात साल का सबसे बड़ा चांद यानी सुपरमून नजर आया। यह साल का दूसरा सुपरमून है। इस दौरान चंद्रमा का आकार सामने से करीब 14 गुना बड़ा दिखा। साथ ही 30% ज्यादा चमकीला भी नजर आया। सुपरमून तब होता है, जब पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है।

## बिहार में पहला चरण 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान आज

# तेजस्वी, सम्राट, खेसारी, तेजप्रताप समेत कई दिग्गजों की किस्मत का होगा फैसला, करीब एक दर्जन मंत्री मैदान में

| | |
|---|---|
| मतदाता | 3.75 करोड़ |
| मतदान केंद्र | 45,341 |
| उम्मीदवार | 1,314 |

**ईवीएम में कैद होगा प्रत्याशियों का भविष्य**

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज गुरुवार को मतदान होगा। इस चरण में 3.75 करोड़ मतदाता 1,314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें प्रमुख मुकाबला इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और भाजपा के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे ▸▸ शेष पेज 4 पर



मतदानकर्मी चुनाव सामग्री के साथ मतदान स्थल के लिए रवाना हुए, सुरक्षाकर्मी राइफल के साथ

### मोकामा की सीट भी सबसे चर्चित

पहले चरण में बिहार सरकार के कई मंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से लगातार चौथी बार जीत की कोशिश में हैं, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के अमरेश कुमार और जन सुराज पार्टी के सूरज कुमार से है। वहीं, सम्राट चौधरी करीब एक दशक बाद तारापुर से प्रत्यक्ष चुनाव लड़ रहे हैं। आरजेडी के अरुण कुमार साह उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछली बार केवल पांच हजार वोटों के अंतर से हार झेली थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे सीवान सीट से मैदान में हैं, जहां उनका मुकाबला आरजेडी के दिग्गज अवध बिहारी चौधरी से है, जो कई बार के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। रघुनाथपुर सीट भी सुर्खियों में है, जहां दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शाहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब मैदान में हैं। एनडीए ने उनके नामांकन को जंगलराज की वापसी करार दिया है। भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने तो यहां तक कहा कि ▸▸ शेष पेज 4 पर



तेजस्वी यादव



सम्राट चौधरी



तेजप्रताप यादव



विजय कुमार सिन्हा



खेसारी लाल यादव



मैथिली ठाकुर

## खबर संक्षेप

### चरित्र शंका कर पत्नी की ब्लेड से काटी नाक



**झाबुआ।** रानापुर पाड़लवा में पत्नी के चरित्र पर शंका के चलते पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। पति ने शराब के नशे में पहले उसे डंडे से पीटा, फिर ब्लेड से पत्नी पर हमला करते हुए उसकी नाक काट दी। घटना के बाद पति ही उसे अस्पताल लेकर पहुंचा और भर्ती कराया। दोनों हाल ही में गुजरात से वापस लौटे थे। आरोपी पति राकेश और उसकी पत्नी गीता गुजरात के संतरामपुर में मजदूरी करते थे।

### बांग्लादेश कप्तान निगार करती हैं पिटाई



**ढाका।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम में एक बड़ा विवाद सामने आया है। टीम की गेंदबाज जहानारा आलम ने अपनी कप्तान निगार सुल्ताना जोती पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ मारपीट करती हैं। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इन आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताया है। जहानारा ने दिए इंटरव्यू में कई चौंकाने वाले दावे किए।

### सब्जी वाले ने जीती 11 करोड़ की लॉटरी



**जयपुर।** सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति ने पंजाब स्टेट लॉटरी दिवाली बंपर 2025 में 11 करोड़ रुपए का ईनाम जीता है। वह ठेले पर सब्जी बेचने का काम करता है। उसके पास लॉटरी का टिकट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे। वह मूल रूप से राजस्थान के कोटपुतली शहर का रहने वाला है। पिछले दिनों वह पंजाब के मोगा शहर का भ्रमण किया था। वहां उन्होंने अपने मित्र से ही 1,000 रुपए का कर्ज में लिया था।

**एसआईआर 2.0** मप्र में एक महीने तक रुके रहेंगे राजस्व के कार्य, एसआईआर ही होगा

# दो दिन में 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं होने वाले सैकड़ों मतदाता मिले

*मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने आम लोगों से अपनी जानकारी बीएलओ को देने के साथ ही सहयोग की अपील की है*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र के सभी 55 जिलों में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। इस प्रक्रिया के शुरू होने के महज दो दिन में ही जिला कलेक्टरों ने लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। भोपाल व रतलाम में दो कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया। कर्मचारियों को सख्त निर्देश है कि वे संजीदगी के साथ एसआईआर पूरी कराएं।

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने आम लोगों से अपनी जानकारी बीएलओ को देने के साथ ही सहयोग की अपील की है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2003 के बाद पहली बार मतदाता सूची का डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। वर्ष 2003 के बाद मप्र में करीब 35 से 40 फीसदी मतदाता बढ़े हैं। इसमें से ज्यादातर 21 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता हैं, जबकि बहुतायत संख्या में दूसरे राज्यों या प्रदेश के अन्य जिलों यानी एक जिले से दूसरे जिले में पहुंचे हैं, अब ऐसे मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची के रिकॉर्ड देने होंगे। बीएलओ को ऐसे सैंकड़ों मतदाता मिले, जिनके पास 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं है। उनके पास कोई रिकॉर्ड भी मौजूद नहीं है। ऐसे मतदाताओं से कहा गया है कि वे निर्धारित ▸▸ शेष पेज 4 पर

**लापरवाही बरतने पर भोपाल व रतलाम में दो कर्मचारी निलंबित**



झाबुआ में बीएलओ एक सेंटर पर एसआईआर की प्रक्रिया में जुटे दिखे

**2003 के बाद पहली बार मतदाता सूची का डोर-टू-डोर सर्वे**

**2003 के बाद मप्र में करीब 35 से 40 फीसदी मतदाता बढ़े**

### बीएलओ को ईपिक नंबर देना होगा

जिन लोगों के नाम 2003 की लिस्ट में नहीं हैं, और वर्तमान लिस्ट में हैं, उन्हें बताना होगा कि परिवार में किसका नाम 2003 की लिस्ट में था। यदि प्रदेश या देश के किसी जिले में उनका या परिवार का नाम है तो बीएलओ को ईपिक नंबर देना होगा। इसके वेरीफिकेशन के बाद ही मतदाता सूची में नाम जोड़े जाएंगे। इससे पहले बीएलओ फॉर्म में दी गई जानकारी के आधार पर इसका वेरीफिकेशन करेंगे। दरअसल, बीएलओ मतदाताओं को एक गणना पत्रक ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दुबे व राणावत निलंबित किए गए

एसआईआर में लापरवाही बरतने पर पहली कार्रवाई राजधानी भोपाल में ही की गई है। गोविंदपुरा विधानसभा के बूथ क्रमांक-150 के बीएलओ प्रशांत दुबे को निलंबित किया गया। इसी तरह रतलाम में पहले ही दिन लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह ने सैलाना विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक-54 के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) लोकेंद्र सिंह राणावत को निलंबित कर दिया। कुछ अन्य जिलों में भी लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मप्र के संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी आरपीएस जादौन ने बताया कि बिना ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अकेले भोपाल में 2029 बीएलओ और 250 सुपरवाइजर तैनात

मतदाताओं के विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में कुल 2029 बीएलओ और 250 सुपरवाइजर को जिम्मा सौंपा गया है। प्रत्येक बीएलओ को किसी घर में 3 बार जाना होगा। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं को दो प्रति में 'गणना पत्रक देंगे। यह एक मतदाता के पास रहेगी और दूसरी बीएलओ के पास। इस कार्य में एसडीएम व तहसीलदारों को भी लगाया गया है। जबकि समूचे मप्र में एसआईआर कार्य में करीब डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारियो-अधिकारियों को तैनात किया गया है। सीईओ संजीव कुमार झा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में मतदाताओं से अपील की है। झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएं, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग करें।

▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

**खंडवा में** प्यार के लिए बदला धर्म!

# रुखसार ने वंशिका बन रचाई शादी, हिंदू युवक के साथ लिए 'सात फेरे'

**बोली- सनातन धर्म का करती हूं सम्मान, बचपन से बिंदी लगाती हूं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खंडवा

धार जिले के रहने वाली युवती रुखसार ने अपने प्रेमी विशाल को पाने के लिए न सिर्फ धर्म की सीमाएं लांघी बल्कि धर्म परिवर्तन भी करवाकर वंशिका बन गई। धार की रहने वाली रुखसार का 27 नवंबर को निकाह होने वाला था। लेकिन अपने प्यार के लिए रुखसार ने जीवन का एक अहम और बड़ा फैसला ले लिया। रुखसार ▸▸ शेष पेज 4 पर



नवदंपती को विशेष आशीर्वाद

### मंदिर कमेटी ने भेंट की रामायण

महादेवगढ़ मंदिर कमेटी की ओर से नवदंपती को विशेष आशीर्वाद दिया। स्थानीय लोगों ने कन्यादान किया और मंदिर कमेटी की तरफ से दूल्हा-दुल्हन को रामायण ग्रंथ भेंट की ▸▸ शेष पेज 4 पर

**मिर्जापुर:** चुनार स्टेशन पर बड़ा हादसा

# भीड़ के चलते दूसरी तरफ ट्रैक पर उतरीं 6 महिलाएं ट्रेन से कटीं

**शव के टुकड़े 50 मीटर तक बिखरे, गंगा स्नान करने जा रही थीं**

एजेंसी ▸▸ मिर्जापुर



घटना का जायजा लेती पुलिस

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार को कालका एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर 6 महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दो सगी बहनें हैं। हादसा सुबह 9:30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन पर हुआ। चोपन से पैसेंजर ट्रेन चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर- 3 पर पहुंची थी। भीड़ अधिक होने की वजह से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म पर न उतरकर दूसरी तरफ ट्रैक पर उतर गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर कालका एक्सप्रेस आ रही थी। अचानक ट्रेन आते ही यात्री घबरा गए। पुरुष ▸▸ शेष पेज 4 पर

**इंदौर में रनवे पर रोकी फ्लाइट**

# फायर इंडिकेशन अलार्म...4 घंटे विमान में ही बैठे रहे यात्री

**एयर इंडिया का सर्वर डाउन, फ्लाइट लेट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर




फाइल फोटो

इंदौर से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2750 बुधवार शाम टेकऑफ से ठीक पहले रनवे पर रोक दी गई। पायलट को अचानक फायर इंडिकेशन अलार्म मिला, जिसके बाद एटीसी ने विमान को वहीं रोकने के निर्देश दिए। फ्लाइट को शाम 7:30 बजे उड़ान भरना थी, इसके लिए यात्री 7 बजे से ही विमान के अंदर बैठे थे। यात्रियों का कहना है कि वे लगातार एअर इंडिया से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। एक यात्री के परिवार ने शिकायत ▸▸ शेष पेज 4 पर

**'तानसेन समारोह' 14 से 19 दिसंबर तक ग्वालियर में**

# लय, सुर व ताल की सभाएं सजने की बेला

**ग्वालियर में 101वें तानसेन समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

संगीतधानी ग्वालियर के आंगन में देश और दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित संगीत महोत्सव 'तानसेन समारोह' के तहत लय, सुर व ताल की सभाएं सजने की बेला आ गई है।

तानसेन समारोह का 101वां आयोजन पूरी गरिमा व भव्यता के साथ आयोजित करने के उद्देश्य से मंगलवार को संभाग आयुक्त मनोज खत्री ▸▸ शेष पेज 4 पर



संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में स्थानीय समिति की बैठक

### पं. हरिहरण एवं शंकर महादेवन के नामों का दिया सुझाव

भारतीय संगीत की अनादि परंपरा के श्रेष्ठ कला मनीषी संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि व स्वरांजलि स्वरुप 'तानसेन समारोह' में 14 दिसंबर को इंटक मैदान में 'गमक' के अंतर्गत सदस्यों ने उप शास्त्रीय संगीत के ख्यातिनाम कलाकारों के नाम सुझाव स्वरूप बताए। दुनियाभर में विख्यात मूर्धन्य गायक पं. हरिहरण एवं शंकर महादेवन सहित अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों के नाम समिति के सदस्यों ने सुझाए हैं।

**डिंडोरी में** सड़क हादसा

# ट्रॉले में पीछे से जा घुसे बाइक सवार, 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डिंडौरी




दुर्घटना के बाद खड़ा ट्राला

■ हादसे के बाद ट्रॉला चालक फरार

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर कोहानी देवरी के पास एक बाइक आगे चल रहे ट्रॉले में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 14 ▸▸ शेष पेज 4 पर

**हवाएं उत्तरी होंगी और सर्दी में तेजी से बढ़त होगी**

**नरसिंहपुर में** बारिश के बाद पारा 5.4 डिग्री गिरा

# आज से बढ़ेगी सर्दी, बारिश होगी पारा 4 से 6 डिग्री तक गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित पश्चिमी मप्र के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार से सर्दी में इजाफा होगा। पूर्वी मप्र में अभी कुछ जगह बारिश होगी। पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान से आगे बढ़कर पंजाब और हरियाणा तक पहुंचा है, जिससे मौसम में फिर बदलाव होगा। बुधवार को पश्चिमी मप्र में रात के पारे में औसतन दो डिग्री तक कमी आई है।

दो दिन में इसमें 4 से 5 डिग्री तक और कमी आने की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी की ओर से नमी आने से अभी कुछ ▸▸ शेष पेज 4 पर



राजधानी का वीआईपी रोड, शाम 5 :45 बजे का दृश्य

### यहां होने लगी पारे में गिरावट

बुधवार को पश्चिमी मप्र के सभी जिलों में रात का पारा गिरा। पूर्वी मप्र के नरसिंहपुर में बारिश के बाद पारा 5.4 डिग्री गिरा। उज्जैन में 3.5, बैतूल, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, रतलाम आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक कमी आई। पांच जिलों में रात ▸▸ शेष पेज 4 पर

**ममदानी ने** अपनी ऐतिहासिक जीत को 'राजनीतिक वंश' का अंत बताया

*किसी तानाशाह को डराने का सबसे अच्छा तरीका है, उन हालातों को खत्म करना जिन्होंने उसे सत्ता दी, यही तरीका है ट्रंप को रोकने का*

# न्यूयॉर्क मेयर का चुनाव जीतने के बाद ममदानी ने किया पंडित नेहरू का जिक्र, आव्रजन पर ट्रंप को चुनौती दी

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

अमेरिका के सबसे अहम मेट्रो शहरों में से एक न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के जोहरान ममदानी ने मेयर पद का चुनाव जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने बुधवार को ही जनता को संबोधित किया।

इस दौरान ममदानी ने न सिर्फ भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत की आजादी के बाद उनके पहले भाषण- ट्रस्ट विद डेस्टिनी का जिक्र किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आव्रजन के मुद्दे पर चुनौती भी दी। ममदानी ने अपनी ऐतिहासिक जीत को राजनीतिक वंश का अंत बताया और ▸▸ शेष पेज 4 पर

**वे इंडियन अमेरिकन फिल्म मेकर मीरा नायर के बेटे**



ममदानी मेयर पद का चुनाव जीतने के बाद संबोधित करते हुए

**अमेरिका के सबसे बड़े शहर के मेयर बनने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम**

**जोहरान का जन्म युगांडा के कंपाला में हुआ**

मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

### हम अब दूसरों को खेल के नियम तय नहीं करने देंगे

ममदानी ने ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा कि न्यूयॉर्क प्रवासी समुदाय की मेहनत से बनाया गया, उन्हीं से संचालित और अब एक प्रवासी के नेतृत्व में चलने वाला शहर रहेगा। हममें से किसी तक पहुंचना है तो आपको हम सबके बीच से होकर गुजरना होगा। हम अब दूसरों को खेल के नियम तय नहीं करने देंगे। वे भी उन्हीं नियमों पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

## रैंडम आधार पर सड़क, पुल, भवन का चयन किया

# सात जिलों में 35 निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण, पीडब्ल्यूडी में छह अधिकारियों पर हुई कार्रवाई, 2 ठेकेदारों को भी किया ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में निर्माण कार्यों के गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से प्रदेश भर में निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू की गई है। इसी क्रम में 4 नवंबर को मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने हरदा, जबलपुर, श्योपुर, खरगोन, सिंगरौली, नीमच एवं सागर जिलों में औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कुल 35 निर्माण कार्यों का रैंडम आधार पर चयन कर निरीक्षण किया गया, जिनमें से 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क, पुल) के, 4 कार्य परियोजना क्रियान्वयन इकाई (भवन) के, 7 कार्य मप्र सड़क विकास निगम के तथा 3 कार्य मप्र भवन विकास निगम शामिल है।

### हरदा, जबलपुर, श्योपुर, खरगोन, सिंगरौली, नीमच एवं सागर जिले में पहुंचा दल


फाइल फोटो

### कार्य संतोषजनक नहीं होने के कारण नोटिस किया जारी

निरीक्षण के दौरान श्योपुर जिले में लोक निर्माण विभाग (सड़क-पुल) के पिपरवास से वामनवास तक सुदृढ़ीकरण मार्ग का कार्य प्रगतिरत पाया गया, किन्तु कार्य संतोषजनक नहीं होने के कारण संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने तथा ठेकेदार मे. मुन्ना लाल राठौर को कालीसूची में डालने के लिए निर्देश दिए गए। इसी प्रकार श्योपुर जिले में ही दादूनी से चिमलका तक के मार्ग (पीजी के तहत) का कार्य भी संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके चलते संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री की दो वेतनवृद्धियां रोकने, ठेकेदार मे. जेके ट्रेडर्स (प्रोप्रायटर देवेन्द्र कुमार गर्ग) को कालीसूची में डालने, परफॉर्मेंस गारंटी जब्त करने तथा हर्जे-खर्चे पर मार्ग का सुधार कार्य कराने के लए निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 23 अन्य कार्यों में आंशिक सुधार के निर्देश दिए गए।

### बैठक में अधिकारियों को निर्देश, निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए

निरीक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, भवन शाखा के प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, मुख्य अभियंता पीसी वर्मा, मुख्य अभियंता बीपी बौरासी, मुख्य अभियंता बीएस मीणा तथा मप्र भवन विकास निगम के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षण दल के अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंगरौली जिले की सराहना

समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंगरौली जिले के पुरैल छन्दा से देवरा रेलवे स्टेशन तक 4.62 किलोमीटर लंबे बीटी नवीनीकरण मार्ग (पीजी अंतर्गत) की सराहना की गई। इस मार्ग की स्थिति अत्यंत अच्छी पाई गई, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री एसबी सिंह करचुली, अनुविभागीय अधिकारी अरुण शुक्ला, उपयंत्री संजय श्रीवास्तव तथा ठेकेदार मेसर्स श्याम मुरारी की प्रशंसा की गई।

### लोक प्रबंधन परियोजना प्रणाली का प्रस्तुतिकरण

*आगामी समीक्षा बैठक में लोक प्रबंधन परियोजना प्रणाली का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, जिसके लिए सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे उक्त प्रणाली का सक्रिय उपयोग करें। लोकपथ एप में प्राप्त शिकायतों का निराकरण 4 दिवस की समय सीमा में किया जाए। कार्यों के आगामी औचक निरीक्षण में लोक कल्याण सरोवर का भी निरीक्षण किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्षाकाल समाप्त हो चुका है और वर्किंग सीजन प्रारंभ हो गया है, अब विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति वित्तीय वर्ष के भीतर सुनिश्चित की जाए।*

### ब्लैकस्पॉट के रेक्टिफिकेशन कार्य समय पर पूर्ण करें

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हों, जिससे रैंकिंग में और सुधार हो सके। भास्कराचार्य संस्थान के समन्वय से लोक निर्माण विभाग के लिए कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आगामी सप्ताह में आयोजित की जाएगी। सड़क मरम्मत के साथ यातायात सुरक्षा, जंगल सफाई, रोड मार्किंग, पेंटिंग तथा ब्लैकस्पॉट के रेक्टिफिकेशन कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### ई-अटेंडेंस को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका ली वापस

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ई-अटेंडेंस को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत याचिका याचिकाकर्ता ने वापस ले ली है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के इस नीतिगत फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस कारण नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस ले ली। बताया जा है कि जनहित याचिका गेस्ट टीचर कोऑर्डिनेशन कमेटी, अशोक नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की ओर से दायर की थी। इसमें 20 जून 2025 को जारी आदेश को चुनौती दी गई थी।

### एमपी-सीजी सीमा पर पहुंचा हाथी, वन विभाग कर रहा निगरानी

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ सीमा से लगे मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक हाथी के प्रवेश की संभावना बनी है। यह एक दांत वाला नर हाथी बुधवार सुबह जैतहरी तहसील के चोलना गांव से सटे छत्तीसगढ़ के मारवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट जंगल में देखा गया। वन विभाग ने इसके देर रात अनूपपुर जिले में प्रवेश करने की आशंका जताई है। हाथी के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को देर शाम और रात के समय सतर्क रहने की अपील की गई है। वन विभाग इस हाथी की लगातार निगरानी कर रहा है।

## उपजिला निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने बताई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर अनगिनत मैदानी समस्याएं

# जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं, पिता का नाम नदारद, उस वोटर का गणना पत्रक को लेकर समझ नहीं पाए बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार से शुरु हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर जिले की सात विधानसभाओं में 2029 बीएलओ को गणना फार्म देकर फील्ड में उतारा गया है। पहले दिन जब बीएलओ को मतदाताओं को गणना पत्रक देने पहुंचे, तो अधिकतर मतदाताओं ने मौके पर ही गणना पत्रक को भर दिया। कुछ मतदाताओं ने जानकारी जुटाने की बात कहकर बीएलओ को बाद में गणना पत्रक जमा करने की बात कही।

बीएलओ ने जब गणना पत्रक को बीएलओ एप पर अपलोड करना चाहा, तो चाचा और ताऊ का नाम मैच नहीं हुआ। इधर जिन लोगों का नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, पिता का नाम भी नहीं है, उस वोटर के गणना पत्रक को लेकर भी बीएलओ समझ नहीं पाए। मंगलवार को बीएलओ की अलग-अलग समस्याओं को देखते हुए उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने नरेला सहित अन्य विस के बीएलओ को बुलाकर जानकारी दी। एक बीएलओ ने बताया कि वोटर ने चाचा की जानकारी दर्ज की है, लेकिन बीएलओ एप पर ब्लड रिलेशन में दादा और पिता का विकल्प है। चाचा का विकल्प नहीं आ रहा। जिस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग को जानकारी दे दी गई है।

**1** चाचा, ताऊ का नाम बीएलओ पोर्टल पर नहीं कर रहा मैच

**2** एसआईआर में फील्ड पर उतरे बीएलओ को आ रही दिक्कत


निर्वाचन अधिकारी को बीएलओ ने मैदानी समस्याओं से अवगत कराया।

### बुजुर्ग का वर्ष 1995 में जुड़ा नाम, 2003 की मतदाता सूची से गायब

मध्य क्षेत्र में एक बुजुर्ग को जब गणना फार्म दिया गया तो उन्होंने वर्ष-1995 की जानकारी गणना फार्म में दर्ज कर दी। जबकि वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में उनका नाम ही दर्ज नहीं था। ऐसे में बीएलओ ने बताया कि सिर्फ वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। पहले दर्ज नाम से कोई लेना देना नहीं है।

### नरेला में फार्म में भर दिए दोनों कॉलम

नरेला स्थित करोंद क्षेत्र के बीएलओ ने बताया कि एक मतदाता ने वर्ष-2003 में दर्ज खुद की जानकारी के साथ पिता की जानकारी भी भर दी है। अब क्या किया जाए। जिस पर गुप्ता ने बताया कि मतदाता के खुद के नाम दर्ज होने के आधार पर उसकी जानकारी बीएलओ एप में अपलोड की जाए।

### एसआईआर को लेकर मतदाताओं के सवालों से बीएलओ परेशान, कई जवाब नहीं दे सके

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 68 लाख मतदाताओं के नाम काटने के बाद प्रदेश में एसआईआर को लेकर वोटर्स में तरह-तरह की जिज्ञासाएं हैं। जिसको लेकर एसआईआर के पहले दिन जब बीएलओ फील्ड में गणना पत्रक लेकर उतरे तो मतदाताओं ने उनसे सवालों की झड़ी लगा दी। जिनमें से कई सवालों के जवाब बीएलओ भी नहीं दे सके। पहले दिन कम बीएलओ ही मैदान में उतरे थे, लेकिन दूसरे दिन गणना पत्रक बांटने काम ने जोर पकड़ लिया है। हालांकि अब तक कई इलाकों के मतदातओं के गणना पत्रक प्रिंट होकर नहीं आए हैं। ऐसे में वहां के बीएलओ ने चुनिंदा इलाकों में गणना पत्रक बांटने शुरू किया है। नरेला के पोलिंग बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो से वोटर रिजवान ने पूछा कि जिनका नाम 2003 की सूची में है या उनके पिता, चाचा, दादा या फिर ताऊ का दर्ज है, तो उन्हें दोनों कॉलम में जानकारी दर्ज करना पड़ेगी। बीएलओ ने बताया कि सिर्फ खुद की जानकारी को दर्ज किया जाए। पिता की जानकारी दर्ज करने की जरूरत नहीं है। वहीं दो दिन दो लाख अस्सी हजार गणना पत्रक बांटे गए हैं।


शहाजहांनाबाद में गणना पत्रक देते बीएलओ

### वार्ड दफ्तरों में दूसरे दिन भी नहीं शुरू की हेल्प डेस्क

*मंगलवार को अपर आयुक्त वरुण अवस्थी ने नगर निगम के वार्ड दफ्तरों में हेल्प डेस्क बनाने और उनके लगाए गए कर्मचारियों की लिस्ट जारी की थी। आदेश के बाद बुधवार को निगम के दफ्तरों में छुट्टी होने की वजह से हेल्प डेस्क नहीं खोली गई। अब अफसर गुरुवार से हेल्प डेस्क के सक्रिय होने की बात कह रहे हैं।*

### बीएलओ को मिलेंगे दस फीसद कोरे गणना पत्रक

उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि सभी बीएलओ को हिदायत दी गई है कि वह मतदाता की सहायता करते हुए सामने ही गणना पत्रक को भरवा लें। अगर मतदाता बाद में देने की बात कहता है और गणना पत्रक गुम या क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो उसके लिए सभी बीएलओ को अपने वोटर्स की संख्या के हिसाब से दस प्रतिशत कोरे गणना पत्रक दिए जाएंगे। आयोग को इस संबंध में जानकारी दे दी गई है।

## कांग्रेस का पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविरः आदिवासी इलाकों का किया दौरा

# जिला अध्यक्ष व विधायकों ने गांवों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

### गांवों में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा


प्रशिक्षण शिविर में विधायक व जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पचमढ़ी में चल रहे जिला कांग्रेस अध्यक्षों के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायकों ने पिपरिया में गांवों का दौरा किया।

दल ने ग्रामीणों से पूछा कि क्या शासन की योजनाएं वास्तव में लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं या नहीं। उन्होंने पंचायत व्यवस्था, ग्रामीण विकास कार्यों, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, पीने के पानी की स्थिति तथा आजीविका संबंधी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ सीमित स्तर तक ही पहुंच पा रहा है, वहीं कुछ गांवों में मूलभूत सुविधाओं की गंभीर कमी देखी गई। इस पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी हर स्तर पर ग्रामीणों की आवाज को सशक्त रूप से उठाएगी और इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार पर दबाव बनाएगी।

### संगठन सृजन के बाद जिलों में प्रशिक्षण प्रभारियों की नियुक्ति

*भोपाल। पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक आयोजित जिला अध्यक्षों का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के बाद अब प्रदेश के सभी जिलों में एसआईआर व राजनीतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जिला प्रशिक्षण प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। ये अपने जिलों में आगामी प्रशिक्षण सत्रों, मतदाता सूची कार्यों एवं बूथ स्तर के संगठन सृजन से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पचमढ़ी का यह प्रशिक्षण अभियान कांग्रेस के संगठनात्मक पुनरुत्थान की रीढ़ बनेगा। हमारा उद्देश्य है कि हर कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो, हर बूथ सशक्त हो और कांग्रेस की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचे।*

## संघ शाखा से निकलते हैं संस्कारवान बालक

# बाल स्वयंसेवकों का निकला अनुशासित पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महावीर नगर ने शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को 57 बाल स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन निकाला। संचलन मन्निपुरम कॉलोनी मैदान से शुरू होकर लिंक रोड, बिट्टन मार्केट और रविशंकर नगर होते हुए पुनः मन्निपुरम मैदान में समाप्त हुआ। सभा में अभिलेखागार प्रांत टोली के सदस्य सतीश पिंपलीकर ने कहा कि संघ शाखा से जुड़े बालक समाज में सेवा, सदाचार और अच्छे संस्कार का प्रतीक बनते हैं। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार कौरव ने किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, भाजपा प्रदेश झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय, मन्निपुरम कॉलोनी अध्यक्ष आशीष यादव, महावीर नगर संघचालक सुधीर जैन, नगर कार्यवाह मथुरा प्रसाद, राजेश दांगी, प्रशांत पांडेय, देवराज त्रिपाठी, जितेन्द्र तिवारी, हेमंत सेन, कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को ग्रहण कराया पदभार

# जनजातीय विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर कार्य करें कार्यकर्ताः हेमंत


भाजपा प्रदेश कार्यालय में खंडेलवाल और नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल एवं अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।

इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के साथ पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया। पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेशभर से आए जनजातीय समाजजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश की सभी जनजातीय विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जनजातीय समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने आजादी के 50 सालों तक सत्ता में रहने के बाद जनजातीयों की झोपड़ी तक नहीं बदल सकी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली और आज जनजातीयों को पक्के मकान बनाकर मुहैया करा रही है। सभी पदाधिकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां ढोल और मांदल की थाप से उनकी आगवानी की गई। जनजातीय कलाकारों द्वारा मोहक लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई तथा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी से उनका स्वागत किया।

### 'मेरा जनजातीय समाज से पारिवारिक संबंध'

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मैं आदिवासी बहुल बैतूल जिले का रहने वाला हूं। मेरा और मेरे परिवार का जनजातीय समाज के साथ पारिवारिक संबंध हैं। मैं बचपन से आज तक जनजातीय समाज की सेवा में लगा हुआ हूं और इसी समाज के सहयोग से मैं जनता की सेवा कर पा रहा हूं। आप सभी कार्यकर्ता जनजातीय समाज को भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताएं और पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करें। आप सभी को मध्यप्रदेश के आदिवासी समाज के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर पार्टी की जीत का लक्ष्य लेकर कार्य करना है।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

# राज्यपाल रहते हुए अर्जुन सिंह ने पंजाब से आतंकवाद को खत्म किया: चौधरी


व्यापमं चौराहे पर स्व. अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि देते हरीश चौधरी, अजय सिंह, पीसी शर्मा आदि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह को उनकी जयंती पर आदरपूर्वक याद किया गया। प्रदेश के प्रमुख कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इसके बाद शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अर्जुन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में उनके बड़े बेटे अभिमन्यु सिंह और छोटे बेटे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने उपस्थित रहकर अपने पिता का स्मरण किया।

- सिंह का किया गया स्मरण
- व्यापमं चौराहे पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की


पीसीसी में पुष्पांजलि अर्पित करते अजय सिंह

### अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि अर्जुन सिंह व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे। ऐसी विचारधारा, जिसने सामाजिक न्याय, गरीब और समग्र विकास तथा संस्कृति के संदर्भ में अपना भरपूर योगदान इस देश को दिया, जिसे आज भी याद किया जाता है। मैं जब पंजाब का कांग्रेस प्रभारी था तो मैंने देखा कि जन जन उनको याद करता है, क्योंकि वहां के राज्यपाल रहते हुए उन्होंने बिना सेना की मदद लिए पंजाब से आतंकवाद को समाप्त किया। इसका श्रेय अर्जुन सिंह को ही जाता है। यह दुनिया में अपने आप में इकलौता उदाहरण है।

### अर्जुन सिंह को समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा

*चौधरी ने कहा कि जिस तरह न्यूयॉर्क में निर्वाचित मेयर ने अपने भाषण में नेहरू जी को याद किया ठीक उसी तरह अर्जुन सिंह को भी उनके समग्र योगदान के लिए याद किया जाता रहेगा। नेहरू के बाद इस तरह का व्यक्तित्व अर्जुन सिंह में दिखता है। उनकी जयंती पर हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि अर्जुन सिंह की विचारधारा का अनुसरण करते हुए हम सभी मिलकर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। कार्यकताओं को यह प्रण लेना है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे, आज हमारी पीढ़ी का यह कर्तव्य बनता है, जिस विचारधारा को अर्जुन सिंह ने अपनाया उसे हम कैसे अमर करें।*




# मेट्रो ब्लू लाइनः पिलर के लिए लोहे के जाल बिछना शुरू, जेके तिराहे से आईटीआई तक डेढ़ मीटर चौड़ा हो रहा रोड

## यातायात के अधिक दबाव को देखते हुए रोड के दोनों तरफ बढ़ाई जा रही चौड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स अस्पताल से सुभाष नगर तक मेट्रो रूट पर काम लगभग पूरा होने के बाद अब ब्लू लाइन पर निर्माण कार्य तेज हो गया है। भेल क्षेत्र के जेके रोड पर पिलर के लिए लोहे के जाल बिछना शुरू हो गए हैं। रोड पर यातायात बाधित न हो, इसके लिए जेके तिराहे से आईटीआई तिराहे तक दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। गोविंदपुरा आईटीआई और जेके रोड पर पिलर टेस्टिंग पूरी होने के बाद काम शुरू करने के पूर्व तैयारियां तेज हो गई हैं। जबकि जेके तिराहे से पिपलानी तक मेट्रो लाइन के काम को देखते हुए कॉरिडोर को कवर्ड किया गया है।

जेके तिराहे से आईटीआई तक रोड चौड़ीकरण के काम में लगे कर्मचारियों ने बताया कि मेट्रो के लिए पिलर बनाने का काम शुरू होना है। इस रोड पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। यातायात सुचारू रूप से चले, इसके लिए रोड के दोनों तरफ चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। अगले चरण में आईटीआई तिराहे से गोविंदपुरा तक यह काम किया जाएगा। चरणबद्ध रूप से यह काम होगा।

*14.16 किमी एलिवेटेड लाइन पर सिविल कार्य हुए तेज*

*जेके तिराहे से पिपलानी तक कॉरिडोर को किया कवर्ड*

### दो चरण में की गई मिट्टी की टेस्टिंग



जेके तिराहे से पिपलानी तक मेट्रो के लिए तैयार किए जा रहे पिलर।

ब्लू लाइन के लिए मिट्टी की टेस्टिंग दो चरणों में की गई है। पहले उन स्थानों पर जहां पिलर लगाए जाएंगे और दूसरा मेट्रो स्टेशनों के नीचे। रायसेन रोड स्थित आईटीआई और जेके रोड पर पिलर की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है, इसलिए यहां निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गए हैं।



पूरी रोड को कवर किया गया है, ताकि धूल बाहर न जाए।

### भदभदा से रत्नागिरी तक 14 एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे

भदभदा से रत्नागिरी तक एलिवेटेड लाइन होगी, जो जमीन के ऊपर खंभों के सहारे बनाई जाएगी। जिसमें 14 एलिवेटेड स्टेशन भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, जवाहर चौक, रोशनपुरा चौराहा, कुशाभाऊ ठाकरे हाल, परेड ग्राउंड, पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, गोविंदपुरा इंडिस्ट्रयल एरिया, जेके रोड, इंद्रपुरी, पिपलानी, रत्नागिरी तिराहा होंगे।

## आज से 'पिलियन राइडर' को भी हेलमेट पहनना जरूरी, वरना कटेगा ट्रैफिक चालान

# टू व्हीलर पर अब पीछे बैठना है तो लगाना होगा 'हेलमेट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरूवार से आप घर से बाइक या स्कूटर से कहीं जा रहे तो 'हेलमेट' जरूर पहनकर जाएं, हां एक ओर जरूरी बात, अगर आपके साथ दोस्त, बहन, भाई, माता-पिता या पत्नी है तो उनको भी 'हेलमेट' पहनाकर ही वाहन पर बैठाएं, अगर आपके ऐसा नहीं किया तो आपका ट्रैफिक चालन कटना तय है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (पीटीआरआई) ने हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ छह नवंबर से सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए हैं।

गुरूवार से वाहन चलाने वाले और पीछे बैठे (पिलियन राइडर) को भी 'हेलमेट' पहनना होगा। महिला, पुरुष और नाबालिग चालक को लेकर अलग से निर्देश नहीं हैं। इसलिए ट्रैफिक पुलिस चार साल से ज्यादा उम्र के हर वाहन चालक और उसके पीछे बैठने वाले राइडर के खिलाफ सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है।

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद पीटीआरआई ने दिए निर्देश

चार साल से ज्यादा के हर वाहन चालक के खिलाफ होगी सख्ती

### राजधानी समेत पूरे प्रदेश में 15 दिन चलेगा विशेष अभियान



हबीबगंज स्थित गणेश मंदिर के सामने वाहन चालक को समझाइश देता ट्रैफिककर्मी।

*हेलमेट की अनिवार्यता पहले से है, लेकिन मध्य प्रदेश में सड़क हादसों में होने वाली मौत का ग्राफ कम करने के लिए छह नवंबर राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में 15 दिन का विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।*

### बिना हेलमेट छोड़ा तो पुलिसकर्मी होगी जवाबदारी

*एडीजी पीटीआरआई मोहम्मद शाहिद अबसार की ओर से जारी निर्देश के तहत यदि चेकिंग पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मी ने किसी बिना हेलमेट पहने व्यक्ति को यूं ही जाने दिया तो उसकी जवाबदारी पुलिसकर्मी की होगी। 23 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच पुलिस ने लोगों को हेलमेट समेत ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जरूरत समझाया। इसके बाद छह नवंबर से सख्ती शुरू करेगी।*

### ओला, उबर, रैपिडो के चालक भी हो जाएं सतर्क

हेलमेट अभियान के दौरान ओला, उबर, रैपिडो के वाहन चालकों और इन पर सवार होने वाले यात्रियों के भी हेलमेट चेक किए जाएंगे। यदि पुलिस की कार्रवाई से बचना है तो इन कंपनियों से राइड लेने के दौरान अपना हेलमेट लेकर बतौर पिलियन राइडर सवार होना होगा।

### वाहन चैकिंग को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने की है ये तैयारी

- चैकिंग पॉइंट पर पर्याप्त संख्या में स्टॉपर रखे जाएं।
- चैकिंग करने वाली ट्रैफिक पुलिस बॉडी वॉर्न और वेब कैमरा के साथ मौजूद रहे, ताकि की जा रही कार्रवाई की रिकॉर्डिंग कर सकें।
- पूरी कार्रवाई पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी।
- नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की जानकारी परिवहन विभाग को भेजेंगे, ताकि धारा 194-डी के तहत उनके लाइसेंस अमान्य किए जा सकें।
- चैकिंग के दौरान यदि बिना हेलमेट के वाहन चालक को बिना कार्रवाई किए छोड़ा तो उक्त पुलिसकर्मी जिम्मेदार होगा।
- हर दिन की कार्रवाई का ब्योरा पीटीआरआई को भेजा जाए।

### नियम तोड़ने पर लगाया जाएगा जुर्माना

गुरुवार से ट्रैफिक पुलिस दोपहिया वाहन चलाते समय बिना हेलमेट पहनने वालों की कड़ी जांच करेगी। नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार गलती करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। पीछे बैठने वाले यात्री की भी जांच की जाएगी, उनके लिए भी हेलमेट पहनना जरूरी है। ट्रैफिक पुलिस स्कूलों, कॉलेजों, मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चला रही है।

**बसंत कौल, एडिशनल डीसीपी (ट्रैफिक)**

### नर्मदापुरम रोड
### हेलमेट वालों का स्वागत बाकी को समझाइश



आरएलएल तिराहे पर समझाते हुए ट्रैफिककर्मी।

नर्मदापुरम सड़क पर वीर सावरकर सेतु, बागसेवनिया तिराहा और सागर अस्पताल के पास ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग पाइंट लगाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने चालकों पर कार्रवाई की। साथ ही ऐसे चालक जो हेलमेट लगाए हुए थे और पिलियन पैसेंजर ने हेलमेट नहीं लगाया था उन्हें समझाइश दी। ट्रैफिक सूबेदार महेश जगदेव ने बताया कि बुधवार को ट्रैफिक जवानों के साथ उन्होंने चेकिंग पाइंट लगाकर ऐसे बाइक सवार जो हेलमेट लगाकर बाइक चला रहे थे, उनका स्वागत किया। करीब 750 से अधिक वाहन चालकों का स्वागत किया। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रैफिक पुलिस से सवाल जवाब भी किए, जिन्हें हेलमेट की सुरक्षा के बारे में बताया गया।

## कार्रवाई से एक दिन पहले बनाए 25 चालान, कई वाहन चालकों को समझाइश देकर छोड़ा

राजधानी में ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट जांच अभियान चलाया। इस दौरान सबसे ज्यादा फोकस टू-व्हीलर चालकों पर रहा। पिपलानी चौराहे पर चेकिंग के दौरान एएसआई रामसहाय तिवारी ने बताया कि आज करीब 20 से 25 चालान काटे गए हैं, जबकि कई लोगों को समझाइश देकर छोड़ दिया गया है। लेकिन आगे से बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एएसआई तिवारी ने बताया कि अब से दोनों सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। जो बाइक चला रहा है उसे भी और जो पीछे बैठा है उसे भी हेलमेट लगाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार नियम तोड़ने पर वाहन जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।





रत्नागिरी चौराहे पर वाहन चालको को समझाते ट्रैफिक के जवान।

### गणेश मंदिर के पास दी समझाइश

हबीबगंज गणेश मंदिर के पास चल रही जांच के दौरान सब-इंस्पेक्टर वीर सिंह भदौरिया ने बताया कि दोपहर 12 बजे से चेकिंग अभियान चलाया गया। कई लोगों को केवल समझाइश देकर छोड़ा गया है, आगे किसी को रियायत नहीं दी जाएगी। चालान के दौरान नागरिकों से अपील की है कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाने की आदत डालें।

### कुछ दूर से ही लौटे वापस...

## जेके रोड तिराहे पर हेलमेट नहीं पहनने वालों के बनाए चालान

राजधानी के भेल क्षेत्र स्थित जेके रोड़ तिराहे पर दोपहर के करीब 1 बजे यातायात पुलिस की टीम तैनात थी। इस दौरान रास्ते से गुजरने वाले दो पहिया वाहनों को रोका जा रहा था। वाहन चालक और पीछे बैठे व्यक्ति को यातायात नियमों और सभी के लिए हेलमेट की अनिवार्यता की समझाइश दी जा रही थी। इसके अलावा हेलमेट नहीं पहनने वाले कुछ चालकों पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही भी की गई। हालांकि कुछ वाहन चालक दूर से ही पुलिस चेकिंग को देखकर वापस भी लौटते नजर आए।



जेके रोड पर पिलियन राइडर को लेकर सलाह देते ट्रैफिककर्मी।

### नियमानुसार कार्रवाई होगी



दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों और सभी के लिए हेलमेट की अनिवार्यता की समझाइश दी गई है। नियमों को पालन नहीं करने वाले को नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**दिनेश शर्मा, एसआई**

### जल्द शुरू होगा लंग्स ट्रांसप्लांट

## सेंट्रल इंडिया का पहला अस्पताल होगा एम्स, जहां मेजर ट्रांसप्लांट की सुविधा



एम्स का फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फेफड़ों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे और लंच ट्रांसप्लांट का रास्ता देख रहे मरीजों के लिए अच्छी खबर है। एआईआईएमएस भोपाल में अब जल्द ही लंग्स ट्रांसप्लांट शुरू हो सकता है। इसके लिए एम्स भोपाल में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सबसे बड़ी बात इसके लिए जरूरी स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आगेर्नाईजेशन (सोटो) की टीम ने निरीक्षण भी कर लिया है। निरीक्षण गांधी मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉक्टर द्वारा किया गया। टीम जल्दी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। इस रिपोर्ट के बाद एम्स भोपाल में ट्रांसप्लांट का काम शुरू हो सकता है। इस सुविधा शुरू होने के बाद एम्स भोपाल सेंट्रल इंडिया में पहले सरकारी अस्पताल होगा जहां लाभ के साथ हार्ड किडनी बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा होगी।

### डॉक्टरों की ट्रेनिंग भी पूरी

लंग्स ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर के लिए जरूरी ट्रेनिंग भी पूरी हो चुकी है। दरअसल लंग्स ट्रांसप्लांट का काम भी कार्डियक वैस्कुलर सर्जन द्वारा ही किया जाता है। हार्ट ट्रांसप्लांट की ट्रेनिंग के लिए एम्स की टीवीएस टीम चेन्नई गई थी। यहां इन्होंने हार्ट हार्टप्लांट के साथ लंग्स ट्रांसप्लांट की भी ट्रेनिंग पूरी की है।

### बच्चों का किडनी ट्रांसप्लांट भी जल्द

*लंच ही नहीं अब एम्स में जल्द ही पेडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट भी शुरू किया जाएगा। इसके लिए चार बच्चो को शॉर्टलिस्टेड किया गया है। सभी की प्रारंभिक की जांच चल रही है। सभी जांच रिपोर्ट ओके होते ही किडनी ट्रांसप्लांट किया जाएगा। एम्स भोपाल पहले सरकारी संस्थाओं का जहां पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा होगी।*

### जल्द ही सुविधा मिलेगी

एम्स में ट्रांसप्लांट को और बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। लंग्स लिवर और पेडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट का काम चल रहा है जल्द ही इसकी सुविधा मिलेगी।

**डॉ. विकास गुप्ता, अधीक्षक, एआईआईएमएस भोपाल**

# शहर की फिजाओं पर फिर छाने लगा कुहासा, अब हवाएं बदल रहीं रुख

## हवा हुई पॉल्यूशन फ्री, अब ग्रीन लेबल पर एक्यूआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार से ही फिजा शाम से कुहासे से घिरने लगी हैं। हवाएं धीरे धीरे दिशा भी बदल रही हैं। हवाओं में पिछले एक सप्ताह से घुला कभी कम तो कभी अधिक पॉल्यूशन भी अब ग्रीन लेबल पर आ गया है। इससे शहर की हवाएं पॉल्यूशन फ्री होने के साथ खुले में सांस लेने लायक भी हो गई हैं। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार दीपावली के बाद ग्यारस पर एक्यूआई खराब हुआ था, जो अब हर दिन इम्प्रूव हो रहा है। बुधवार को राजधानी के तीनों प्रमुख इलाके कलेक्टोरेट, टीटी नगर और पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एक्यूआई अब 100 के नीचे आ गया है। इससे मौसम का लुत्फ लेने वालों के लिए फिजां और मुफीद हो गई है।

### कहां कितना रहा एक्यूआई

बुधवार को कलेक्टोरट इलाके का एक्यूआई 95, टीटी नगर 97 और पर्यावरण परिसर का 72 रहा। यहां पीएम 10 की मात्रा कलेक्टोरेट क्षेत्र में 94.71, टीटी नगर 97.16 और पर्यावरण परिसर इलाके में 71.65 रही है। यह सभी क्षेत्र ग्रीन लेबल में संतोषजनक की श्रेणी में हैं। शहर में दिन का पारा 30.3 और रात का 2.2 डिग्री गिरकर 18.8 डिग्री रहा। यह 2.5 डिग्री अधिक है। अगले चार से पांच दिन बाद रात के तापमान में तेजी से कमी होने से कोहरे का असर भी शुरू हो सकता है।

## अपनी संपत्ति का पता लगाएगा निगम, कहां कितना कब्जा, होगा सर्वे

# बेशकीमती जमीनों पर अवैध कब्जेधारियों को मिलेंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सालों निगम की संपत्ति पर जमे लोगों को अब जल्द ही स्वेच्छा अपना कब्जा हटाने के नोटिस मिलेंगे बल्कि एक निर्धारित समय में उन्हें अपना सामान हटाना होगा वरन निगम कार्रवाई करेगा। निगम प्रशासन जल्द ही अपनी संपत्ति का पता लगाने और अतिक्रमण वाले क्षेत्र चिन्हित करने के लिए सर्वे करवाने जा रहा है। यह काम जोन स्तर पर होगा और कब्जे वाले स्थान विशेष रूप से चिन्हित किए जाएंगे। अनुपयोगी भवनों की सूची अलग से बनाई जाएगी ताकि उनके लिए योजना बनाई जा सके।

निगम के प्रत्येक जोन में एक से दो सामुदायिक भवन हैं। 80 से ज्यादा सामुदायिक भवनों में से 50 फीसदी का ही उपयोग हो रहा है। बाकी या तो बदहाल हैं या फिर कब्जे हो गए हैं। सोनागिरी स्थित सतनामी नगर में तो निगम के दो सामुदायिक भवन जिनके निर्माण पर 15 लाख रुपए खर्च किए गए वे खंडहर हो गए और उनके आसपास पक्की दुकानें तक बन गईं। यही स्थिति पुराने शहर के जहांगीराबाद इलाके में है। यहां से एक ओवरहैड टैंक को ढहाने के बाद खाली भूमि का उपयोग पार्किंग के रूप में हो रहा है। जबकि नारियलखेडा, शाहजहांनाबाद, संत हिरदाराम नगर, भेल क्षेत्र, कोलार आदि क्षेत्रों में भी निगम की भूमि पर अतिक्रमण की समस्या है।

*जहां सामुदायिक भवन हैं वहां बन गया मार्केट, खंडहर हुए भवन, 12 साल में दुकानें पक्की बन गईं*

### जोन स्तर पर जुटाई जाएगी जानकारी




नगर निगम कार्यालय का फाइल फोटो

निगम के जोन का अमला प्रत्येक क्षेत्र में अपनी संपत्ति और अतिक्रमण वाले क्षेत्रों का पता लगाएगा। इसकी बाकायदा सूची बनाई जाएगी और कब्जाधारी के नाम और कब्जे का प्रकार दर्ज होगा। उसके बाद कब्जेधारियों को नोटिस दिए जाएंगे।

### खंडहर और बदहाल भवनों के लिए बनेगी योजना

प्रत्येक वार्ड और जोन स्तर पर निगम के बदहाल हो रहे भवनों का निगम क्या उपयोग कर सकता है और इनका जनहित में उपयोग क्या रहेगा, इसे लेकर योजना बनेगी। निगम प्रशासन इस कार्य योजना को जल्द अंतिम रूप देगा।

### जानकारी जुटा रहे हैं

निगम की संपत्ति का पता लगाने और उन पर कब्जों का पता लगाने के लिए कार्य योजना बना रहे हैं। लगातार अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है। जिन क्षेत्रों में अतिक्रमण है, वहां से निगम की भूमि को रिक्त करवाया जाएगा।

**संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम**

## जैकेट का शेष...

### 84 घाटों पर जले ...

गई। यहां लेजर शो और आतिशबाजी की गई। देव दिवाली मनाने 40 से ज्यादा देशों के लोग वाराणसी पहुंचे। देवों की दीपावली, जिसकी कहानी त्रिपुरासुर के संहार से जुड़ी है, तब शिव को त्रिपुरारी नाम मिलते ही देवता धरती पर उतर आए थे। देव दीपावली काशी ही नहीं प्रयागराज और मथुरा में भी मनाई गई। प्रयागराज में 5 लाख और मथुरा 2 लाख दीये जलाए गए। अयोध्या में 22 अक्टूबर को योगी सरकार ने दिवाली को भव्य रूप से मनाया, जिसमें राम की पैड़ी पर 29 लाख से अधिक दीये जलाकर एक विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था।

### डेढ़ लाख से ज्यादा...

दुकानें और झूले लगे हैं। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचे। मध्य प्रदेश के पवित्र बांद्राभान संगम स्थल पर नर्मदा और तवा नदी के संगम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने का विशेष धार्मिक महत्व होता है। मोक्ष की कामना के साथ प्रदेश और देशभर से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

### राहुल की प्रेस...

3. हमें शक है कि वोट चोरी बूथ स्तर पर नहीं हो रही है बल्कि राज्य और नेशनल लेवल पर ये हो रही है।
4. हरियाणा में हर आठ में से एक वोटर नकली है। उन्होंने कहा कि नकली फोटो वाले हरियाणा में एक लाख से ज्यादा मतदाता हैं।
5. राहुल ने मतदाता सूची में कई मतदाताओं के मकान नंबर शून्य होने पर सवाल उठाए। फर्जी मतदाताओं की कोई पहचान नहीं होती और फर्जी मतदाता वोट डालने के बाद गायब हो जाते हैं और उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि जांच में 500 मतदाताओं का एक ही पता पाया गया।
6. हरियाणा चुनाव के दौरान 3.5 लाख मतदाताओं के वोट काटे गए।
7. 'हमारे पास एच' फाइल्स हैं और यह इस बारे में है कि कैसे एक पूरा राज्य चुरा लिया गया है। हमने ऐसा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में भी अनुभव किया था।
8. डालचंद यूपी में भी वोटर हैं, हरियाणा में भी वोटर है। उनका बेटा भी हरियाणा में भी वोटर है, यूपी में भी वोट करता है। ऐसे हजारों की तादाद में लोग हैं, जिनका भाजपा से जुड़ाव है। मथुरा के सरपंच प्रह्लाद का नाम भी हरियाणा में कई जगह वोटर लिस्ट में है।
9. राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने दावा किया कि मकान नंबर जीरो उन लोगों के सामने दर्ज कर दिया जाता है, जिनके पास घर नहीं होते। राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो भी चलाया गया, जिसमें घर विहीन लोगों के लिए वोटर लिस्ट में दर्ज पते को लेकर जानकारी दी जा रही थी।
10. चुनाव आयोग फर्जी नामों को मतदाता सूची से क्यों नहीं हटा रहा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि इससे चुनाव निष्पक्ष होंगे और वे निष्पक्ष चुनाव नहीं चाहते।
11. पांच एग्जिट पोल्स में कांग्रेस की जीत बताई गई थी। दूसरी बात ये है कि पहली बार हरियाणा में पोस्टल वोटों का नतीजा, चुनाव नतीजों से अलग रहा। पोस्टल बैलेट में कांग्रेस को 73 सीटें मिलीं और भाजपा को 17 सीटें मिलीं।

### हरियाणा में वोट हेरफेर...

पहचान के लिए बूथ-स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी नियुक्त करते हैं। मौजूदा समय में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सिर्फ 22 चुनाव याचिकाएं लंबित हैं। चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिनों के अंदर संबंधित उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल की जा सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस के पोलिंग एजेंट मतदान केंद्रों पर क्या कर रहे थे? अगर कोई मतदाता पहले ही मतदान कर चुका हो या उसकी पहचान पर संदेह हो, तो आपत्ति दर्ज करना उनका दायित्व है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का उद्देश्य मृत, दोहराए गए या स्थानांतरित मतदाताओं को हटाना और नागरिकता की पुष्टि करना है। क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध? अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि 'हाउस नंबर जीरो' उन घरों के लिए है जिनके लिए पंचायतों या नगरपालिकाओं द्वारा घर का नंबर आवंटित नहीं किया गया है। बूथ स्तर के अधिकारियों ने ऐसे घरों को 'हाउस नंबर जीरो' के रूप में दर्ज किया है।

### बिहार में 'मतदान'...

चुनाव हो रहा है तो वे हरियाणा चुनाव का मुद्दा उठा रहे हैं। राहुल गांधी ने विदेशी महिला का जिक्र किया। संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी चुपके से कंबोडिया निकल जाते हैं, थाईलैंड निकल जाते हैं। बिहार में चुनाव प्रचार चल रहा है तो वे कोलंबिया चले गए। वे विदेश जाते रहते हैं और विदेश से जो प्रेरणा मिलती है। उसे लेकर वे आपका समय बर्बाद करते हैं। नेता प्रतिपक्ष को तथ्यों पर बात करनी चाहिए और फिजूल की बातें नहीं करनी चाहिए।

**कांग्रेस पार्टी का हरियाणा में तालमेल ही नहीं:** किरेन रिजिजू ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने पार्टी से इस्तीफा दिया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हरियाणा में तालमेल ही नहीं है तो वे कैसे जीत सकते हैं? यहां राहुल गांधी चुनाव आयोग को गाली दे रहे हैं। अगर वे इस तरह से बात करेंगे तो उन पर कौन विश्वास करेगा। कांग्रेस के नेता ही कह रहे हैं कि जब तक राहुल गांधी नेता रहेंगे तब तक कांग्रेस पार्टी नहीं जीत सकती।

**भाजपा के पास काडर और अनुशासन की ताकत:** रिजिजू ने कहा कि भाजपा पार्टी में अनुशासन, काडर की ताकत है। हम 24 घंटे दौड़ते हैं, यही भाजपा की व्यवस्था है और इसी के दम पर हम जीतते हैं। मतदाता सूची सभी के पास होती है, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर होती है। सूची में अगर कोई गड़बड़ी है तो उसे हटाने के लिए प्रक्रिया भी मौजूद है। एसआईआर भी मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए हो रहा है। जिन लोगों के नाम कथित तौर पर मतदाता सूची से कट रहे हैं, वो शिकायत नहीं कर रहे हैं और राहुल गांधी रो रहे हैं। राहुल गांधी लोगों से नहीं जुड़ते और दुनियाभर की बात करते हैं।

### जवारी मंदिर में की पूजा...

तब तक वह माला नहीं चढ़ाएंगे। राकेश किशोर ने कहा कि खजुराहो के जवारी मंदिर की मूर्ति की दोबारा स्थापना के साथ खजुराहो के अन्य मंदिरों का भी जीर्णोद्धार हो। मूर्ति में सिर लगा कर एक छोटी मूर्ति मुख्य प्रतिमा के नीचे स्थापित कर दी जाए, जिसकी पूजा अर्चना की जाए। भोजपुर में भी एएसआई की ओर से शिवलिंग की दोबारा स्थापना की गई। राकेश किशोर ने कहा कि 1958 में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए एक्ट को अब बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मूर्तियों का पुनः उद्धार, पुनर्स्थापना और पूजा पाठ पहले किया जाना चाहिए, उसके बाद कानून लागू होना चाहिए। राकेश किशोर ने कहा कि यदि उनकी मांगें इस जन्म में पूरी नहीं हुईं तो वे अगले जन्म में भी इस मुद्दे पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय एकजुट होकर अपनी संस्कृति और मंदिरों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाए।

### नियम का उल्लंघन...

है। अधिकारियों ने बताया कि खजुराहो के सभी स्मारक आम पर्यटकों के लिए खुले हैं। लेकिन वहां किसी भी प्रकार की पूजा, अर्चना, ध्यान या योग गतिविधि करना सख्त वर्जित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राकेश किशोर या उनके सहयोगियों ने ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए अनुमति नहीं ली थी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हटाए गए बिजली कंपनी...

कि किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

### बेटी ने कहा-...

कि ये शाह बानो की असल कहानी है। ये पिक्चर शाह बानो को नकारात्मक रूप में नहीं बल्कि एक प्रेरणा के तौर पर पेश करती है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से ये सवाल भी उठाया गया कि क्या किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी प्राइवेसी का अधिकार बना रहता है? ये भी कहा कि अगर याचिकाकर्ता को शिकायत है तो सीधे कोर्ट आने की जगह सिनेमैटोग्राफ एक्ट की धारा 6 के तहत केंद्र सरकार से अपील की जा सकती थी। ये फिल्म जंगली पिक्चर्स प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बात सुनी। हालांकि, अभी फैसला नहीं सुनाया है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। फिल्म में यामी गौतम के किरदार का नाम शाह बानो की जगह शाजिया बानो कर दिया गया है। इस पर शाह बानो की बेटी की तरफ से कहा गया कि सिर्फ किरदार का नाम बदल देना पर्याप्त नहीं है।

### खिलाड़ियों ने मिलकर....

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस टीम को अपने आवास पर आमंत्रित किया जिसके फोटोज और वीडियो सामने आए हैं। पीएम मोदी ने अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर टीम का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर भाजपा के प्रवक्त प्रदीप भंडारी ने इस मुलाकात की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इस दौरान टीम ने पीएम मोदी के साथ ट्रॉफी को शेयर किया। सभी खिलाड़ियों ने मिलकर पीएम मोदी को 'नमो' नाम की जर्सी भी सौंपी। टीम के कोच अमोल मजूमदार भी इस मौके पर मौजूद थे। पीएम ने टीम को जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान हरमनप्रीत कौर ने उस मीटिंग को भी याद किया जब 2017 में रनर अप भारतीय टीम से बिना ट्रॉफी के पीएम मिले थे। भारतीय महिला टीम बुधवार को दिल्ली पहुंची थी, वहीं शाम तकरीबन 4,5 बजे टीम ताज होटल से निकलकर पीएम मोदी के सरकारी आवास लोक कल्याण मार्ग के लिए रवाना हुई। इस दौरान टीम के साथ बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास भी मौजूद थी। टीम के होटल से निकलने और पीएम मोदी के आवास पहुंचने के कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### हरमनप्रीत कौर का....

मिलने के लिए भी जब हरमनप्रीत होटल से निकल रहीं थीं तो चारों ओर लॉबी में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज रही थी। इसको देख उन्होंने भी हंसते हुए रिएक्शन दिया।

### प्रतिका रावल भी ....

भी वह व्हीलचेयर पर टीम के साथ सेलिब्रेट करती नजर आई थीं। उनकी जगह शेफाली वर्मा टीम में शामिल हुईं थीं और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी बनी थीं।

## पेज एक का शेष....

### तेजस्वी, सम्राट, खेसारी,....

दिग्गज नेताओं के बीच देखने को मिलेगा। तेजस्वी यादव राघोपुर सीट से लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा के सतीश कुमार हैं, जिन्होंने 2010 में तेजस्वी की मां राबड़ी देवी को हराया था। हालांकि, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर, जिन्होंने पहले तेजस्वी के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, अब मैदान में नहीं हैं और उनकी पार्टी ने चंचल सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इस चरण में कई चर्चित चेहरे मैदान में हैं। लोकगायक मैथिली ठाकुर (भाजपा- अलीनगर), भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव (आरजेडी- छपरा) और रितेश पांडे (जन सुराज पार्टी-करगहर)। इस चरण में करीब एक दर्जन मंत्री मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के नितिन नवीन (बैंकिपुर), संजय सरावगी (दरभंगा), जिबेश कुमार (जाले) और केदार प्रसाद गुप्ता (कुरहनी) अपनी सीट बचाने की कोशिश में हैं। वहीं जदयू के श्रवण कुमार (नालंदा) और विजय कुमार चौधरी (सरायरंजन) की किस्मत का भी फैसला इसी चरण में होगा। वहीं, तेज प्रताप यादव, जिन्होंने अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाई है, महुआ सीट से बहुकोणीय मुकाबले में हैं। इस सीट पर मौजूदा आरजेडी विधायक मुकेश रौशन को कड़ी टक्कर मिल रही है। यहां लोजपा (रामविलास) के उम्मीदवार संजय सिंह और निर्दलीय अशमा परवीन की मौजूदगी मुकाबले को और दिलचस्प बना रही है।

### मोकामा की सीट ....

ओसामा नाम सुनकर लोगों को ओसामा बिन लादेन की याद आती है। सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक मोकामा की सीट है, जहां जेल में बंद जदयू विधायक अनंत सिंह का मुकाबला आरजेडी की वीणा देवी से है, जो बाहुबली सूरजभान की पत्नी हैं।

### दो दिन में ....

समय में अपनी डिटेल जानकारी मुहैया कराएं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।

**डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं को फॉर्म बांटे जा रहे:** -प्रदेश के सभी जिलों में एक महीने यानी 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इसके लिए कलेक्टर से लेकर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सुपरवाइजर और बड़ी संख्या में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को लगाया गया है। बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं को फॉर्म देने में लगे रहे। इस काम में लापरवाही बरतने पर पहली बड़ी कार्रवाई भी जा रही है। एसआईआर की वजह से प्रदेश में राजस्व से लेकर अन्य विभागों के कार्य लगभग ठप पड़ गए हैं। चूंकि इस कार्य में राजस्व विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है। अब एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद उक्त कर्मचारी अपने कार्य पर लौटेंगे।

### बीएलओ को ईपिक ...

देंगे। इस पत्रक के आधे भाग में मतदाता को अपनी डिटेल जानकारी देनी होगी। इसमें नाम, पता, उम्र और ईपीआईसी नंबर जैसी जानकारी देनी होगी। परिवार में किसी की मृत्यु होने, बाहर शिफ्ट हुए हैं, या फिर नाम दूसरे राज्य में दर्ज है, इसकी डिटेल मिलने पर बीएलओ इसका मिलान करेंगे, इसके बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी होगी।

### दुबे व राणावत....

किसी भेदभाव के एसआईआर कराने के सख्त निर्देश कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

### रुखसार ने वंशिका ...

और विशाल ने खंडवा के मशहूर महादेवगढ़ मंदिर शादी की। मंदिर के संरक्षक अशोक पालीवाल ने विधि-विधान से पूजा करवाई गई और रुखसार को सनातन धर्म में दीक्षा दी गई। यहीं उसका नया नाम वंशिका रखा गया फिर मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार और पवित्र अग्नि के सात फेरे लेकर दोनों ने जीवनभर साथ निभाने का वचन दिया। विशाल ने मंगलसूत्र पहनाकर वंशिका को पत्नी के रूप में स्वीकार किया। उसके इस फैसले से परिवार के लोग नाराज़ हैं, लेकिन वंशिका का कहना है कि मैंने अपना फैसला खुद लिया है। मुझे पता है कि सनातन धर्म में महिलाओं का बहुत सम्मान है, जो मुझे हमेशा से चाहिए था।

### मंदिर कमेटी ने....

गई। वंशिका ने भावुक होकर कहा कि रामायण में श्रीराम को आदर्श पति के रूप में बताया गया है। मैं इस ग्रंथ को पढ़कर अपने जीवन को सही दिशा देना चाहती हूं।

### भीड़ के चलते ....

तेजी से प्लेटफॉर्म पर चढ़ गए, जबकि महिलाएं नहीं चढ़ पाईं और ट्रेन की चपेट में आ गईं। उनके शवों के टुकड़े करीब 50 मीटर तक ट्रैक पर बिखर गए। शवों को बैग में भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रेलवे अफसरों ने बताया कि कालका एक्सप्रेस का चुनार में स्टॉपेज नहीं है, इसलिए ट्रेन की स्पीड तेज थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के कारण स्टेशन पर भारी भीड़ थी। हादसा इतनी तेजी से हुआ कि किसी को समझने का मौका ही नहीं मिला। जब ट्रेन गुजर गई, तब ट्रैक पर लाशें बिखरी नजर आईं।

### फायर इंडिकेशन...

सिविल एविएशन मंत्रालय के डीजी फैज अहमद किदवई तक भेजी दी। लेकिन करीब चार घंटे तक यात्री विमान में ही बैठे रहे। फ्लाइट में 163 लोग सवार थे। बुधवार को एयर इंडिया का सर्वर डाउन होने से दिल्ली समेत कई हवाई अड्डों पर यात्रियों को भारी परेशानी हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। सॉफ्टवेयर में परेशानी के कारण मैनुअल चेक-इन शुरू किया गया। इंदौर में भी कई फ्लाइट देर से उड़ान भर सकीं। इसमें इंदौर-बेंगलुरु, इंदौर-शारजहां फ्लाइट,

इंदौर-मुंबई फ्लाइट, इंदौर-पुणे, इंदौर-गोवा फ्लाइट, इंदौर-चेन्नई और इंदौर रायपुर की फ्लाइट दो से तीन घंटे देरी से उड़ान भर सकी।

### लय, सुर व ताल ...

की अध्यक्षता में स्थानीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस साल यह समारोह 14 से 19 दिसंबर तक आयोजित होगा। संभाग आयुक्त खत्री ने समिति के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि बैठक में आए अच्छे सुझावों पर ध्यान देकर तानसेन समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ट्रॉले में पीछे ....

वर्षीय नाबालिग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसा दोपहर लगभग 4 बजे के आसपास हुआ। एक ट्रॉला शहपुरा से जबलपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक पर चार लोग सवार थे, जो तेज रफ्तार में ट्रॉले के पिछले हिस्से से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रॉले में जा फंसी और सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रॉले का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रॉला जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान की जा रही है और परिजनों को सूचना दी जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज से बढ़ेगी....

जिलों में बादल, बौछारें पड़ेंगी, दो दिन बाद सर्दी बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी पंजाब और आसपास सक्रिय है। यह दो दिन में आगे बढ़कर मप्र तक असर करेगा। इससे हवाएं उत्तरी होंगी और सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

### यहां होने लगी ....

का पारा अब 17 डिग्री से नीचे आ गया है। इनमें नौगांव 15, शहडोल 15.5, राजगढ़ 16.2, मलाजखंड 16.7 और टीकमगढ़ में 16.8 डिग्री रहा है। गुरुवार तक रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, सागर आदि जिलों में बौछारें पड़ सकती हैं।

### न्यूयॉर्क मेयर का....

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित नेहरू के भाषण के शब्दों का हवाला देते हुए कहा-मुझे जवाहरलाल नेहरू के शब्द याद आ रहे हैं। एक क्षण आता है, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने से नए में प्रवेश करते हैं। आज रात, हमने पुराने से नए में कदम रखा है। उनके इस बयान के बाद समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वे अमेरिका के सबसे बड़े शहर के मेयर बनने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम हैं।

### जोहरान का जन्म....

उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है। जोहरान का जन्म युगांडा के कंपाला में हुआ।

### हम अब दूसरों ....

खेलें, जिन पर बाकी सब खेलते हैं। यदि हम इस नए रास्ते को अपनाने का साहस दिखाएं, तो हम कुलीनतंत्र और निरंकुशता का जवाब डर से नहीं, बल्कि उस ताकत से देंगे जिससे वे डरते हैं। उन्होंने कहा कि आखिरकार, अगर कोई भी ट्रंप द्वारा ठगे गए राष्ट्र को यह दिखा सकता है कि उसे कैसे हराया जाए, तो वह वही शहर है जिसने उसे जन्म दिया था। किसी तानाशाह को डराने का सबसे अच्छा तरीका है, उन हालातों को खत्म करना जिन्होंने उसे सत्ता दी। यही तरीका है ट्रंप को रोकने का। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को चुनौती देते हुए कहा कि तो डोनाल्ड ट्रंप, मुझे पता है आप देख रहे हैं। मेरे पास आपके लिए चार शब्द हैं- वॉल्यूम बढ़ा दो।









## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक









## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


## शब्द पहेली - 6039



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 6038 का हल



## सूडोकु नवताल - 6049

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6048 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## नाबार्ड ने धार में नई लिफ्ट सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी

भोपाल। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले में एक नई सिंचाई परियोजना अर्थात 'धार माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना' को मंजूरी देने की घोषणा की है। इस परियोजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना और क्षेत्र में स्थायी जल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह परियोजना धार जिले के पांच तहसीलों- धार, सरदारपुर, गंधवानी, पीथमपुर और मनावर में 55,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी। 30 अक्तूबर 2025 तक नाबार्ड ने मध्य प्रदेश राज्य मे आरआईडीएफ के तहत कुल 3,762 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें 44,112 करोड़ रुपये की ऋण सहायता शामिल है। इसमें से 35,699 करोड़ रुपए पहले ही संवितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड आरआईडीएफ के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने, ग्रामीण भारत में समावेशी विकास और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 200 से अधिक एमएसएमई करेगी अपने उत्पादों का प्रदर्शन

# 3 दिवसीय फेड एक्सपो 21 नंवबर से जीआईए ट्रेड एक्जीविशन सेंटर में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई ) ने तीन दिवसीय आगामी फेड एक्सपो 25 का आयोजन 21 नवंबर 2025 से जीआईए ट्रेड एक्जीविशन सेंटर भोपाल में करने की घोषणा की। एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि इस फेड एक्सपो के तहत लगभग 200 से अधिक एमएसएमई अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेगी। इसके साथ ही इस एक्सपो में रूस, ओमान, ताईवान आदि कई देशों के उद्योग प्रतिनिधि भाग ले रहे है। जिनके आने से प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों को अंतर्राष्ट्रीय उद्यमियों से व्यापारिक संबंध स्थापित करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस कार्यक्रम से भारत एवं विभिन्न देशों के मध्य औद्योगिक संबंध मजबूत होगें एवं बाईलेटरल ट्रेड को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड , भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठान, एचईजी, रेलवे, बीना रिफायनरी एवं अन्य बड़ी इकाईयां, राज्य शासन के विभागों तथा विभिन्न क्षेत्रीय औद्योगिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।



फेडरेशन की प्रेस कांफ्रेंस

### 'मेक इन इंडिया' पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर होगी चर्चा

*उन्होंने बताया कि एक्सपो में एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से वेंडर बनने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, एक्सपो के दौरान विशेष सत्रों में सरकारी क्रय नीतियों, 'मेक इन इंडिया' पहल तथा तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की जाएगी। इस एक्सपो में प्रदेश की शैक्षणिक संस्थाऐं एवं स्टार्टअप भी भाग ले रहे है। यह उनके लिए एक अवसर होगा जिसके माध्यम से वह प्रदेश में अपने कार्य का प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। साथी ही स्टार्टअप्स के लिए एक पिचिंग सेशन भी रखा गया है।*

### फ्लिनकेयर को ग्लोबल एआरसीए 2025 में सिल्वर मेडल

मुंबई । फिशर मेडिकल वेंचर्स लिमिटेड ने आरसीए 2025 अंतरराष्ट्रीय नवाचार प्रदर्शनी में रजत पदक प्राप्त किया। यह पुरस्कार आईएफआईए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राप्त किया गया, फ्लिनकेयर के एआई-संचालित स्क्रीनिंग और निवारक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म की बाजार में अग्रणी क्षमता को प्रमाणित करता है।

## बिजनेस न्यूज

### ग्रिल तमाशा रेस्टोरेंट का सर्वधर्म कोलार में शुभारंभ



भोपाल। युवाओं और विदेशी छात्रों के लिए भोजन की नई सौगात लेकर आई है ग्रिल तमाशा ने। सर्वधर्म कोलार में शहर के युवा उद्यमी आशीष झा और उनकी पत्नी प्रीति झा ने मिलकर इस रेस्टोरेंट की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य सिर्फ स्वाद परोसना नहीं, बल्कि उन छात्रों की समस्या का समाधान करना है जो पढ़ाई के दौरान बाहर रहकर उचित, पौष्टिक और किफायती भोजन की तलाश में रहते हैं। प्रीति झा, जो स्वयं इनब्रॉड एडुपार्टनर प्राइवेट लिमिटेड नामक एक प्रतिष्ठित एजुकेशनल कंसल्टेंसी की निदेशक हैं, बताती हैं कि उन्हें अकसर विदेशी विद्यार्थियों से भोजन संबंधी शिकायतें सुनने को मिलती थीं। यही कारण था कि उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर एक ऐसा रेस्टोरेंट शुरू करने का विचार किया जहां छात्रों को घर जैसा खाना, साफ-सुथरा वातावरण और सुलभ दरों पर बेहतरीन स्वाद मिल सके। ग्रिल तमाशा में देशी और विदेशी दोनों तरह के व्यंजन उपलब्ध हैं।

### टीवीएस ने पेश किया 'स्मार्ट टीवीएस ऑर्बिटर'



भोपाल । दोपहिया और तिपहिया वाहनों की ग्लोबल कंपनी टीवीएस मोटर ने मध्यप्रदेश में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस ऑर्बिटर की लांचिंग की घोषणा की। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनिरुद्ध हलदर ने कहा कि यह स्कूटर 158 किमी आईडीसी रेंज, क्रूज कंट्रोल, 34-लीटर बूट स्पेस, हिल होल्ड असिस्ट और एडवांस्ड कनेक्टेड फीचर्स जैसे कई सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशंस के साथ आता है। उद्योग में पहली बार 14 इंच के फ्रंट व्हील के साथ यह स्कूटर 94,900 की आकर्षक कीमत पर बेजोड़ आराम, सुविधा और प्रदर्शन प्रदान करता है।

### मलाबार गोल्ड ने दोहराई विश्वास की प्रतिबद्धता

मुंबई । मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 27,500 कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में कहा कि कंपनी को भारत की समृद्ध विरासत, अटूट मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा होने पर बहुत गर्व है। हाल ही में सोशल मीडिया पर हुई चर्चाओं ने लोगों के मन में कई भावनात्मक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न की हैं, जिन्हें हम पूरी तरह समझते और सम्मान करते हैं। हालांकि ऑनलाइन पोस्ट्स में हमारे एक पुराने मार्केटिंग अभियान के उद्देश्य और संदर्भ को अधूरे या भ्रामक रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**मूल विक्रय पत्र गुम होने संबंधी सूचना**

**लीजहोल्ड फ्लैट नं. बी.एल.-02 (एलआईजी), रविंद्रनाथ टैगोर परिसर, बीडीए कॉलोनी, साकेत नगर, तह. हुजूर, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार इण्डिया शेल्टर फाईनेन्स कॉर्पोरेशन लि., प्लॉट नं. 69, तृतीय तल, जे.जे. टॉवर, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती कमला जे. चौहान पत्नी श्री जे.एल. चौहान ने अपनी 01 संपत्ति जो कि लीजहोल्ड फ्लैट नं. बी.एल.-02 (एलआईजी), भूतल, ब्लॉक नं. बी, स्थित गुरू रविंद्रनाथ टैगोर परिसर, बीडीए कॉलोनी, साकेत नगर, वार्ड नं. 57, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति का नाप 46.76 वर्गमीटर होकर बाउण्ड्री फ्रन्ट में पैसेज एण्ड बी.एल.01, रियर में पैसेज एण्ड डक्ट, राइट साईड रोड, लेफ्ट साईड-एलआईजी बी.एल.-03. ऊपर-एलआईजी बी.एल. 10 है। श्रीमती कमला ने उक्त संपत्ति विक्रेता दीपक कांकर से एक विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की थी जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल-3 में दि. 09/09/2022 को ई-पंजी नं. MP059712022A1928690 पर पंजीकृत है व संपत्ति की लीज अवधि दि. 31/03/2041 तक वैध है। संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय पत्र ग्रंथ क्र. 1667, दस्ता. क्र. 648 (2), दि. 10/07/2014 को उप-पंजीयक भोपाल में विक्रेता दीपक कांकर के पक्ष में निष्पादित किया गया था, की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है जो कई प्रयासों के बाद भी मिल नहीं सकी। गुमशुदगी की सूचना पक्षकार द्वारा संबंधित थाने में दि. 06/11/25 को दर्ज करा दी गई है। संपत्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज व अनुमतियां मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा

**मधुसूदन तिवारी (अधिवक्ता)**
कार्या. 161, प्रथम तल, गोपाल भवन,
आईसीआईसीआई बैंक के पास, जोन-1,
एम.पी. नगर, भोपाल-462011 मो. 9993294287

**जाहिर-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्री मनोहर मोरी आत्मज श्री भागीरथ मोरी निवासी वार्ड क्रमांक 04 हवेली मोहल्ला मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. यह कि मेरे पक्षकार के नाम पर एक आवासीय मकान / भूखण्ड स्थित वार्ड क्रमांक 04 हवेली मोहल्ला मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 30 फिट गुणित 10 फिट योग 300 वर्गफिट है। जिसकी चतुर्थ सीमाएंः-पूर्व दिशा मेंः-2 फिट गली पश्चिम दिशा मेंः-12 फिट का रास्ता उत्तर दिशा मेंः-श्री बालाप्रसाद का प्लाट दक्षिण दिशा मेंः-श्रीमति निर्मला देवी का प्लाट यह कि उक्त सम्पत्ति जो कि मेरे पक्षकार ने राधेश्याम राठोर आत्मज श्री रामअवतार राठौर से क्रय की गई है जो कि दिनांक 01.10.2003 को गृंथ क्रमांक 1430 पृष्ट क्रमांक अ-1 में 05 (43 से 47 तक) दस्तोवज क्रमांक 969 पर उप पंजीयक कार्यालय रायसेन जिला रायसेन म.प्र. में दर्ज है। यह कि उक्त सम्पत्ति का पूर्व विक्रय पत्र जो कि अजय कुमार वर्मा आत्मज श्री बाबूलाल वर्मा के नाम पर दर्ज थी अजय कुमार वर्मा आत्मज श्री बाबूलाल वर्मा ने उक्त भूखण्ड को राधेश्याम राठोर आत्मज श्री रामअवतार राठौर को विक्रय कर दिया गया था जिसका विक्रय पत्र का पंजीयन दिनांक 20.11.1990 को गृंथ क्रमांक 590 पृष्ट क्रमांक अ-1 में 04 (93 से 96 तक) दस्तोवज क्रमांक 706 पर उप पंजीयक कार्यालय रायसेन जिला रायसेन म.प्र. में दर्ज है, जिसकी मूल रजिस्ट्री (विक्रय पत्र) जो कि मेरे पक्षकार के घर वार्ड क्रमांक 04 हवेली मोहल्ला मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र. से ही कही गुम हो गयी है उक्त विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) दिनांक 20.11.1990 जो कि कही, दान, विक्रय, गिरवी, रहन या अन्य कही हस्तांरित नही है और ना ही उक्त सम्पत्ति से संबंधित कोई विवाद या प्रकरण किसी शासकीय या अशासकीय कार्यालय अथवा किसी न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त विक्रय पत्र दिनांक 20.11.1990 पर किसी प्रकार का कोई ऋण व बंधक नही है। उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति यदि कही मिल जाता है तो में उसका दुरूपयोग नही करूगा, यह कि यदि उक्त विक्रय पत्र के सबंध में किसी व्यक्ति ,फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के (07) सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर लिखित मे मय दस्तावेज प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड / मकान को बैंक में बंधक कर दिया जावेगा। ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

**नीतेश नागर अधिवक्ता**
स्वास्तिक लॉ चेम्बर
औबेदुल्लागंज तहसील गौहरगंज जिला रायसेन
म.प्र. मो. 9691819010

### शक्ति ग्रुप का 70वां स्थापना दिवस मना



इंदौर। सबमर्सिबल पंप, सोलर पंप और अन्य तरल प्रबंधन प्रणालियों में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी शक्ति पंप (इंडिया)ग्रुप के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस मौके पर शक्ति पंप ग्रुप के चेयरमैन दिनेश पाटीदार मौजूद रहे है।

### एमएसएमई प्रतिनिधियों का एक्सपोजर विजिट 7 तक

भोपाल। विश्व बैंक द्वारा सपोर्टेड भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा फार्मास्यूटिकल सेक्टर के एमएसएमई प्रतिनिधियों के लिए हैदराबाद स्थित फार्मा एसईजेड क्लस्टर का दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट 5 नवंबर से 7 नवंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है। इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश के एमएसएमई उद्यमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की विनिर्माण प्रक्रियाओं, अनुपालन मानकों एवं नवाचार आधारित औद्योगिक प्रथाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है।

### फिशर ने की डॉ.चेरीयन के साथ सहयोग की घोषणा

मुंबई। फिशर मेडिकल वेंचर्स लिमिटेड ने न्यूरोसर्जन, शिक्षक और नवप्रवर्तक डॉ. आयप चेरीयन के साथ एक रणनीतिक सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग का एकमात्र उद्देश्य डी आरआईएस-आईएमआरआई मेधारण्य का विकास करना है, प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. चेरीयन के साथ एक महत्वपूर्ण सहयोग की घोषणा की है।

### क्यूपिड को अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ

मुंबई। क्यूपिड लिमिटेड ने दक्षिण अफ्रीका के पांच-वर्षीय राष्ट्रीय खरीद कार्यक्रम में महिला और पुरुष कंडोम के लिए अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ है। कंपनी के निदेशक आदित्य कुमार हलवासिया ने कहा कि ये आवंटन क्यूपिड को कार्यक्रम के अग्रणी स्थान पर रखता है।

**आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW)**
**42, अरेरा हिल्स ई.ओ.डब्ल्यू. भोपाल मध्यप्रदेश**

क्रमांक / EOW / कंटिन्जेंसी / 307/2025 — ऑनलाईन निविदा सूचना — भोपाल, दिनांक. 31/10/2025

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय प्रशासनिक भवन (भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल, छत एवं कार्यालय प्रांगण) की साफ-सफाई कार्य हेतु http://mptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के प्रावधान अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender Fees (Paid Online Through mptenders.gov.in) | Rs 1000/- +GST |
| 2. | EMD (Paid Online Through mptenders.gov.in) | Rs 15000/- |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन ही जमा किये जायेंगे।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। (पोर्टल-mptenders.gov.in पर देय)
3. समय सारणीः-

| | |
|---|---|
| निविदा जारी करने की दिनांक | 03/11/2025 |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 04/11/2025 |
| प्री बिड मीटिंग दिनांक | 17/11/2025 को 12:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 24/11/2025 |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 25/11/2025 |
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी निविदा के परीक्षण उपरांत |

4. निविदा संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः वेबसाइट mptenders.gov.in एवं www.eow.mp.gov.in पर अद्यतन रहें।
5. तकनीकी निविदा में योग्य पाये गये निविदाकताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी पोर्टल-mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।
6. सेवा उपार्जन (प्रशासनिक भवन साफ-सफाई) हेतु जारी निविदा से संबंधित नियम व शर्ते पृथक से संलग्न हैं। निविदा जमा करते समय नियम व शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है।
7. प्री-बिड मीटिंग स्थान आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, 42-अरेरा हिल्स भोपाल मध्यप्रदेश।

**सहायक महानिरीक्षक (प्रशासन)**
**आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ**
**भोपाल मध्यप्रदेश**

जी - 21047/25 — स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय संचालक, वन विद्यालय, बैतूल म.प्र.**

वर्ष 2025-26 सामग्री प्रदाय हेतु
निविदा शर्ते
भाग-1

1. निविदा प्रपत्र म.प्र.शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें।
2. यह निविदा वन विद्यालय, बैतूल में सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।
3. सामग्री क्रय हेतु निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित राशि मूल्य लगभग रुपए 10,00,000/- हैं।
4. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैंः-

| क्रं | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 08/11/2025 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 08/11/2025 | |
| 3 | Bid Submission Start Date | 08/11/2025 | |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 15/11/2025 | |
| 5 | Bid Opening Date | 17/11/2025 | |

5. चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व रू. 500 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर सत्यंकार की राशि का एफ.डी.आर. संचालक, वन विद्यालय, बैतूल के पक्ष में जारी कराकर जमा कराना होगा। तदुपरांत ऑनलाईन सत्यंकार की राशि https://mptenders.gov.in की वेबसाईट से विमुक्त करने की कार्यवाही की जावेगी। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 01 | COMPUTER DESKTOP- Dell 27 All-in-One 14th i7-150U, 16GB RAM DDR5 1TB SSD, Intel Graphics\|27" FHD AG,IPS, 99% SRGB/Win 11+MSO'24+0365/Molded Speaker Grill Intel WiFi 6e/5MP Pop-Up IR Camera Ms office. Warranty 1 year. | आवश्यकतानुसार |
| 02 | All in one Printer - HP OFFICEJET PRO 9730 WF AIO PRNTR:in-EN A3,A4, All in One Printer with Duplex Printing, ADF and A3 Scanning, Perfect for Business Print/copy/scan with Duplex, Print speed up to 22 ppm (black) and 18 ppm (color) USB, Apple AirPrint, Ethernet, Wi-Fi | आवश्यकतानुसार |
| 03 | VANRAKSHAK Wildlife Camera Trap \| 64MP \| 1080p Video Recording \| Night Vision \| Motion Detection Trail Camera | आवश्यकतानुसार |
| 04 | Thermal DRONE Camera- DJI Mavic 3 Multispectral Technical Specifications Of The DJI Mavic 3 Multispectral (DJI Mavic 3M)-Net Weight (with propellers and RTK module): 951 g Max Takeoff Weight:1,050g Dimensions (Folded): 223×96.3×122.2 mm (Length Width Height) Dimensions (Unfolded): 347.5×283×139.6 mm (Length Width Height) Diagonal Length: 380.1 mm Max Ascent Speed: 6 m/s (Normal Mode), 8 m/s (Sport Mode) Max Descent Speed: 6 m/s (Normal Mode), 6 m/s (Sport Mode) Max Flight Speed (at sea level, no wind): 15 m/s (Normal Mode), 21 m/s (Sport Mode-forward), 20 m/s (sideways), 19 m/s (backwards) Max Wind Speed Resistance: 12 m/s | आवश्यकतानुसार |
| 05 | CHAIR- Computer cum office chair. Low back chair With two arm rest.. Made up of PU foam seat and back cushion. Handrest pvc material. Pushback mechanism with lock system. Hydraulic for up and down system. Nylon base with wheels Upholstery of customer choice. | आवश्यकतानुसार |
| 06 | Wooden Table for Desk/ Table Office/ Table for Writing/Office Desk Computer Desk * Office cum computer table made up of woodbase board * Height 30 inch * top size 60 inch * 48 inch with 36mm border and 18mm board * table with keyboard holder * three drawer and one locker * High Quality material is needed | आवश्यकतानुसार |
| 07 | Steel Almirah - 4x7 for office use One locker, four partitions * high Quality material is needed | आवश्यकतानुसार |

6. प्रकिया-1ः निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए राशि 500 (रुपएः पांच सौ रुपए मात्र) हैं तथा सुरक्षा सत्यंकार की राशि रुपए 30,000 (रुपएः तीस हजार रुपए मात्र) हैं। इन्हें ऑनलाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया-2 के लिए योग्य माना जायेगा।
7. प्रक्रिया-2ः तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।
8. प्रक्रिया-3ः तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में भाग-2 में दर्शित दस्तावेज, फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

(लक्ष्मीकान्त वासनिक ) भा.व.से.
संचालक, वन विद्यालय, बैतूल म.प्र.

G-21046/25 — " स्वच्छता ही सेवा "

# कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक /4578/राज.वि./न.पा.प./ 2025 — मंडीदीप, दिनांक 04.11.2025

-: ई-निविदा सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगरपालिका परिषद् मंडीदीप के स्वामित्व की दुकाने एवं हॉल राजीव गांधी बस स्टेण्ड शापिंग काम्पलेक्स, श्रीमति इंदिरा गांधी शापिंग काम्पलेक्स एवं सामुदायिक भवन के पीछे नवनिर्मित 16 दुकानें को 30 वर्षो के लिये मध्यप्रदेश नगरपालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 एवं 2023 में संशोधन के प्रावधानो के अन्तर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु नगरपालिका परिषद मंडीदीप द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तो के अन्तर्गत ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। दुकानों का विवरण निम्नानुसार है :-

**1. राजीव गांधी बस स्टेण्ड शापिंग काम्पलेक्स के 14 हॉल**

| क्र. | ई-निविदा आई.डी. क्रमांक | दुकान का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | हॉल क्र. | हॉल की संख्या | हॉलो का आरक्षण | न्यूनतम प्रीमियम | प्रतिभूति निक्षेप राशि 2.5 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_460935_1 | 61.549 | प्रथम-तल F-1 | 01 | अनारक्षित | 5746262/- | 143657/- |
| 2. | 2025_UAD_460935_2 | 66.0236 | प्रथम-तल F-2 | 01 | अनारक्षित | 6165185/- | 154130/- |
| 3. | 2025_UAD_460935_3 | 96.479 | प्रथम-तल F-4 | 01 | अनुसूचित जनजाति पुरुष | 9007324/- | 225183/- |
| 4. | 2025_UAD_460935_4 | 83.130 | प्रथम-तल F-5 | 01 | अनारक्षित | 7761038/- | 194026/ |
| 5. | 2025_UAD_460935_5 | 61.549 | द्वितीय-तल S-1 | 01 | पिछडा वर्ग | 5322556/- | 133064-/- |
| 6. | 2025_UAD_460935_6 | 66.036 | द्वितीय-तल S-2 | 01 | अनारक्षित | 5710589/- | 142765/- |
| 7. | 2025_UAD_460935_7 | 22.214 | द्वितीय-तल S-3 | 01 | अनारक्षित | 1920994/- | 48025/- |
| 8. | 2025_UAD_460935_8 | 96.479 | द्वितीय-तल S-4 | 01 | अनारक्षित | 8343160/- | 208579/- |
| 9. | 2025_UAD_460935_9 | 83.130 | द्वितीय-तल S-5 | 01 | अनारक्षित | 7188770/- | 179719/- |
| 10. | 2025_UAD_460935_10 | 61.549 | तृतीय-तल T-1 | 01 | अनारक्षित | 5027478/- | 125687/- |
| 11. | 2025_UAD_460935_11 | 66.036 | तृतीय-तल T-2 | 01 | अनारक्षित | 5394000/- | 134850/- |
| 12. | 2025_UAD_460935_12 | 22.214 | तृतीय-तल T-3 | 01 | अनारक्षित | 1814494/- | 45362/- |
| 13. | 2025_UAD_460935_13 | 96.479 | तृतीय-तल T-4 | 01 | अनुसूचित जाति पुरुष | 7880624/- | 197016/- |
| 14. | 2025_UAD_460935_14 | 83.130 | तृतीय-तल T-5 | 01 | अनारक्षित | 6790232/- | 169756/- |

**2. श्रीमति इंदिरा गांधी शापिंग काम्पलेक्स की 04 दुकाने एवं 12 हॉल**

| क्र. | ई-निविदा आई.डी. क्रमांक | दुकान/हॉल का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | दुकान/ हॉल क्र. | दुकानों/हॉल की संख्या | दुकानों/हॉल का आरक्षण | न्यूनतम प्रीमियम | प्रतिभूति निक्षेप राशि 2.5 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_460886_1 | 14.515 | भू-तल G-5 | 01 | अनुसूचित जाति महिला | 3283841/- | 82096/- |
| 2. | 2025_UAD_460886_2 | 14.515 | भू-तल G-6 | 01 | अनुसूचित जाति पुरुष | 3283841/- | 82096/- |
| 3. | 2025_UAD_460886_3 | 13.363 | भू-तल G-7 | 01 | अनारक्षित | 3023218/- | 75580/ |
| 4. | 2025_UAD_460886_4 | 13.363 | भू-तल G-8 | 01 | अनारक्षित | 3023218/- | 75580/- |
| 5. | 2025_UAD_460886_5 | 48.254 | प्रथम-तल F-1 | 01 | अनारक्षित | 3978857/- | 99471/- |
| 6. | 2025_UAD_460886_6 | 68.005 | प्रथम-तल F-2 | 01 | अनुसूचित जाति पुरुष | 5607470/- | 140187/- |
| 7. | 2025_UAD_460886_7 | 68.005 | प्रथम-तल F-3 | 01 | अनारक्षित | 5607470/- | 140187/- |
| 8. | 2025_UAD_460886_8 | 48.254 | प्रथम-तल F-4 | 01 | अनारक्षित | 3978857/- | 99471/- |
| 9. | 2025_UAD_460886_9 | 48.254 | द्वितीय-तल S-1 | 01 | अनारक्षित | 3645637/- | 91141/- |
| 10. | 2025_UAD_460886_10 | 68.005 | द्वितीय-तल S-2 | 01 | अनारक्षित | 5137857/- | 128446/- |
| 11. | 2025_UAD_460886_11 | 68.005 | द्वितीय-तल S-3 | 01 | अनारक्षित | 5137857/- | 128446/- |
| 12. | 2025_UAD_460886_12 | 48.254 | द्वितीय-तल S-4 | 01 | अनारक्षित | 3645637/- | 91141/- |
| 13. | 2025_UAD_460886_13 | 48.254 | तृतीय-तल T-1 | 01 | अनारक्षित | 3345218/- | 83630/- |
| 14. | 2025_UAD_460886_14 | 68.005 | तृतीय-तल T-2 | 01 | अनारक्षित | 4714473/- | 117862/- |
| 15. | 2025_UAD_460886_15 | 68.005 | तृतीय-तल T-3 | 01 | अनुसूचित जनजाति पुरुष | 4714473/- | 117862/- |
| 16. | 2025_UAD_460886_16 | 48.254 | तृतीय-तल T-4 | 01 | अनारक्षित महिला | 3345218/- | 83630/- |

**3. सामुदायिक भवन के पीछे नवनिर्मित 16 दुकानें ।**

| क्र. | ई-निविदा आई.डी. क्रमांक | दुकान का आकार वर्गमीटर में | दुकान क्र. | दुकानों की संख्या | दुकानों का आरक्षण | न्यूनतम प्रीमियम | प्रतिभूति निक्षेप राशि 2.5 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_460380_1 | 10.534 | 1 | 1 | अनारक्षित | 1426100/- | 35653/- |
| 2. | 2025_UAD_460380_2 | 10.658 | 2 | 1 | अनारक्षित | 1442900/- | 36073/- |
| 3. | 2025_UAD_460380_3 | 10.585 | 3 | 1 | अनारक्षित | 1433000/- | 35825/- |
| 4. | 2025_UAD_460380_4 | 10.713 | 4 | 1 | अनारक्षित | 1450400/- | 36260/- |
| 5. | 2025_UAD_460380_5 | 10.829 | 5 | 1 | अनुसूचित जाति | 1466100/- | 36653/- |
| 6. | 2025_UAD_460380_6 | 10.585 | 6 | 1 | पिछडा वर्ग | 1433000/- | 35825/- |
| 7. | 2025_UAD_460380_7 | 10.622 | 7 | 1 | अनुसूचित जाति | 1438100/- | 35953/- |
| 8. | 2025_UAD_460380_8 | 10.622 | 8 | 1 | अनारक्षित | 1438100/- | 35953/- |
| 9. | 2025_UAD_460380_9 | 18.128 | 9 | 1 | अनारक्षित | 2454200/- | 61355/- |
| 10. | 2025_UAD_460380_10 | 17.966 | 10 | 1 | अनारक्षित | 2432300/- | 60808/- |
| 11. | 2025_UAD_460380_11 | 10.436 | 11 | 1 | अनारक्षित महिला | 1412900/- | 35323/- |
| 12. | 2025_UAD_460380_12 | 10.478 | 12 | 1 | अनारक्षित | 1418600/- | 35465/- |
| 13. | 2025_UAD_460380_13 | 10.597 | 13 | 1 | अनारक्षित | 1434700/- | 35868/- |
| 14. | 2025_UAD_460380_14 | 10.548 | 14 | 1 | अनारक्षित | 1428000/- | 35700/- |
| 15. | 2025_UAD_460380_15 | 11.062 | 15 | 1 | अनुसूचित जनजाति | 1497600/- | 37440/- |
| 16. | 2025_UAD_460380_16 | 5.985 | 16 | 1 | अनारक्षित | 810300/- | 20258/- |

1- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
2- निविदा ऑनलाईन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.11.2025 समय 17:30 बजे एवं निविदा ऑनलाईन खोली जाने की तिथि 21.11.2025 समय 17:30 बजे ।
3- ई-निविदा की विस्तृत शर्ते राजस्व शाखा नगरपालिका कार्यालय में अवकाश के दिन को छोड़कर कार्यालयीन समय में कभी भी देखी व पढ़ी जा सकती है।

**प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल**
अध्यक्ष
नगरपालिका
परिषद मंडीदीप

**पुष्पा प्रेमशंकर साहू**
उपाध्यक्ष
नगरपालिका
परिषद मंडीदीप

**डॉ. प्रशांत जैन**
मुख्य नगरपालिका
अधिकारी
नगरपालिका परिषद मंडीदीप

## चिंतन

# अपने ही देश अमेरिका में फंस गए राष्ट्रपति ट्रंप

बात-बात पर दुनियाभर के देशों को टैरिफ की धौंस दिखाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का हाल बेहाल है। राष्ट्रपति की सनक के चलते सबसे शक्तिशाली देश में 36 दिनों से सरकारी शटडाउन है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा शटडाउन है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान 2018 में 35 दिनों तक सरकारी कामकाज ठप रहा था। शटडाउन की वजह से 4.2 करोड़ अमेरिकियों की फूड स्टैंप सहायता रुक गई है। अमेरिकी कृषि विभाग के पास इस कार्यक्रम के लिए सिर्फ 5 अरब डॉलर का रिजर्व फंड है, जबकि नवंबर में फूड स्टैंप जारी रखने के लिए 9.2 अरब डॉलर की जरूरत है। शटडाउन से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो रहा है। अब तक करीब 1 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। अगर शटडाउन जल्द खत्म नहीं हुआ तो देश की विकास दर में चौथी तिमाही में एक से दो फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई जा रही है। अब तक 6.7 लाख सरकारी कर्मचारी छुट्टी पर भेजे जा चुके हैं, जबकि 7.3 लाख कर्मचारी बिना सैलरी के काम कर रहे हैं। इस तरह लगभग 14 लाख लोग कर्ज लेकर घर चला रहे हैं। ट्रम्प हेल्थ केयर प्रोग्राम की सब्सिडी बढ़ाने को तैयार नहीं हैं, इस वजह से अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में फंडिंग बिल पास नहीं हो पा रहा है। इस बिल पर अब तक 14 बार वोटिंग हो चुकी है, लेकिन हर बार बहुमत के लिए जरूरी 60 वोट नहीं मिल पाए। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल एक अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि स्वास्थ्य बीमा की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। दोनों दलों के इसी मदभेद के चलते अमेरिका का हाल बेहाल हो रहा है। सबसे ज्यादा बुरा हाल सरकारी कर्मचारियों का है। उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा। वे लगातार कर्ज के दलदल में फंस रहे हैं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने से बाजार में भी मंदी के हालात हैं। खरीददारी ठप होकर रह गई है। इसके चलते उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि शटडाउन के कारण सरकारी खर्च में देरी हो रही है और इसका अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। यह असर कुछ हद तक खत्म हो जाएगा, लेकिन पूरी तरह नहीं। ट्रंप की सनक के चलते पहले तो दुनियाभर के देश परेशान थे, अब उनके अपने देश अमेरिका में ही बड़ा संकट खड़ा हो गया है। अगर हालात यही रहे तो वो दिन दूर नहीं जब ट्रंप की सनक अमेरिका को ले बैठेगी।



प्रबंधन
योगेंद्र माथुर

# भगदड़ से बचने के उपाय आवश्यक

> वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में 'मिनी तिरुपति' कहे जाने वाले वेंकटेस्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को देवप्रबोधनी एकादशी के अवसर पर दर्शन के दौरान मची भगदड़ में 10 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। जैसा कि अब तक होता आया है कि सभी बड़े नेताओं व राजनीतिक दलों ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए संवेदना व्यक्त की है और घटना की जांच करने की बात कही गई है। स्थानीय पुलिस व प्रशासन मंदिर प्रबंधन की गलती बताकर दुर्घटना की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन ने मंदिर के प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था की पूर्व सूचना न देने से सुरक्षा व्यवस्था न हो पाने की बात कही है। मुख्य रूप से दर्शनार्थियों की अनुमान से अधिक भीड़ होने, मंदिर का प्रवेश व निर्गम द्वार एक ही होने व संकरा होने से भीड़ बढ़ने और व्यवस्था के लिए लगे बैरिकेडिंग के गिरने से भगदड़ होना बताया जा रहा है।

यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धर्मस्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं को जान गंवानी पड़ी हो। ऐसी दुर्घटनाओं का देश में लम्बा इतिहास रहा है। हाल के वर्षों में ऐसी बीसियों दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को असमय काल कवलित होना पड़ा है। इसी वर्ष उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक व मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित धर्मस्थलों व विभिन्न आयोजनों में ऐसी लगभग एक दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अकेले आंध्रप्रदेश में ही धर्मस्थलों पर भगदड़ की इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। लेकिन अफसोस इस बात का है कि इन दुर्घटनाओं से हमने कोई सबक लिया हो, ऐसा दिखाई नहीं पड़ता।

भारत एक धर्मप्रधान देश है और सात वार, नौ त्यौहार की कहावत यहां प्रचलित है। आए दिन किसी भी धर्म के पर्व व तीज-त्योहारों पर यहां धर्मस्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी के साथ कई छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन यथा मेले, कथा, सत्संग व प्रवचन भी यहां प्रायः कहीं न कहीं होते रहते हैं जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। धार्मिक आयोजनों से इतर कई सामाजिक, सांस्कृतिक व संगीत के आयोजनों के साथ राजनीतिक सभा व रैलियां भी इस लोकतांत्रिक देश का अनिवार्य हिस्सा रही हैं जिनमें खासी भीड़ जुटती है। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन व सरकारों के लिए बड़ी चुनौती होती है। आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो जाए तो ठीक वरना किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर लीपापोती के प्रयास करने में स्थानीय प्रशासन की संपूर्ण मशीनरी पूरे प्राण प्रण से जुट जाती हैं। बड़े नेता व राजनीतिक दल दुर्घटना को दुखद बता कर शोक संवेदना व्यक्त कर देते हैं और सरकारें जांच कमेटी या आयोग का गठन कर अथवा मुआवजे का मरहम लगाकर अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की इतिश्री मान लेती हैं। बाद में समय के साथ ताजा जख्म भरते जाते हैं, रुदन व क्रंदन बंद हो जाता है और दुर्घटना को लगभग भूला दिया जाता है, जब तक कि कोई नई दुर्घटना न हो जाए। लेकिन इन दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता। प्रायः देखा यह जाता है भीड़ की सुरक्षा-व्यवस्था न होने अथवा अपर्याप्त या कुप्रबंध होने से भगदड़ जैसी दुर्घटनाएं होती हैं। कई बार धर्मस्थलों या आयोजनों से जुड़े प्रबंधन और प्रशासन की घोर



लापरवाही या अनदेखी भी इसके लिए जिम्मेदार होती है। अधिकांशतः बड़े आयोजनों या राजनीतिक रैलियों के दौरान यह देखने में आता है कि आयोजकों का पूरा ध्यान अपनी शक्ति, सामर्थ्य अथवा लोकप्रियता के प्रदर्शन पर रहता है और व्यवस्था व जनसुरक्षा को हाशिए पर धकेल दिया जाता है और किसी प्रकार की दुर्घटना से बचने के कोई प्रबंध नहीं किए जाते। अतः ऐसे अवसरों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नियम व कानून के तहत आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन की अनुमति तभी दी जानी चाहिए जब आयोजक सुरक्षा-व्यवस्था की संतोषजनक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। आयोजकों के प्रबंधन कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए। वैसे भारत में भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन को लेकर कोई ठोस नीति या कार्य योजना का नितांत अभाव सदैव बना रहा है। यही कारण है कि अत्यधिक भीड़ जब-तब भगदड़ या अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं का कारण बनती है। प्रायः अनुमान से अधिक भीड़ होना दुर्घटना का कारण बताया जाता है लेकिन वर्तमान डिजिटल तकनीकी के दौर में संभावित भीड़ का अनुमान लगाना बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन की सहायता से बढ़ती भीड़ पर आसानी से नजर रखी जा सकती है। कुंभ मेले जैसे महाआयोजन में शामिल होने और पवित्र नदी में स्नान करने या डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का पूर्वानुमान व सतत निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्थाएं जुटाने का महायज्ञ (अनुपातिक रूप में कुछेक दुर्घटनाओं के अपवाद को छोड़कर) सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है तो इससे छोटे आयोजनों में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता? हर भीड़ अव्यवस्था या भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं में बदल सकती है, यह मानकर ही किसी भी भीड़ वाले आयोजन के अवसर पर सुरक्षा-व्यवस्था तय की जाना की चाहिए। किसी भी धर्मस्थल या आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना पर प्रोजेक्टर या एलसीडी आदि के माध्यम से उसके सीधे प्रसारण के कई स्थानों पर प्रबंध कर भीड़ को एक ही जगह एकत्र होने से रोका जा सकता है। स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की भी सहायता ली जा सकती है। यदि कोई धर्म स्थल पहाड़ी या अधिक ऊंचाई पर, चारों तरफ अन्य निर्माण से घिरा हुआ, संकरा या अधिक अंधेरे में हो तो वहां भीड़ बढ़ने वाले अवसरों पर समुचित प्रकाश के साथ पर्याप्त हवा के प्रबंध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है ताकि भीड़ बढ़ने पर वहां श्रद्धालुओं को गर्मी, घुटन या घबराहट महसूस न हो। फिसलन भरी जगह या संकरे मार्ग भी दुर्घटना की वजह बनते हैं। अतः इस ओर भी ध्यान रखना चाहिए। प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि धर्म स्थलों या आयोजन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था के तार बेतरतीब तरीके से लगे होते हैं या लटके होते हैं। अत्यधिक भीड़ के अवसरों पर धर्मस्थलों अथवा कथा, प्रवचनों के आयोजन स्थलों पर प्रवेश व निर्गम द्वार की व्यवस्थाएं अलग-अलग की जानीचाहिए। इन स्थानों पर आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी सिस्टम व चिकित्सकों सहित एंबुलेंस की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में कोई दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसी स्थल या आयोजन में जुटने वाली भीड़ की संख्या का पूर्वानुमान या आकलन सदैव सही साबित हो। भीड़ अनुमान से अधिक या अत्यधिक भी हो सकती है। अतः ऐसी स्थिति में 'रियल टाइम मॉनिटरिंग' की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो जाती है। इससे भीड़ की वास्तविक संख्या या स्थिति का आकलन कर तत्काल निर्णय लेने में बहुत मदद मिलती है। सबसे महत्वपूर्ण लोगों का स्व अनुशासन, सावधानी व सजगता से भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सेहत
डॉ. रेनू यादव



# डीएनए की रक्षाः जीवन और स्वास्थ्य की आधारशिला


हम अक्सर मानते हैं कि हमारे जीवन के सबसे बड़े खतरे बाहर हैं, जैसे सड़क दुर्घटनाएं, संक्रमण या गंभीर बीमारियां। लेकिन लगातार और सबसे गहरा हमला हमारे शरीर के भीतर मौजूद हमारी कोशिकाओं में डीएनए पर होता है। यह हमला अदृश्य है, हमें दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं। डीएनए हमारे शरीर की सबसे बुनियादी और आवश्यक संरचना है, जिसे जीवन की "निर्देश पुस्तिका" कहा जा सकता है। इसमें हमारे शरीर की बनावट, रंग-रूप, व्यवहार, मेटाबॉलिज़्म और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारी सुरक्षित रहती है। हर कोशिका के केंद्र में मौजूद डीएनए ही यह तय करता है कि कौन-सी कोशिका क्या काम करेगी और शरीर का कौन-सा हिस्सा कैसे विकसित होगा। यदि डीएनए को नुकसान पहुंचता है, तो शरीर की कोशिकाएं गलत ढंग से काम करने लगती हैं, जिससे कैंसर, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन, हृदय रोग और समय से पहले बुढ़ापा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अधिकांश डीएनए क्षति की मरम्मत शरीर की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली स्वयं कर लेती है, किन्तु जब ऐसे आक्रमण निरंतर होते रहते हैं, तो यह तंत्र भी अपनी कार्यक्षमता खोने लगता है। डीएनए को नुकसान पहुंचाने वाले प्रमुख कारक डीएनए पर सबसे बड़ा हमला सूर्य की पराबैंगनी किरणों से होता है। ये किरणें त्वचा की कोशिकाओं में प्रवेश कर उनके आनुवंशिक पदार्थ यानि डीएनए को क्षति पहुंचाती हैं। यदि लंबे समय तक इनसे बचाव न किया जाए, तो यह क्षति त्वचा कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का कारण बन सकती है। इसके अलावा, चिकित्सीय जांचों में प्रयुक्त एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी विकिरणें भी डीएनए को प्रभावित कर सकती हैं। यद्यपि इनका उपयोग चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार ही किया जाता है, परंतु बार-बार इनका संपर्क डीएनए क्षति के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्रदूषित वायु भी डीएनए की एक गंभीर शत्रु है। यही कारण है कि बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी बीमारियां आज विश्वभर में तेजी से बढ़ रही हैं। खानपान का प्रभाव भी कम नहीं है। अत्यधिक तेलयुक्त और प्रसंस्कृत, पैकेटबंद या मिलावटी भोजन शरीर में ऐसे प्रतिक्रियाशील रसायन उत्पन्न करता है जो कोशिकाओं को क्षति पहुंचाकर डीएनए की सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं। लंबे समय तक ऐसा आहार अपनाने से कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ वायरस भी सीधे डीएनए पर आक्रमण करते हैं।

उदाहरण के लिए, एचपीवी, वायरस गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण है, जबकि हेपेटाइटिस बी वायरस लीवर कैंसर से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, तनाव और नींद की कमी भी डीएनए के लिए हानिकारक मानी जाती है। तनाव के दौरान बनने वाले हार्मोन कोशिकाओं की मरम्मत क्षमता को घटा देते हैं, वहीं नींद की कमी से शरीर की प्राकृतिक "रिपेयर प्रणाली" सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पाती। धूम्रपान और शराब सेवन ऐसे कारक हैं जो डीएनए को सीधे क्षति पहुंचाते हैं, जिससे कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डीएनए की क्षति हृदय रोगों को भी बढ़ावा देती है। दिमाग़ी बीमारियाँ, जैसे अल्ज़ाइमर और पार्किंसन भी इसी से जुड़ी पाई गई हैं। समय से पहले बुढ़ापा, झुर्रियों का आना, बालों का झड़ना और शरीर का कमजोर होना भी डीएनए क्षति के संकेत हो सकते हैं। इसके साथ ही, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने पर बार-बार संक्रमण होने लगता है। हालांकि यह अदृश्य हमला पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन कुछ सरल और सजग उपायों से इसके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डीएनए की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है, संतुलित आहार और स्वच्छ वातावरण। ताज़े फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज और दालें शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स प्रदान करती हैं, जो डीएनए की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय रखते हैं। इसी प्रकार, आंवला, हल्दी, ग्रीन टी, अखरोट, बादाम और बेरीज़ का नियमित सेवन भी कोशिकाओं को सुरक्षा देने में सहायक है।

स्वस्थ जीवनशैली डीएनए की रक्षा में अहम भूमिका निभाती है। विश्वभर में वैज्ञानिक डीएनए की सुरक्षा और उसकी मरम्मत के लिए निरंतर नए उपायों पर कार्य कर रहे हैं। किंतु जब तक ये खोजें आम जीवन का हिस्सा नहीं बनतीं, तब तक हमें स्वयं अपनी जीवनशैली, आदतों और परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारे जीवन की पूरी रूपरेखा हमारे डीएनए में ही दर्ज है। यदि यह सुरक्षित और संतुलित है, तो हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य भी सुदृढ़ और स्वस्थ रहेगा। इसलिए अब समय है कि हम इन अदृश्य हमलों के प्रति जागरूक हों और अपने डीएनए की सुरक्षा को जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं क्योंकि सुरक्षित डीएनए ही एक सुरक्षित जीवन की नींव है।

(लेखिका पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सीनियर डेमोंस्ट्रेटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# मतभेद वाले लोगों को सफलता मिलती है कम



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुएं में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## सटाका




## आज की पाती


### युवाओं के सपनों की तस्करी

भारत के अनेक इलाकों में, विशेषकर हरियाणा, पंजाब, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, एक नया और खतरनाक चलन तेज़ी से फैल रहा है–डंकी रूट के ज़रिए विदेश पहुंचने का सपना। यह शब्द डंकी अंग्रेज़ी के शब्द से लिया गया है, जिसका मतलब है बिना अनुमति या अवैध रास्ते से जाना। सुनने में यह किसी फिल्मी कहानी जैसा लगता है, पर हकीकत इससे कहीं ज्यादा भयावह है। इस रूट ने न केवल युवाओं के भविष्य को निगल लिया है, बल्कि समाज और प्रशासन के सामने एक गंभीर मानवीय और आर्थिक संकट भी खड़ा कर दिया है। भारत के ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में विदेश जाना अब सिर्फ एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सफलता का प्रतीक बन गया है। ऐसे में यह जाल तेजी से फैल रहा है। *– पवन कुशवाहा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष में चीन के चालक दल फंसे, वापसी टाली गई


चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात दल की बुधवार को निर्धारित वापसी को टाल दिया गया है। ऐसा संदेह है कि अंतरिक्ष यान पर सूक्ष्म अंतरिक्ष मलबे का प्रभाव पड़ा है। यह घोषणा 'चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी' (सीएमएसए) ने की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि वापसी में देरी का निर्णय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और मिशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन के दल को हर छह महीने में बदलता है। शनिवार को शेनझोउ–20 अंतरिक्ष यान ने शेनझोउ–21 दल के साथ कक्षा में कार्यभार हस्तांतरण पूरा किया था और उसका बुधवार को पृथ्वी पर लौटने का कार्यक्रम था। शेनझोउ–20 में वर्तमान अंतरिक्ष दल सवार है। मंगलवार को अंतरिक्ष स्टेशन पर तैनात तीन सदस्यीय दल ने कार्यभार हस्तांतरण समारोह आयोजित किया और औपचारिक रूप से स्टेशन की चाबियां नए दल को सौंप दीं। आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शेनझोउ–20 दल में शामिल चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जिए ने अपने सभी निर्धारित कार्य पूरे कर लिए हैं और उन्हें बुधवार को उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर लौटना था। हालांकि, अब उनकी वापसी स्थगित कर दी गई है।



## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर–उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह–विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



## ट्रेंड

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि देखकर प्रसन्नता हो रही है। हमारी सरकार अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए



भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही बातचीत व्यापार, निवेश और नवाचार संबंधों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे साझा संकल्प से हम उत्साहित हैं।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### चुल्लू भर ही काफी



जो देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, प्रभु श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं, उन्हें तालाब भर पानी की जरूरत नहीं है, चुल्लू भर ही काफी है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### राहुल का नाटक



न ईवीएम, न वोट चोरी और न संविधान। कड़वा सच यह है कि विरासत का दांव अब राहुल गांधी के लिए कभी ठीक न होने वाला एक घाव बन चुका है। इसलिए वह अपने को खबरों में बनाए रखने के लिए नाना प्रकार के नाटक करते रहते हैं। लेकिन अब उनका कोई दांव नहीं चलेगा।
**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।




## पहले चरण का थम गया शोर, पक्ष-विपक्ष ने दूसरे चरण के लिए लगाया जोर

# नड्डा ने किया वादों- सुविधा व उपहारों का बखान तो सहयोगियों ने महागठबंधन के परिवारवाद और जंगलराज की दिलाई याद

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के मधुबन विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया.। इस दौरानकहा मैं माताओं-बहनों से पूछना चाहता हूं कि आपको नीतीश जी का 10-10 हजार रुपए मिला की नहीं मिला और मेरी बात याद करके रखिएगा, चुनाव के बाद नीतीश कुमार का 75 लाख बहनों को 2-2 लाख रुपए स्वरोजगार के लिए पहुंच जाएगा। किसानों को लेकर जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6 हजार रुपए मोदी जी दे रहे हैं और अब किसानों को इसमें 3 हजार रुपए और जोड़कर 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। नड्डा ने मधुबन में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज मैं आपका जो उत्साह देख रहा हूं, जो उमंग देख रहा हूं, वह मुझे पूरा विश्वास दिला रहा है कि आपने 11 तारीख को एनडीए को चुनाव जिताने का मन बना लिया है।

### आरजेडी पर निशाना- लालटेन बनाम एलईडी युग


कार्तिक पूर्णिमा पर लोगों से मिले भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा।

यह चुनाव सिर्फ मधुबनी के विकास का नहीं है, यह बिहार में स्थिरता लाने और बिहार को विकास की पटरी पर तीव्रता से अग्रसर करने का है। अगर लालटेन युग से आपको छुटकारा मिला है और एलईडी युग में प्रवेश किया है, तो यह नीतीश कुमार की मेहनत और मोदी जी के आशीर्वाद का परिणाम है। आरजेडी पर वार करते नड्डा ने कहा कि एक समय था, जब बिहार में जंगलराज था। दिन में सिर्फ दो-दो घंटे बिजली आती थी, और मोबाइल चार्ज करवाने के लिए जनरेटर वालों के पास जाना पड़ता था, जहां 10-12 रुपए देकर मोबाइल चार्ज करवाना पड़ता था।

### बिहार में भाजपा के लिए सुनामी का माहौल: हिमंता



असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि बिहार में भाजपा और जनता दल के लिए सुनामी है। एनडीए सत्ता में आ रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश का दुश्मन है। न्यायतंत्र, आर्मी को कमजोर करो, जनता के बीच में झगड़ा लगाओ. ये जो 10 प्रतिशत वाली बात है ये देशद्रोह वाली बात है। जो लोग देश के लिए शहीद हुए उनका अपमान होता है।

नगर निगम सख्त

### ठाणे स्थित बंगले के अवैध निर्माण को हटाने भेजा नोटिस

वोटिंग से पहले खेसारी की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अभिनेता को मुंबई के ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम से नोटिस जारी हुआ है। यह उनके मीरा रोड स्थित बंगले में अवैध निर्माण को लेकर है।



छपरा से आरजेडी उम्मीदवार भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को ठाणे के मीरा भायंदर नगर निगम ने मीरा रोड स्थित एक बंगले में अवैध निर्माण को तोड़ने का नोटिस जारी किया है। ऐसे में क्या अभिनेता बिहार में चुनाव के बीच मुंबई लौटेंगे? मीरा भायंदर महानगर पालिका ने एक्टर को नोटिस भेजकर अवैध निर्माण तोड़कर हटाने को कहा है।

तेजस्वी ने वादों की लगाई झड़ी

### भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की



महागठबंधन के सीएम प्रत्याशी तेजस्वी यादव पूर्वी चंपारण में प्रचार कर रहे हैं। तेजस्वी पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर पहुंचे। उन्होंने राजद प्रत्याशी को जिताने की अपील की। तेजस्वी ने कहा भले ही मेरी उम्र कच्ची है लेकिन मेरी जुबान पक्की है। तेजस्वी दवाई, कमाई, सिंचाई, पढ़ाई पर काम करने वाला है। सरकार बनते ही हम हर घर के युवाओं को नौकरी देने का काम करेंगे। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार रिमोट से बिहार में सरकार चलाना चाहती है, जो सही नहीं है। हमारे चाचा जी अचेत अवस्था में हैं लेकिन, हमको उनकी चिंता है हर वादे को पूरा करने का काम किया जाएगा।

### प्रियंका ने मुफ्त इलाज का किया वादा



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। पश्चिम चंपारण में प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी न किसी बात का 'अपमान' ढूंढ लेते हैं, इसलिए उन्हें 'अपमान मंत्रालय' खोल लेना चाहिए। हम 25 लाख तक मुफ्त इलाज करवाएंगे।

### सम्राट के समर्थन में बैठे बसपा प्रत्याशी



तारापुर में मतदान से एक दिन पूर्व बसपा प्रत्याशी आशीष आनंद ने भाजपा प्रत्याशी सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पक्ष में समर्थन देने की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने प्रेस वार्ता कर की। इसमें प्रदेश युवा भाजपा के उपाध्यक्ष सह तारापुर युवा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रमुख व अन्य मौजूद थे।

### पीके को बड़ा झटका, प्रत्याशी भाजपा में



मुंगेर क्षेत्र की राजनीति में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला।निजी होटल में कार्यक्रम के दौरान जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की।

### कुछ बूथों पर बदला वोटिंग का समय



चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग से पहले चुनाव आयोग ने सहरसा ,मुंगेर और जमालपुर क्षेत्रों के सभी बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग कराने का निर्णय लिया है। सूर्यगढ़ में भी वोटिंग शाम के 5 बजे तक होगी।

### तेज प्रताप: जयचंदवा भी बैठा है...



तेज प्रताप यादव और छोटे भाई तेजस्वी यादव एक-दूसरे की विधानसभा सीटों पर विरोध में प्रचार कर चुके हैं। तेजप्रताप ने तेजस्वी के खास सहयोगी संजय यादव को भरे मंचों से कई बार 'जयचंद' कहकर संबोधित किया।

### आरजेडी के मेहता एनडीए में शामिल



राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुरेश मेहता ने कई वर्षों का पुराना नाता तोड़ते हुए अब एनडीए का दामन थाम लिया है। एनडीए कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान वे एनडीए में शामिल हो गए।

किशनगंज में सीएम नीतीश का तंज

### लालू यादव ने सिर्फ अपने परिवार को बढ़ावा दिया

किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ठाकुरगंज में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी गोपाल अग्रवाल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने जीवनभर सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया और अब अपने बेटे-बेटियों को ही बढ़ावा दे रहे हैं। नीतीश ने दावा किया कि 2005 से पहले बिहार में कोई विकास कार्य नहीं हुआ था।



योगी ने बताया कांग्रेस आरजेडी का कारनामा

### सपा माफिया के सहारे टिकी चेले ने चार किले बना लिए

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गया में कहा कि कि कांग्रेस और आरजेडी का यूपी में एक साथी है। समाजवादी पार्टी (सपा)। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में सपा सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर चार किले जैसे मकान बना लिए। जब हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा कि फिर बुलडोजर की सफाई हो जाए न। उसी जमीन पर गरीबों के घर बनाने के लिए ऊंची इमारतें बना दी गईं।



फिर बुलडोजर की कार्रवाई हो ना

गया में रैली संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस-आरजेडी का यूपी में एक पार्टनर है। सपा का एक माफिया चेला था, जिसने लखनऊ में एसपी सरकार के दौरान गरीबों और सरकार की जमीन पर किले जैसे चार घर बना लिए थे। हमारी सरकार आई, तो मैंने कहा, फिर बुलडोजर कार्रवाई हो ना।

ललन बोले: पूरा वीडियो तो सुनते

### आरजेडी का एक दबंग नेता गरीबों को बूथ पर नहीं जाने देता...

केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एक चुनावी रैली के दौरान उनकी कथित टिप्पणी को लेकरकड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिंह ने कहा कि यह वीडियो का सिर्फ एक हिस्सा है, यह पूरा वीडियो नहीं है। सिंह ने कहा कि जिस गांव का यह वीडियो सामने आया है, वहां एक आरजेडी नेता रहता है। वह लोगों को धमकाता है और उन्हें बूथ पर न जाने के लिए डराता है। मैंने कहा कि अगर नेता गरीबों को धमकाते और डराते हैं, तो गांव के लोगों को उन्हें घेरकर बंद कर देना चाहिए। अगर वे (ऐसे नेता) वोट देने जाना चाहते हैं, तो उन्हें मतदान केंद्र ले जाएं।



## खबर संक्षेप

### अभिनेता विजय बने टीवीके के सीएम प्रत्याशी

**चेन्नई।** तमिल फिल्म अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के प्रमुख थलपति विजय को पार्टी ने 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। उन्हें गठबंधन को लेकर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार भी दिया गया है।



### महायुति में एकजुटता गठबंधन जारी रहेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। अगर पूर्व-चुनाव गठबंधन नहीं भी बन पाया, तो चुनाव के बाद महायुति जरूर साथ आएगी। कोल्हापुर में फडणवीस ने कहा कि हम चुनाव को पूरी तरह तैयार हैं।



### सलमान को कंज्यूमर कोर्ट ने भेजा समन

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान पान मसाला विज्ञापन को लेकर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। भाजपा नेता और राजस्थान हाईकोर्ट वकील इंदर मोहन सिंह ने अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उन्होंने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का समर्थन किया, जो उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रहा है।



### कानपुर में ई-ऑटो नाले में गिरा, 2 की मौत

**कानपुर।** यहां के कल्याणपुर इलाके में बुधवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक ई-ऑटो के पलटकर खुले नाले में गिर जाने से 2 लोगों की मौत हो गई और महिलाओं तथा बच्चों समेत 11 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना बिठूर रोड स्थित नवशील धाम पुलिस चौकी के पास सुबह करीब 5 बजे हुई।



## 10 फीसदी आबादी का सेना में कंट्रोल, राहुल पर बरसे रक्षामंत्री राजनाथ

# रक्षाबलों में आरक्षण की मांग कर अराजकता फैला रहे राहुल, सेना को राजनीति में न लाएं

एजेंसी ▶▶ जमुई

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय सेना में देश की 10 फीसदी आबादी का कंट्रोल है। बिहार के जमुई में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह (राहुल गांधी) रक्षाबलों में आरक्षण की मांग करके देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में न घसीटें। अब राहुल गांधी रक्षा बलों में आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। यह देश में अराजकता फैलाने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। हमारी सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर हैं।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के सेना पर दिए बयान पर जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों को राजनीति में घसीटने का आरोप लगाया

### देश की सेनाएं ऐसे मतभेदों से ऊपर

### सेना का प्रमुख कार्य- सैन्य धर्म


बिहार में रैली के दौरान बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों के लिए केवल एक ही धर्म है, सैन्य धर्म। रक्षा मंत्री ने कहा कि आरक्षण होना चाहिए। हम आरक्षण का समर्थन करते हैं और इसे गरीबों को दिया है, लेकिन जब सेना की बात आती है तो हमारे सैनिक केवल एक ही धर्म, सैन्य धर्म का पालन करते हैं। इसके अलावा कोई दूसरा धर्म नहीं है। सेना में राजनीति न लाएं। जब भी देश पर संकट आया है, हमारे सैनिकों ने अपने साहस और पराक्रम से भारत को गौरवान्वित किया है।

### देश की सेनाएं सब चीजों से ऊपर

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमारी सेनाएं इन सब चीजों से ऊपर हैं। रक्षा मंत्री ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल के हालिया मछली पकड़ने के प्रयास पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब कोई चारा नहीं बचा है, इसलिए उन्हें तालाब में कूदना पड़ा। उन्होंने कहा कि राहुल को समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है।


### भारत किसी को उकसाता नहीं

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, बंद नहीं किया गया। अगर आतंकवादी फिर से भारत पर हमला करने की कोशिश करेंगे, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा तो हम उसे बख्शेंगे नहीं।

### आरजेडी ने लोक-लाज छोड़ दी

राजनाथ सिंह ने आरजेडी पर वार करते हुए कहा कि उसका नारा था आइए न बिहार में ठोक देंगे कट्टा कपार में, लेकिन अब लोग कहते हैं आइए न विकसित बिहार में। भ्रष्टाचार करने में आरजेडी ने लोक लाज छोड़ दी लेकिन हम जो कहते हैं वो करते हैं। आज भारत दुनिया के सामने बोलता है, दुनिया के लोग अब भारत की सुनते हैं। सिंह ने दावा किया कि बिहार में दो तिहाई सीटों पर जीत कर एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

### एसआईआर का एक पक्ष यह भी



### बलिया में 2.17 लाख मिले डुप्लीकेट मतदाता, सूची से हटाए जाएंगे

**बलिया।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2026 की तैयारी तेजी से चल रही है। जनपद के 940 ग्राम पंचायतों में कुल 25.36 लाख 822 मतदाता हैं, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 17 ब्लाकों में संभावित 2.17 लाख 189 डुप्लीकेट मतदाता चिह्नित किए गए हैं। जांच के बाद इन सभी मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है।बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनका दो अलग-अलग नाम सूची में शामिल है। सूची का अंतिम प्रकाशन होने से पूर्व डुप्लीकेट नाम हटाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्रदेश से जारी सूची में बलिया में 6.21 लाख 974 मतदाताओं के डुप्लीकेट होने की संभावना व्यक्त की गई है। अब निर्वाचन अधिकारी की ओर से बीएलओ को लगाया गया है। बीएलओ हर गांव में डुप्लीकेट मतदताओं को चिन्हित कर रहे है। ग्राम पंचायतों में संभावित उम्मीदवारों की नजर परिसीमन पर टिकी हुई है। इस बार 1460 केंद्रों के 3919 बूथों पर मतदान कराने की तैयारी है। चुनाव के लिए पदवार मतपत्र भी एक सप्ताह के अंदर जिले में पहुंच जाएंगे।

मांड्या जमीन अधिग्रहण का मामला

# ऑफिस के सामने आत्मदाह करने वाले किसान की मौत

- मंजेगौड़ा की जमीन वन विभाग से सटी हुई है,दोनों पक्षों का स्वामित्व विवादित
- तहसीलदार से भूमि सर्वेक्षण कराने की बार-बार मांग की,कोई कार्रवाई नहीं की


पहले कार्यालय ले गए थे किसान को।

एजेंसी ▶▶ मांड्या

कर्नाटक के मांड्या जिले में जमीन अधिग्रहण का मुआवजा न मिलने से नाराज एक किसान ने आत्मदाह कर लिया। मूदानहल्ली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय एमडी मंजेगोड़ा ने मंगलवार को जिला आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित कावेरी पार्क में पेट्रोल डालकर खुद को आग के हवाले कर दिया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की और उन्हें मांड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया। विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### वर्षों से कर रहा था मुआवजे का इंतजार

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मंजेगोड़ा कई वर्षों से अपनी जमीन के अधिग्रहण मुआवजे का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उन्हें न तो मुआवजा मिला और न ही वैकल्पिक जमीन आवंटित की गई। मांड्या पुलिस ने बताया कि अब तक परिवार की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा हमें अभी परिवार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच शुरू की जाएगी। इसने कई तरह के सवालों को जन्म दे दिया है ।

### अफसरों के काटे चक्कर पर नहीं मिला लाभ

बताया जा रहा मंजेगौड़ा की कृषि भूमि वन विभाग की जमीन से सटी हुई है। वन विभाग का दावा है कि विवादित भूमि उनकी है, जबकि मंजेगौड़ा का कहना है कि वह जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। उन्होंने कई बार तहसीलदार से भूमि का सर्वेक्षण कराने की मांग की, ताकि उनके स्वामित्व की पुष्टि हो सके और वे खेती कर सकें, लेकिन उनकी अपीलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को मंजेगौड़ा ने जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या दोहराई, लेकिन वहां भी उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। जब मंगलवार को भी यही रवैया देखने को मिला, तो उन्होंने हताश होकर कार्यालय के बाहर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और मंजेगौड़ा को गंभीर हालत में मंड्या के एमआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया था।

इंडिगो ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

# भीड़भाड़ के कारण इंतजार करें, दिल्ली में उड़ानें थमीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो ने मंगलवार को यात्रा सलाह जारी कर यात्रियों को चेताया कि दिल्ली से उड़ान संचालन वायु यातायात भीड़भाड़ के कारण प्रभावित हो सकता है, जिससे देरी और यात्रियों के लिए लंबा इंतजार हो सकता है। एयरलाइन ने यात्रियों से रीयल-टाइम अपडेट जांचने का आग्रह किया। दिल्ली में वायु यातायात भीड़भाड़ के कारण उड़ान संचालन वर्तमान में प्रभावित है। हम आपकी धैर्य कसराहना करते हैं।


हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो के विमान।

यात्री अनिल कुमार वाधवा ने बताया कि उनकी उड़ान एक घंटे दस मिनट की देरी से है और उन्हें हवाई अड्डे जाते संदेश मिला। वह समय पर घर से निकले थे, लेकिन वह बाहर इंतजार करने पर मजबूर हो गए।

भाजपा 7-26 तक देशभर में सामूहिक वंदे मातरम का करेगी आयोजन

# टैगोर की धरती में कल 1100 स्थानों पर सामूहिक गायन होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*करगिल वॉर मेमोरियल, अंडमान-निकोबार की सेल्युलर जेल, सोमनाथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, गेटवे ऑफ इंडिया, नमो घाट सहित देशभर के 150 प्रमुख स्थलों पर सामूहिक वंदे मातरम का गायन होगा। इसके साथ ही, विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर निबंध, कविता और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी*

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर, इस ऐतिहासिक अवसर को जनजागृति का रूप देने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 7 नवंबर से 26 नवंबर तक देशभर में सामूहिक वंदे मातरम गायन, यात्राएं, सांस्कृतिक आयोजन और देशभक्ति के कार्यक्रमों के माध्यम से इस राष्ट्रीय गीत के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।



चुघ ने कहा कि देश की आजादी का धेय वाक्य के रूप में लाखों क्रांतिकारियों के जीवन में, उनके कार्य में वंदे मातरम एक उद्घोष के रूप में काम आया। देश के कई स्वतंत्रता सेनानी, वंदे मातरम कहते हुए फांसी चढ़ गए और विदेशी आक्रांताओं के दमन को भी सहा। वंदे मातरम, भारत की अंग्रेजों से मुक्ति का एक बड़ा मंत्र बनकर उभरा।उन्होंने कहा 7 नवंबर को पूरे देश में 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार की ओर से 150 प्रमुख स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम का आयोजन होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्णय लिया है कि पार्टी 7 नवंबर से लेकर 26 नवंबर, संविधान दिवस तक सामूहिक वंदे मातरम गायन के अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन करेगी। करगिल वॉर मेमोरियल अंडमान-निकोबार सेलुलर जेल तक सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया जाएगा।

### सोमनाथ और स्टैचू ऑफ यूनिटी में होगा कार्यक्रम

गुजरात में सोमनाथ, स्वराज आश्रम और स्टैचू ऑफ यूनिटी में कार्यक्रम होंगे। गेटवे ऑफ इंडिया, तेलंगाना के वरंगल में डॉक्टर आंबेडकर का स्टैचू और गोलकुंडा में बाबू जगजीवन राम का स्टैचू ,उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की मूर्ति, आगरा के शहीदी स्मारक,फिरोजाबाद में जैन मंदिर, नमो घाट, तमिलनाडु के अरोड़ में फ्लैग सेवियर कुमारन मेमोरियल,विलोर फोर्ट, शिवगंगा फोर्ट, पुलिस ग्राउंड पर भी जनप्रतिनिधि राष्ट्रगीत का गायन करेंगे।

# अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को दिलाई बड़ी जीत चुनाव बाद राष्ट्रपति ट्रंप को मिली पहली बड़ी हार

**भारतीय मूल के तीन नेताओं ने रचा इतिहास**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मूल के तीन उम्मीदवारों ने अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है और पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पहली हार का सामना करना पड़ा है। जोहरान ममदानी, आफताब पुरेवाल और गजाला फिरदौस हाशमी उन प्रमुख डेमोक्रेट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी, सिनसिनाटी और वर्जीनिया में अहम चुनाव जीते हैं। इन तीनों नेताओं को ऐसे समय में जीत मिली है, जब डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार चुनावी झटकों का सामना कर रही थी। इसलिए इस जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक दोनों दृष्टि से बड़ा महत्व है।

नतीजे 2026 के मध्यवर्ती चुनावों और 2028 के राष्ट्रपति चुनावों पर डालेंगे असर!

अमेरिका की राजनीति में बढ़ रहा भारतीय मूल के उम्मीदवारों का प्रभाव

## न्यूयॉर्क मेयर बने जोहरान ममदानी

### सिटी हॉल का वीडियो साझा किया, जिस पर 'जोहरान फॉर न्यूयॉर्क सिटी' लिखा था

*अपनी जीत के बाद अपनी पहली एक्स पोस्ट में ममदानी ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें सिटी हॉल में एक न्यूयॉर्क मेट्रो ट्रेन खुलती दिखाई दे रही थी और दीवार पर "जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी" लिखा हुआ था। सिटी हॉल वह जगह है, जहां मेयर कार्यालय स्थित है। जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर कुओमो को हराया, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार स्लीवा ने नाम नहीं वापस लिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की भारी आलोचना के बावजूद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को चुनाव में सफलता मिली।*



जोहरान ममदानी ने बुधवार को जनता को संबोधित किया

### अमेरिका में मच रही 'समोसा कॉकस' की धूम

अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले 'समोसा कॉकस' की चर्चा अब खूब हो रही है। बता दें, अमेरिका में चाहे राज्य स्तर पर हो या संघीय स्तर पर निर्वाचित पद संभालने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय को ही समोसा कॉकस कहा जाता है। यह अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय-अमेरिकी सांसदों के एक समूह को दिया गया एक उपनाम है। यह उपनाम उस चीज को दर्शाता है जिसमें साउथ एशियाई मूल के खासकर भारतीय मूल के विधायकों की बढ़ती संख्या शामिल है।

**डेमोक्रेट्स सत्ता में आए तो हालात खराब होंगे: ट्रंप**

*जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर सीधा हमला बोला है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी सत्ता में आती है तो देश बहुत खराब स्थिति में पहुंच जाएगा। ट्रंप ने आगे कहा अगर हम सब वही करें जो मैं कह रहा हूं, तो डेमोक्रेट्स कभी सत्ता हासिल नहीं कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि वे देशहित में ऐसे कई कानून पारित करेंगे जो अमेरिका की प्रगति को मजबूत बनाएंगे और डेमोक्रेट्स की नीतियों का विरोध करेंगे।*

## वर्जीनिया की एलजी चुनी गईं गजाला



गजाला हाशमी

गजाला हाशमी का जन्म भारत में हुआ था। उन्होंने वर्जीनिया में लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार जॉन रीड को हराया। हाशमी पहली बार नवंबर 2019 में वर्जीनिया सीनेट के लिए चुनी गई थीं। हाशमी चार साल की थीं जब वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ भारत से अमेरिका आईं और जॉर्जिया में अपने पिता के साथ रहने लगीं। हाशमी ने करीब 30 साल तक पहले यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड में और फिर रेनॉल्ड्स कम्युनिटी कॉलेज में बतौर प्रोफेसर पढ़ाया। हाशमी और उनके पति अजहर साल 1991 में शादी के बाद वर्जीनिया के रिचमंड में बस गए।

## सिनसिनाटी के मेयर चुने गए आफताब



आफताब पुरेवाल

ओहायो के शहर सिनसिनाटी के भारतीय मूल के मेयर आफताब पुरेवाल भी विजयी रहे। पुरेवाल ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कोरी बोमन को हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। 43 वर्षीय पुरेवाल, जो पहले अमेरिका में विशेष सहायक अटॉर्नी रह चुके हैं, ने 2021 में करीब 66 फीसदी वोट पाकर पहली बार मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी। पुरेवाल की मां तिब्बती हैं। वह बचपन में चीन के कब्जे से भागकर दक्षिण भारत के एक शरणार्थी शिविर में पली-बढ़ीं। वहीं, उनके पिता पंजाबी हैं। उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने ट्रंप समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार कोरी बोमन को हराया, जो अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के सौतेले भाई हैं।

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों की आतंकियों संग मुठभेड़



**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के छतरू में यह अभियान शुरू किया। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को 'ऑपरेशन छतरू' नाम दिया गया है। भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें किश्तवाड़ में इस ऑपरेशन में शामिल हैं। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। अभियान जारी है।

### नौसेना में आज शामिल होगा स्वदेशी जहाज 'इक्षक'



**नई दिल्ली।** भारत का पहला स्वदेशी सर्वे पोत 'इक्षक' 6 नवंबर को नौसेना में शामिल होगा। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और पोत को औपचारिक रूप से नौसेना की सेवा में शामिल करेंगे। इस नौसैनिक पोत का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस पोत में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों तथा सामग्री का उपयोग किया गया है।

### उड़ते प्लेन के दरवाजे से लटकीं यूट्यूबर मिशेल



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी यूट्यूबर मिशेल हरी ने लॉकहीड सी-130 सैन्य विमान के दरवाजे से लटककर खतरनाक स्टंट किया। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसे देखने के बाद लोग कह रहे हैं ये तो किसी हॉलीवुड एक्शन फिल्म का सीन लगता है। मिशेल हरी की उम्र सिर्फ 33 साल है। वीडियो में विमान ने कुछ ही पलों में 260 किमी प्रति घंटे की गति पकड़ ली और तेजी से 600 मीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान मिशेल सिर्फ अपने दोनों हाथों के सहारे विमान के दरवाजे से लटकी रहीं।

### रूस बना रहा आवाज से 3 गुना तेज मिसाइल



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की है कि रूस ने अगली पीढ़ी की परमाणु ऊर्जा चालित क्रूज मिसाइलों का विकास शुरू कर दिया है। ये नई मिसाइलें ध्वनि की गति से तीन गुना तेज होंगी, और भविष्य में ये हाइपरसोनिक क्षमता वाली होंगी। उन्होंने कहा कि 'अवंगार्ड' सामरिक मिसाइल प्रणाली और 'ओरेश्निक' मध्यम दूरी वाली मिसाइल प्रणाली तैयार कर ली है, इसे ड्यूटी पर लगा दिया गया है और इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो चुका है।

## व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बोलीं

# भारत-यूएस संबंधों के भविष्य को लेकर बहुत सकारात्मक महसूस करते हैं ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

लेविट ने संवाददाता सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम से फोन पर बात भी की थी



कैरोलिन लेविट

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन क्लेयर लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को लेकर 'बहुत सकारात्मक' महसूस करते हैं। लेविट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस बारे में बहुत सकारात्मक और दृढ़ महसूस करते हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि कुछ हफ्ते पहले उन्होंने दिवाली के अवसर पर ओवल ऑफिस में कई वरिष्ठ भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी और उस दौरान पीएम (नरेंद्र मोदी) से फोन पर बात भी की थी। उन्होंने कहा कि भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर 'बेहतरीन' प्रतिनिधि हैं। जो वाशिंगटन का बहुत अच्छी तरह प्रतिनिधित्व करेंगे।

### राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं



फाइल फोटो: पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ट्रेड डील पर भारत संग लगातार गंभीर चर्चा हो रही

#### व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही

अमेरिकी प्रेस सचिव ने आगे कहा कि राष्ट्रपति और उनकी व्यापार टीम ट्रेड डील विषय पर भारत के साथ लगातार गंभीर चर्चा कर रही है। पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया में ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने के संकेत दिए हैं। उन्हें उम्मीद थी कि भारत के साथ एक नया व्यापार समझौता हो जाएगा। लेकिन भारत द्वारा रूसी तेल खरीद के जवाब में भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद ये प्रभावित हुई। इससे पहले 28 अक्टूबर को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) से पहले बोलते हुए, ट्रंप ने पीएम मोदी को 'सबसे अच्छे व्यक्ति' भी कहा था।

### दोनों के बीच अक्सर बातचीत होती है

*संवाददाताओं के एक सवाल पर लेविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और दोनों के बीच अक्सर बातें होती हैं। पिछले महीने ट्रंप ने ओवल ऑफिस में दिवाली समारोह की मेजबानी की थी, जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा, कई प्रमुख भारतीय-अमेरिकी कारोबारी नेता और सामुदायिक प्रतिनिधि शामिल हुए थे। ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर दिवाली की शुभकामनाएं भी दी थीं। इस पर मोदी ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि भारत और अमेरिका दोनों मिलकर दुनिया को आशा की किरण से आलोकित करते रहेंगे तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहेंगे।*

**कांग्रेस ने दागा सवाल**

### ट्रंप से हो रही बात को पीएम क्यों छिपाते हैं? किससे डर रहे?



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

कांग्रेस ने लेविट के बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि आखिर पीएम नरेंद्र मोदी इस बात से इनकार क्यों करते हैं कि उनकी ट्रंप के साथ बातचीत होती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कैरोलिन लेविट की टिप्पणी का वीडियो साझा किया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 10 मई को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री (मार्को रुबियो) की घोषणा से भारत के लोगों को पता चला कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अचानक रोक दिया गया है। अब व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट से भारत के लोगों को पता चला है कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार (या) सौदे पर अक्सर एक-दूसरे से बात करते रहे हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा कि दोनों नेताओं को वास्तव में एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। रमेश ने सवाल किया कि लेकिन पीएम इसे मानने से इनकार क्यों करते हैं? वह यह मानने से इनकार क्यों करते हैं कि वह राष्ट्रपति ट्रंप से बात करते हैं? वह किससे डरते हैं?

## भारत-जापान फोरम में जयशंकर बोले

# दोनों देशों के संबंध और गहरे हुए, 10 ट्रिलियन येन निवेश का है लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 8वें भारत-जापान हिंद-प्रशांत फोरम में शामिल हुए। इस दौरान विदेश मंत्री ने भारत और जापान के संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में भारत और जापान के बीच के संबंध और भी गहरे हुए हैं। जयशंकर ने कहा कि मुझे इस संवाद के नवीनतम संस्करण को एक बार फिर संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। दिल्ली पॉलिसी ग्रुप और जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स को मेरी बधाई। हमारी साझेदारी, जो पिछले दशकों में पहले से कहीं अधिक एक-दूसरे पर निर्भर रही है, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता में योगदान देने का काम करती है। एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखना एक मजबूत तुलनात्मक और साथ ही एक जटिल चुनौती भी है।

### साझेदारी को मजबूत कर रहे

जयशंकर ने कहा कि भविष्य में, भारत-जापान साझेदारी को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टरों, महत्वपूर्ण खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दो प्रमुख लोकतंत्रों और समुद्री राष्ट्रों के रूप में, भारत और जापान की हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। हिंद-प्रशांत महासागर पहल हमारे योगदान को आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है।

### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप एक द्विपक्षीय संबंध, जो विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने में परिलक्षित होता है। अगस्त में पीएम मोदी की जापान यात्रा ने अगले दशक के संयुक्त दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया। अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन येन का निवेश लक्ष्य है।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर कर रहे चर्चा

# जल्द ही समझौते पर बनेगी अंतिम सहमति, दोनों पक्षों के लिए खोलेगा बड़े अवसर



ऑकलैंड में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूजीलैंड के दौरान में है। वे भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा कर रहे हैं। दोनों पक्ष समझौते से जुड़ी वार्ता को जल्द पूरा करना चाहते हैं। संभावना जताई जा रही है कि अगले कुछ महीने में समझौते पर अंतिम सहमति बन सकती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि यह समझौता दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर खोलेगा।

### दोनों देश सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लकसन ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग से न केवल व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम कर रहे हैं।

### नवाचार और उन्नत तकनीक से मिलेगा लाभ

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड की साझेदारी साझा दृष्टिकोण और आपसी हितों पर आधारित है। एक न्यायसंगत और संतुलित एफटीए दोनों देशों के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। न्यूजीलैंड जहां भारत के विशाल बाजार से लाभान्वित हो सकता है वहीं, भारत को न्यूजीलैंड के नवाचार और उन्नत तकनीक से लाभ मिलेगा। एफटीए से जुड़ी वार्ताओं को गति देने पर विशेष चर्चा हुई। समझौते को लेकर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है। कई संवेदनशील और गंभीर मुद्दे हैं।

## भारत की सुपरसोनिक मिसाइल का बज रहा डंका

# ब्रह्मोस खरीदने वाला दूसरा देश बनेगा इंडोनेशिया, जल्द होगी डील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





ब्रह्मोस मिसाइल

'मेक इन इंडिया' के साथ 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के अपने नारे के साथ तेजी से आगे बढ़ते भारत के लिए अब वो दिन दूर नहीं। जब वो इंडोनेशिया के साथ भी ध्वनि की गति से भी तेज गति से दुश्मन पर वार करने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की खरीद को लेकर एक समझौता करेगा। इसी के साथ फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया आसियान समूह का दूसरा देश बन जाएगा। जिसने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद की है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस मामले में बातचीत से संबंधित प्रक्रिया से जुड़े हुए सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने का काम पूरा हो गया है। अब केवल रूस से मामले पर स्वीकृति मिलने का इंतजार है। जिसके बाद समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। बता दें, ब्रह्मोस भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। जिसने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भी प्रयोग किया था।

## बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बदरीनाथ धाम



**चमोली।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों में से एक बदरीनाथ धाम में अचानक से मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार सुबह से लगातार तेज बर्फबारी हो रही है और चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। बर्फबारी होने की वजह से तापमान काफी गिर गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में कमी नहीं है, बर्फबारी के बीच भी भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटक भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं। बीते दिन का अधिकतम तापमान −1° सेल्सियस और न्यूनतम तापमान −12° सेल्सियस तक रहा था।

## ईएसटीआईसी कार्यक्रम में इसरो प्रमुख नारायणन का खुलासा

# 7 नवंबर को निसार उपग्रह को ऑपरेशनल घोषित करेंगे

*हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा रहा, अब तक मिले सभी डेटा की जांच पूरी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इसरो प्रमुख वी. नारायणन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि नासा और इसरो मिलकर तैयार किया गया उपग्रह 'निसार' को इस शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर काम करना शुरू कर देगा, यानी यह ऑपरेशनल हो जाएगा। 'एमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ईएसटीआईसी)' में उन्होंने यह जानकारी साझा की। नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) अब तक का सबसे महंगा 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' माना जा रहा है। इसमें यह क्षमता है कि यह हर 12 दिनों में दो बार पृथ्वी की ज्यादातर भूमि और बर्फ से ढकी सतहों की निगरानी कर सकता है।



निसार उपग्रह

### निसार रात-दिन डेटा एकत्र कर सकेगा

एल-बैंड रडार घने जंगलों की छतरी के आर-पार डेटा एकत्र कर सकता है और इससे मिट्टी में नमी, घनी वनस्पति (फॉरेस्ट बायोमास) और जमीन व बर्फ की सतहों की गति मापी जा सकती है।

### दो एसएआर प्रणाली को साथ ले गया

उन्होंने कहा कि अब तक मिला सभी डेटा बेहतरीन हैं। हर 12 दिन में पृथ्वी को स्कैन किया जा सकता है। निसार मिशन ऐसा पहला मिशन है जो दो एसएआर प्रणाली (एल-बैंड और एस-बैंड सेंसर) को एक साथ ले जा रहा है।

**जनवरी में होगा गगनयान मिशन का पहला परीक्षण**

*इसरो प्रमुख ने आगे बताया कि गगनयान मिशन का पहला मानव रहित परीक्षण जनवरी में किया जाएगा। इसरो का लक्ष्य है कि 2027 तक भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजा जाए। उन्होंने बताया कि इस मिशन के लिए अब तक 8,000 से ज्यादा परीक्षण किए जा चुके हैं। इसरो पहले तीन मानव रहित उड़ानें संचालित करेगा, उसके बाद अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### बैंकर्स क्लब का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**संतनगर।** बैंकर्स क्लब का पारिवारिक दीपावली मिलन समारोह गत दिवस साधु वासवानी स्कूल प्रांगण, संत हिरदाराम नगर में मनाया गया। क्लब के अध्यक्ष सुंदर किशनानी नें बताया कि बैंकर्स क्लब के सदस्य बैंकर होने के साथ साथ सर्वगुण संपन्न भी हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान संगीत की महफिल को इतना सजाया कि उपस्थितजन मंत्र-मुग्ध होकर हो गए। गायकों में नंद कुमार सनमुखानी, भगवान-मुक्ता चंदानी, दिलीप शीला-किशनानी, महासचिव गुलाब जेठानी, अध्यक्ष सुन्दर किशनानी, परमानंद पेसवानी, जय-वृद्धि सबनानी, प्रकाश डिगंलानी, सोनिया खुशलानी, दिशा (लता) केसवानी, रमेश नागानी आदि शामिल थे ।

### राजू बने एसआईआर के भोजपुर विस प्रभारी



**औबेदुल्लागंज।** रायसेन जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक देवेंद्र पटेल ने मंडकासिया पंचायत के सरपंच राजू मेहरा को बूथ लेवल अभिकर्ता बीएलए की नियुक्ति एवं एसआईआर को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से भोजपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया। मंडीदीप ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दीपेश मीणा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेश जैन, विनोद इरपाचे, नेता संजय सिंह, पार्षद राजेश खटीक, परेश नागर, हरजीत सिंह मग्गू, आशीष गौर, दुर्गेश यादव, रेवा शंकर राय आदि ने बधाई दी।

### जेल प्रहरी के भतीजे ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू जेल कॉलोनी में जेल प्रहरी के भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ड्यूटी से लौटे उसके चाचा ने उसका शव पंखे पर रस्सी के सहारे लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के पुलिस के अनुसार अभिषेक ओझा पिता जगदीश ओझा (22) मूलतः मुरैना का रहने वाला था। उसके चाचा बृजेश कुमार ओझा जेल विभाग में जेल प्रहरी हैं। वे अकेले यहां शासकीय आवास में रहते हैं। तीन दिन पहले ही अभिषेक चाचा के पास आया हुआ था। मंगलवार सुबह करीब दस बजे चाचा ड्यूटी चले गए। घर में अभिषेक अकेले था। दोपहर करीब दो बजे चाचा ड्यूटी कर लौटे तो उन्होंने अभिषेक का शव फांसी के फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव मर्चूरी भेज दिया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 7038 | | |
| दिन: | 147 | 23 | 120 |
| रात: | 440 | 88 | 189 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 459 | 87 | 467 |
| रात: | 390 | 28 | 558 |


## मंडीदीप में आबकारी विभाग के आदेश का नहीं हो रहा पालन, जगह-जगह बिक रही अवैध शराब

# दो दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध शराब के अड्डे 5 सालों में बंद नहीं करवा पाए विभाग के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

लगातार मंडीदीप में बिक रही अवैध शराब को लेकर अब आबकारी विभाग चुप्पी साधे हुए है। 5 साल बीत जाने के बाद भी शहर के 3 बड़े ठिकाने जहां भारी मात्रा में अवैध शराब की बिक्री हो रही है, जिसे अभी तक बंद नहीं किया जा सका। नयापुरा, मिर्ची मोहल्ला और थाना मंडीदीप के आस-पास जहां शराब के साथ साथ गांजे की खुब बिक्री हो रही है।

ज्ञात हो कि मंडीदीप में आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकान का आवंटन 2025-2026 के लिए 60 करोड़ से अधिक का ठेका जी एंड जी ग्रुप उदयपुरा को मिला है, जिसमें मंडीदीप वृत में चार मुख्य दुकान हैं, जिसमें मंडीदीप मंगल बाजार, गल्ला मंडी, सतलापुर, दाहोद है। इन चारों दुकानें के अलावा नगर में दो दर्जन जगहों पर अवैध रूप से शराब परोसा जा रहा है। ठेकेदार और पुलिस विभाग द्वारा बड़ी मात्रा में जगह-जगह शराब बेची जा रही है। शराब ठेकेदार के 5 वाहन में काली फिल्म लगी है, उसमें सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक बे रोक टोक मंदिरा की सप्लाई की जाती है। वहीं आबकारी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में में एक-दो कार्रवाई कर अपनी वाहवाही लूट रही है।



शराब ठेकेदार के वाहन में काली फिल्म लगी हुई।

### शिकायत के बाद भी नहीं होती कार्रवाई

मंडीदीप के कई आम जन द्वारा अवैध शराब की बिक्री, ज्यादा मूल्य और शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की जाने की कियतें पुलिस और आबकारी विभाग से की, लेकिन अब तक कोर्ठ कार्रवाई नहीं हुई।

**तय कीमत से ज्यादा में बिक रही शराब**

आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जो शराब की बोतल में रेट तय है, उससे ज्यादा में बेचना कानूनन अपराध है, जिसका मखौल शराब ठेकेदार द्वारा अधिक मूल्य लेकर उड़ा रहे हैं।

### दुकानों में नहीं लगी रेट लिस्ट

मंडीदीप समेत चारों दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगाई गई है, जिससे आम लोगों को ठगा जा रहा है। ज्यादा रेट में शराब को लेकर आबकारी विभाग को भी करोड़ों रुपए के राजस्व की चपत लग रही है।

### अधिकारी को कार्रवाई के लिए कहता हूं

मैं अभी औबेदुलगंज अधिकारी को कार्रवाई के लिए कहता हुं, कार्रवाई होगी। मे अभी बीसी में हुं, आपको फोन लगाता हुं।

**दीपक अवस्थी**
जिला आबकारी अधिकारी, रायसेन

### अवैध शराब पकड़ने गई आबकारी टीम पर किया हमला, अधिकारियों के वाहन तक तोड़े

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले चौरई ग्राम आमाझिरी में कच्ची शराब बनाए जाने को लेकर कार्रवाई करने पहुंची आबकारी विभाग की टीम पर अचानक शराब तस्करों ने हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने विभाग के शासकीय वाहन में तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि चौरई वृत्त में पदस्थ सहायक आबकारी अधिकारी 50 वर्षीय भारती पति जियालाल गौंड अपने दलबल के साथ चौरई के ग्राम आमाझिरी पहुंची थी। विभाग को सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से ग्राम के आसपास क्षेत्रों में कच्ची शराब की भट्टियों के संचालन और निर्माण की शिकायत सामने आई थी। मंगलवार को टीम वाहन के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची तो अवैध शराब तस्करों ने इकट्ठे होकर वाहनों पर तोड़फोड़ कर दी तथा विभाग को कार्रवाई करने से रोक दिया। इस घटना के बाद सहायक जिला आबकारी अधिकारी भारती गौंड की शिकायत पर चौरई पुलिस ने सुमित (18) पिता जीवन पंद्राम, पवन उइके, संतराम तेकाम, सीताराम उइके निवासी आमाझिरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## आनंद नगर में देव उठनी ग्यारस के दिन हुआ हादसा

# हाईटेंशन लाइन से गन्ने में उतरा करंट: पिता, बेटा और पोता झुलसा

### बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, बेटा और पोते की स्थिति स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में देव उठनी ग्यारस के दिन हाईटेंशन लाइन से झुलसे बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में उनका बेटा और पास खड़ा पोता भी झुलसा था। दोनों की स्थित स्थिर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार शंकरलाल विश्वकर्मा (78) मानव विहार, कॉलोनी आनंद नगर में रहते थे। वे कारपेंटर थे, लेकिन उम्रदराज होने के कारण काम छोड़ दिया। अब उनका बेटा दीपक कारपेंटर का करता है। दीपक ने पुलिस को बताया कि देव उठनी ग्यारस के दिन शंकरलाल ने मार्केट से गन्ने खरीदकर लाए थे। दूसरी मंजिल की छत पर पूजा-पाठ करनी थी। छत पर वे उनका चार साल का बेटा विनय और शंकरलाल थे।



शंकरलाल विश्वकर्मा, मृतक

शंकर लाल ने पूजा के लिए गन्ने जमा रहे थे, तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के संपर्क में गन्ना आ गया। इससे तगड़ा धमाका हुआ और शंकरलाल झुलस गए। उन्हें बचाने के प्रयास में दीपक को भी करंट लगा था, जबकि पास खड़ा चार साल का विनय भी झुलसा था। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार रात शंकरलाल की मौत हो गई।

### गंगा नगर झुग्गी में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, शरीर पर मिले चोट के कई निशान

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गंगा नगर झुग्गी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश रिश्तेदार ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार मनीषा अहिरवार पति मनोज अहिरवार (26) मूलतः सागर जिले की रहने वाली थी। वर्ष 2017 में उसकी शादी मनोज अहिरवार से हुई थी। मनोज और मनीषा के दो बच्चे हैं। मनोज होटल में कुक का काम करता है। इसके अलावा एक अन्य जगह काम करता है। दो जगह काम करने के कारण वह घर में कम समय के लिए जाता था। मनोज का रिश्तेदार मदन अहिरवार जूस का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि वह जूस के लिए फल और अन्य सामान मनोज अहिरवार के घर फ्रिज में रहता था। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे वह मनोज के घर फ्रिज में रखा सामान लेने गया था। इसी दौरान उसने मनीषा को फांसी के फंदे पर लटके देखा। उसने मनोज को सूचना दी। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस का कहना है कि मनीषा के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। परिजन के बयान दर्ज हो गए है। बस पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### बेकरी में चोरी करने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भोपाल।** कलेक्ट्रेट के सामने बेकरी का कांच तोड़कर सामान व नगदी समेत हजारों रुपए का मशरूका चोरी करने वाले बदमाश को कोहेफिजा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चारी का माल बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार प्रभु नगर ईदगाह हिल्स निवासी संजय तलरेजा की कलेक्ट्रेट के सामने संजय फ्रेश बेक एवं चीनी कम नाम की दुकान है। विगत तीन-चार नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी दुकान का कांच तोड़कर चोरी की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही रोहित गौर उर्फ नानू (24) निवासी सईद नगर कोहेफिजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया माल बरामद कर लिया है।

## हुजूर क्षेत्र के शहर और गांव के विकास में मुझे कोई अंतर नजर नहीं आताः तोमर

# भोपाल-इंदौर मार्ग पर 31 करोड़ से बनने वाले सिक्स लेन फ्लाईओवर निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

हुजूर विधानसभा में विकास के बलबूते पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहर की तरह विकास की अविरल धारा बह रही है। पिछले अनेक वर्षों से मैं विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ उनकी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाता रहा हूं। हुजूर विधानसभा में अधिकतम ग्रामीण क्षेत्र होने के बाद भी शहर और गांव के विकास में मुझे कोई अंतर नजर नहीं आता। यह बात बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने हुजूर विधानसभा के खजूरी स्थित भोपाल इंदौर मार्ग पर 31 करोड़ से बनने वाले सिक्स लेन फ्लाईओवर निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। गौरतलब है कि की 31 करोड़ की लागत से 850 मीटर लंबे सिक्स लेन और फ्लाईओवर का निर्माण एमपीआरडीसी द्वारा किया जाएगा।

सिक्स लेन, फ्लाइओवर हुजूर की पहचान बन गएः रामेश्वर शर्मा



**संतनगर।** भूमिपूजन कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, रामेश्वर शर्मा और अन्य।

इस अवसर पर क्षेत्रिय विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हुजूर विधानसभा में चौतरफा सड़कों एवं फ्लाईओवर के निर्माण किए जा रहे हैं। कोलार में भोपाल की पहली सबसे लंबी सिक्स लेन रोड के बाद तीन सिक्स लेन फ्लाईओवरों के निर्माण ने हुजूर विधानसभा को सिक्स लेन विधानसभा के नाम से भी पहचाने जाने लगा है। निश्चित रूप से आप सभी के स्नेह आशीर्वाद और सहयोग के बदौलत संभव हुआ है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया की हुजूर विधानसभा में पिछले 5 दिनों में 70 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि भोपाल बायपास आज की स्थिति में फोर लेन है, इसलिए विभागीय अधिकारियों ने इस फ्लाईओवर को फोर लेन में प्रस्तावित किया था। जिस पर उनके द्वारा आपत्ति व्यक्त करते हुए भविष्य की संभावनाओं एवं उज्जैन महाकुंभ को दृष्टिगत उक्त फ्लाईओवर को सिक्स लेन में निर्मित किया जाए, ऐसी मांग मुख्यमंत्री मोहन यादव से की, जिस पर मुख्यमंत्री ने इसे सिक्स लेन किए जाने संबंधी निर्देश संबंधितों को दिए।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार, 5.150 किग्रा गांजा जब्त

**भोपाल।** रातीबड़ पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस गांजा तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज गांज के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को सूचना मिली कि महाकाल तिराहा कलखेड़ा रोड, नीलबड़ थाना रातीबड़ में एक संदिग्ध युवक खड़ा है और उसके पास गांजा रखा हुआ है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम रोहित कुमार (19) समस्तीपु बिहार बताया। तलाशी लेने पर उसके पास रखे पिट्ठु बैग में 5 किलो 150 ग्राम गांजा मिला।

## पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा कर धर्म सभा को किया संबोधित

# सच्चा श्रावक वही, जो श्रद्धावान, विवेकवान और क्रियावान हो : उपाध्याय विशोक सागर

◆ *उपाध्याय विशोक सागर जी मुनिराज ससंघ का हुआ विहार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

परम पूज्य राष्ट्र संत गणाचार्य 108 श्री विराग सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विशोक सागर जी मुनिराज ससंघ का बुधवार दोपहर 3 बजे औबेदुल्लागंज से मंडीदीप की और विहार हुआ। औबेदुल्लागंज जैन समाज ने मुनिसंघ का विहार कराया। रात्रि विश्राम अनंत उत्सव स्कूल में हुआ। गुरुवार सुबह 7 बजे मंडीदीप नगर में जिलेटीन चौराहे से जैन समाज द्वारा अगवानी होगी।

बुधवार को सुबह उपाध्याय 108 श्री विशोक सागर महाराज ने महावीर मार्ग स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा कर मुनिश्री ने उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सौभाग्य साली हैं, जो नगर के लोगों को लगातार मुनि सानिध्य मिलता रहता है। मुनिश्री ने श्रावक के गुणों को समझाया और कहा कि जो श्रावक हर कार्य को करने की क्रिया और विधि सीख लेता है, वही सच्चा श्रावक होता है। श्रावक को श्रद्धावान, विवेकवान और क्रियावान होना चाहिए। मुनि ने कहा कि मंदिर में आने से पहले बाहरी विकल्पों को त्याग कर मंदिर में प्रवेश करना चाहिए। हर श्रावक को स्वाध्याय एवं समायक करना चाहिए, स्वाध्याय को ही परम तप कहा गया है। मुनिश्री ने कहा कि स्वाध्याय का अर्थ स्वयं का अध्ययन करना होता है।



विहार करते समय समाजजन को आशीर्वाद देते हुए मुनिश्री।

## मंडीदीप में पांच दिवसीय 69वीं राज्य स्तरीय बॉल-बैडमिंटन का समापन

# विजेताओं को दिया मेडल-ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र, बॉल बैडमिंटन में सागर, ग्वालियर और नेटबॉल में भोपाल का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में 1 नवंबर से 69वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन और नेटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में नौ संभागों के 760 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। बुधवार को पांच दिवसी खेल स्पर्धा का समापन हुआ, जिसमें विजेताओं को मेडल-ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला खेल अधिकारी राजेश यादव में पुरस्कारों की घोषणा की। नेटबॉल में अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर भोपाल द्वितीय स्थान पर इंदौर और तृतीय स्थान पर रीवा रहा। अंडर 14 बालिका वर्ग में भोपाल प्रथम रीवा द्वितीय और उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। बॉल बैडमिंटन में अंडर 14 बालक वर्ग में भोपाल प्रथम, जबलपुर द्वितीय और ग्वालियर तृतीय स्थान पर रहा। अंदर 14 बालिका वर्ग में जबलपुर प्रथम सागर द्वितीय और रीवा तृतीय स्थान पर रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में सागर प्रथम ग्वालियर द्वितीय और तृतीय स्थान पर जबलपुर रहा। अंडर 17 बालिका वर्ग में इंदौर प्रथम ग्वालियर द्वितीय भोपाल तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में सागर प्रथम इंदौर द्वितीय और ग्वालियर तीर्थ स्थान पर रहा। अंडर-19 बालिका वर्ग में ग्वालियर प्रथम इंदौर द्वितीय और जबलपुर तृतीय स्थान पर रहा।



विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने बच्चों को नगर का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अब आप अपना फोकस ओलंपियाड और एशियाई गेम के पर रखें। नगर की प्रतिभाओं के लिए शासन प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं दी जा रही है, इसका लाभ लें। आयोजन में मुख्य अतिथि एचईजी के राजेश जेठा रहे। जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने स्वागत भाषण में सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सहायक संचालक मोनिका पटेल ने प्रतिभाओं को और अधिक निखरने विश्व में नगर, प्रदेश और देश का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्सहित किया। बीईओ शिवनारायण चौहान ने कोच और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समापन पूर्व कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प दिलाया।

## गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

# विशेष विद्युत सज्जा से जगमगाया गुरुद्वारा, श्रद्धालुओं ने कीर्तन कर की अरदास, अटूट लंगर में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारों में विशेष विद्युत सज्जा की गई थी। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह गुरुवाणी का कीर्तन किया और लंगर हुए, जसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर चखा। इधर, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में चल रहे 16वें पाठ की समाप्ति पर सुबह कीर्तन और अरदास किया।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुवार को स्वर्गीय संजय कोठारी के कॉम्प्लेक्स (बरखेड़ा रोड) में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया है। इस दरबार में पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे शबद कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद अरदास और गुरु का लंगर आयोजित होगा। नगर के सिख समुदाय ने सभी नगरवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कीर्तन दरबार का लाभ लें। इस आयोजन में गुरमीत सिंह, दूल्हे, लखविंदर सिंह (लक्की), सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, पवन जोश सिंह, तेजिंदर सिंह, हरदीप सिंह, मनजीत सिंह, परंपाल सिंह आदि शामिल रहे।



गुरुद्वारा में सजा दीवान।



गुरुद्वारा में कार्यक्रम के दौरान समाज के लोग।

### गुरुद्वारा संत संतोख सिंह भजनगढ़ में हुआ लंगर

गुरुद्वारा संत संतोख सिंह, भजनगढ़, औबेदुल्लागंज में बड़े ही श्रद्धापूर्वक प्रकाश पर्व मनाया गया। सुबह 11 बजे भजन, कीर्तन और कथा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कथाकार जगजीत सिंह 'जीते भैया' ने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रसाद वितरण और गुरु का लंगर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सुरजीत सिंह, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह गिल, दरबार सिंह, लक्ष्मण सिंह, इंदर सिंह, कालू नायक तथा बड़ी संख्या में माताएं-बहनें आदि उपस्थित थे।

## गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की संध्या पर निकला नगर कीर्तन, संगठनों ने जगह-जगह किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व नगर के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं शाम 5 बजे नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जो झूले लाल मंदिर, महावीर कॉलोनी से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए पंचायती गुरुद्वारा में रात 8 बजे संपन्न हुआ। इस दौरान माताओं-बहनों द्वारा शब्द-कीर्तन किया। बच्चों ने अखाड़े के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। नगर के सामाजिक संगठनों ने नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, सुरजीत सिंह बिल्ले, कैलाश डब्बू नागर, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मंगू, परेश नागर, राजू मेहरा, डॉ. नंदू नागर, भूपेंद्र नागर, संजय चौरसिया आदि ने सहयोग किया। मस्जिद चौराहे पर मुस्लिम एकता कमेटी ने नगर कीर्तन का स्वागत कर शरबत वितरित किया। वहीं व्यापार महासंघ से अध्यक्ष जगदीश चंदानी, अशोक जायसवाल, राजू भाई पटेल, रमेश वासवानी, प्रदीप अरोरा, दिनेश सेन, कैलाश डब्बू नागर, बल्लू अरोरा, अमित राय, मनोज मेघानी आदि ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।



व्यापार महासंघ ने नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए।



नगर कीर्तन में पंच प्यारे का स्वागत करते हुए।


संगीतज्ञ तानसेन (फाइल फोटो)

# समवेत में एक हजार कलाकार एक साथ देंगे प्रस्तुति

## तानसेन संगीत समारोह-2025 》 14 से 19 दिसंबर तक होंगी 10 सभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश का प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत महोत्सव तानसेन संगीत समारोह में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश-विदेश के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक, वादक और नर्तक अपनी प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

इस समारोह के संबंध में ग्वालियर में अधिकारी स्तर की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न प्रस्तुतियों के द्वारा भारतीय संगीत परंपरा की समृद्धि और उसकी विरासत को सजीव बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्रसिद्ध गायक पं. हरिहरन एवं शंकर महादेवन सहित अन्य प्रतिष्ठित कलाकारों के नाम भी सुझाए हैं।

### 4 दिन पहले से सजेंगीं पूर्वरंग गमक की संगीत सभाएं

समारोह के मुख्य आयोजन से चार दिन पहले से पूर्वरंग की श्रृंखला में संगीत सभाएं आयोजित करने का सुझाव समिति के सदस्यों ने दिया है। 10 प्रमुख स्थल चयनित करने आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं संगीत व कला मर्मज्ञों से कहा है। गमक श्रृंखला की सभायें संगीत की नगरी ग्वालियर के अलावा शिवपुरी, दतिया एवं बटेश्वर में भी सजेंगीं।सदस्यों ने इन सभाओं में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां रखने का सुझाव दिया है। साथ ही इन सभाओं में अधिक से अधिक रसिकों की भागीदारी के लिए सुबह और शाम सभाएं रखने के सुझाव भी आए हैं।


हरिहरन (फाइल फोटो)


शंकर महादेवन (फाइल फोटो)

### 15 दिसंबर को प्रातःकाल पारंपरिक ढंग से एवं सायंकाल होगा औपचारिक शुभारंभ

101वें तानसेन समारोह का औपचारिक आगाज 15 दिसंबर को होगा। इस दिन सुबह 10 बजे हजीरा स्थित सुर सम्राट तानसेन की समाधि पर शहनाई वादन, ढोलीबुआ महाराज की हरिकथा एवं मीलाद वाचन से समारोह का पारंपरिक शुभारंभ होगा।

### ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर 'समवेत' कार्यक्रम

तानसेन संगीत समारोह में इस साल 10 संगीत सभाएं होंगी। पहली सभा 15 दिसंबर को सायंकाल तानसेन समाधि परिसर में बनाए गए भव्य मंच पर सजेगी। इसके बाद हर दिन यहीं पर प्रातः एवं सायंकालीन सभाएं होंगी। समारोह के आखिरी दिन यानि 19 दिसंबर को प्रातःकालीन सभा संगीत शिरोमणि तानसेन की जन्मस्थली बेहट में और इस साल के समारोह की अंतिम संगीत सभा सायंकाल गूजरी महल परिसर में सजेगी। तानसेन समारोह के दौरान इस बार ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर 'समवेत' कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में लगभग एक हजार कलाकारों द्वारा एक साथ शास्त्रीय गायन प्रस्तावित है।

### खास आकर्षण का केंद्र होगी शंकर महादेवन या हरिहरन की प्रस्तुति

उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर का कहना है कि इस बार तानसेन समारोह के लिए करीब 40 दिन पहले बैठक करने का उद्देश्य कार्यक्रम को व्यवस्थित और विधिवत करना है। इस बैठक में सभी के विचारों को सुनकर फाइनल निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार की खास आकर्षण का केंद्र शंकर महादेवन या हरिहरन की प्रस्तुति होगी साथ ही कार्यक्रम की सबसे सुहानी शाम समवेत के अंतर्गत एक हजार कलाकारों द्वारा संगीत की प्रस्तुति होगी।


प्रकाश सिंह ठाकुर

## 'पूनम-40' श्रृंखला में पं. साजन मिश्र एवं स्वरांश मिश्र की शास्त्रीय गायन प्रस्तुति

# प्रभु के चरण कमल निशदिन सुमरिये...सुनाकर कहा-प्रभु शंकर के मुख से निकला है 'राग श्री'



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय के खुले आकाश तले हुए कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 'पूनम-40' में राग, भाव और भक्ति के सुरों ने वातावरण को पूर्णतः सुरमई बना दिया। जिसमें विश्वविख्यात गायक पद्म भूषण पंडित साजन मिश्र एवं उनके सुपुत्र स्वरांश मिश्र द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय गायन ने संगीत संध्या में उपस्थित संगीत रसिकों को भावविभोर कर दिया।



### एक ताल में सुनाया प्रभु अब मोरी बांह गहो...

पंडित साजन मिश्र एवं स्वरांश मिश्र ने बनारस घराने की परंपरा के अनुरूप अपनी प्रस्तुति अवधारणा राग श्री से आरंभ की जिसमें मध्य लय झपताल में बंदिश प्रभु के चरण कमल निशदिन सुमरिये.... प्रस्तुत की। पंडित साजन मिश्रा ने बताया यह राग श्री, प्राचीनतम राग मे से एक राग है जोकि प्रभु शंकर के मुख से निकला है। कार्यक्रम में उन्होंने एक ताल में प्रभु अब मोरी बांह गहो दीनानाथ जगत पालन हार भव सागर से पर करो, शंकर भोले नाथङ्गनाथन के हो तुम नाथङ्ग., तीन ताल, राग देव श्री तथा विभिन्न बंदिशों एवं भजनों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई और भाव प्रवणता को उजागर किया।

**मानव संग्रहालय में प्रस्तुति देने आए पद्म भूषण पंडित साजन मिश्र से हरिभूमि की खास बातचीत**

### भाई राजन मिश्र के जाने के बाद मैंने लंबे समय तक छोड़ दिया था गाना ...



मेरे भाई राजन मिश्र के जाने के बाद मैंने लंबे समय तक गाना छोड़ दिया था। हमेशा अपने भाई तुल्य गुरु को याद करता था। लगता था कि सब खत्म हो गया। एक दिन मैं अपने कमरे था तब अचानक मुझे अहसास हुआ कि वो मुझसे कह रहे हैं कि अगर तुमने गाना छोड़ दिया तो मैं तुमसे हमेशा के लिए दूर हो जाऊंगा और मैं स्वप्न में भी अपने भाई को स्वयं से दूर नहीं होने देना चाहता। इसलिए उनको अपने हृदय में बसा कर गाना शुरू कर दिया... यह कहना है प्रसिद्ध गायन जोड़ी राजन-साजन मिश्र के साजन मिश्र का, जो मानव संग्रहालय में प्रस्तुति देने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन के पहलुओं पर चर्चा की।

### यदि सभी लोग संगीत से प्रेम करें, तो पूरी दुनिया युद्ध से दूर होकर, प्रेम के बंधन में बंध जाएगी....

संगीत का भविष्य बहुत अच्छा है, इसका अपना एक महत्व है। अगर युवा पीढ़ी की बात करें तो जरूरी नहीं की वो शास्त्रीय संगीत सुनें, वह कोई भी संगीत सुन सकता है। सबसे बड़े बात यह है कि युवा संगीत सुन रहा है। यदि सभी लोग संगीत से प्रेम करें, तो पूरी दुनिया युद्ध से दूर होकर, प्रेम के बंधन में बंध जाएगी। शास्त्रीय संगीत आपके मन, हृदय को शांति से भरता है, आप सुकून की अनुभूति करते हैं। अगर आप को मलाई, पिज्जा खाने में इंटरेस्ट है तो खाइए। उसी तरह यदि आप हिप हॉप या पॉप या रैप सांग सुनना पसंद करते हैं तो यह म्यूजिक शोर से भरा है, इस तरह के हाईबीट म्यूजिक से आपके हाथ-पैर थिरकते हैं, लेकिन शास्त्रीय संगीत आपके मन, हृदय को शांति से भरता है और आप सुकून की अनुभूति करते हैं।

## ट्यूलिप इन में हुआ दिव्य फॉल काउचर सागा सीजन-3 का आयोजन


दिव्य फॉल काउचर सागा सीजन-3 में प्रस्तुति देती मॉडल्स।

# संदूक-विरासत में आधुनिक डिज़ाइन और नवाचार के नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय परंपरा, संस्कृति और आधुनिकता के संगम को आत्मसात करता फैशन इवेंट 'स्वदेशी डिजाइन और विरासत से फैशन तक – दिव्य फॉल काउचर सागा सीजन-3' बुधवार को ट्यूलिप इन में भव्यता के साथ आयोजित हुआ। 'संदूक – विरासत से फैशन तक' थीम पर आधारित इस डिजाइनर शो का निर्देशन और परिकल्पना प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर अल्पा रावल ने की।





### परंपरा और फैशन का संगम

अल्पा रावल ने भारतीयता की गहराई और आधुनिकता की नजाकत को पिरोया। जब मॉडल्स ने चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट की साड़ियों में कदम रखा, तो रैंप एक जीवंत कैनवास बन गया जहां हर परिधान भारत की सांस्कृतिक विरासत की कहानी कहता दिखाई दिया।



**तीन राउंड में हुआ डिजाइनर शो :** शो को तीन आकर्षक राउंड में प्रस्तुत किया गया। शो के मेंटर एवं एक्सलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया ने कहा कि यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और स्वदेशी शिल्प को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास है।


समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जबलपुर हरिभूमि-आईएनएच चैनल के ब्यूरो चीफ संजय साहू को अलंकृत किया गया।

# जबलपुर हरिभूमि-आईएनएच चैनल के ब्यूरो चीफ संजय साहू सम्मानित

## स्व. अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

वरिष्ठ पत्रकार स्व. अजित वर्मा की स्मृति में बुधवार को होटल समदड़िया, बराट रोड पर मित्रसंघ द्वारा अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरिभूमि, आईएनएच चैनल के ब्यूरो चीफ संजय साहू और आशीष शुक्ला को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दोनों पत्रकारों को शॉल, श्रीफल, सम्मान-पत्र और 11 हजार की सम्मान निधि भेंट कर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज विधायक अजय विश्नोई मौजूद रहे।

## प्रदेश के सबसे कम उम्र के आयरनमैन

# भोपाल के समीर ने आयरनमैन मलेशिया में चमक बिखेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


तिरंगा लहराते समीर।

शहर और राज्य को गौरवान्वित करते हुए, भोपाल के युवा एथलीट समीर ने दुनिया की पांच सबसे कठिन आयरनमैन दौड़ों में से एक, आयरनमैन मलेशिया प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस असाधारण उपलब्धि के साथ, उन्होंने न केवल दो प्रतिष्ठित खिताब जीते, बल्कि मध्य प्रदेश के सबसे कम उम्र के आयरनमैन भी बन गए।

### असाधारण दृढ़ संकल्प, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का दिया परिचय

उष्णकटिबंधीय द्वीप लंगकावी में आयोजित आयरनमैन मलेशिया अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता और चुनौतीपूर्ण भूभाग के लिए प्रसिद्ध है। प्रतिभागियों को एक ही दिन में 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है। इन चुनौतियों के बावजूद, समीर ने असाधारण दृढ़ संकल्प, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया - इस आयोजन को एक प्रेरणादायक प्रदर्शन के साथ पूरा किया जिससे उन्हें दो खिताब और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय एथलीटों के बीच पहचान मिली। समीर ने इस उपलब्धि पर अपने प्रशिक्षकों, परिवार और अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

# समाज में साहित्य लोक मानस तक पहुंचना चाहिए: कैलाश

**अर्चना प्रकाशन न्यास का लेखक साहित्यकारों का दीपावली मिलन कार्यक्रम**


कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करते साहित्यकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

समाज में साहित्य लोकमानस तक पहुंचना चाहिए। लेखन से पूर्व साहित्यकारों को चिंतन, मनन और अध्ययन करना चाहिए। राष्ट्र और समाज के सामयिक बिंदुओं पर विचार करते हुए हमें साहित्य सृजन की आवश्यकता है। अर्चना प्रकाशन न्यास भोपाल द्वारा एमपी नगर स्थित वनवासी कल्याण परिषद में लेखक साहित्यकारों के दीपावली मिलन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रचार प्रमुख कैलाश शर्मा ने यह बात कही। पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, आत्मानिर्भरता तथा कुटुंब प्रबोधन पर भी उन्होंने मार्गदर्शन दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के संघचालक पूर्व न्यायविद अशोक पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आयोजन में अर्चना प्रकाशन प्रकाशित पांच पुस्तकों का लोकार्पण भी किया गया।

## आईसेक्ट के सहयोग से मिंटो हॉल में आयोजन

# टेडएक्स शाहपुरा लेक चैप्टर का टेड एक्स आयोजन 9 नवंबर को, देशभर के प्रतिष्ठित वक्ता होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


आंचल अग्रवाल


गुंजन सैनी


महाआर्यमन सिंधिया


दिव्या मुरजानी

राजधानी भोपाल एक बार फिर नई सोच, नवाचार और प्रेरक विचारों का केंद्र बनने जा रही है। टेडएक्स शाहपुरा लेक चेप्टर, आईसेक्ट के सहयोग से 9 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में टेड एक्स का विशेष आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं, उद्यमियों, नवोन्मेषकों और सृजनशील लोगों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। टेडएक्स शाहपुरा लेक चैप्टर के इस आयोजन में प्रेरक व्याख्यानों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को सीखने, समझने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इनमें म.प्र. क्रिकेट संघ (एमपीसीए) एवं एमपीएल के चेयरमैन और महाआर्यमान सिंधिया, गूगल में स्टार्टअप्स पार्टनरशिप लीड नूपुर वर्मा, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की लीड - कंटेंट प्रोग्रामिंग दिव्या मूरजानी, मैनेजमेंट गुरु, लेखक एवं स्टैंडअप कॉमेडियन और ऑल वूमन इंक की फाउंडर आंचल अग्रवाल, तथा कवयित्री, गीतकार और अभिनेत्री गुंजन सैनी शामिल हैं। ये सभी वक्ता अपने अनुभवों और जीवन-यात्रा के माध्यम से प्रतिभागियों को नए दृष्टिकोण और प्रेरणा से परिचित कराएंगे।

### ऐसे मंच युवाओं को वैश्विक दृष्टि, नवाचार और नेतृत्व क्षमता के लिए करते हैं प्रेरित

आईसेक्ट के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा टेडेक्स शाहपुरा लेक चैप्टर जैसे मंच युवाओं को वैश्विक दृष्टि, नवाचार और नेतृत्व क्षमता के लिए प्रेरित करते हैं। टेडएक्स शाहपुरा लेक के मुख्य क्यूरेटर डॉ. दीपक मोटवानी ने कहा मैंने हमेशा देखा है कि मेट्रो शहर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि उनके पास टेडएक्स जैसे वैश्विक मंचों तक पहुंच है। इसी सोच से हमने तय किया कि भोपाल और यहां के युवाओं के लिए भी ऐसा ही एक मंच लाया जाए, जहाँ वे अपने विचारों और क्षमताओं को दुनिया के सामने रख सकें।

**1972 में दी पहली प्रस्तुति, आज हो चुकीं 1972 प्रस्तुतियां**

# कभी कनक के पास नहीं थे सेक्सोफोन खरीदने के लिए भी पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेक्सोफोन संगीतकार प्रेम नारायण कनक की जिंदगी में एक समय ऐसा भी था, मेरे पास खुद का इंस्ट्रूमेंट खरीदने के लिए जरूरी चार सौ रुपए तक नहीं हो पाए थे। लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी, और पॉलीटेक्निक कॉलेज से कामर्शियल कोर्स किया और पिता की मदद से सेक्सोफोन बजाने में महारथ हासिल की। कठिन साधना के बूते ही मैंने पहले पहचान बनाई, फिर शोहरत की बुलंदियों को छुआ।

यह कहना है शहर के जाने-माने सेक्सोफोन आर्टिस्ट प्रेम नारायण कनक का। लआज नेशनल सैक्सोफोन डे पर शहर के जाने माने सैक्सोफोन आर्टिस्ट प्रेम कनक से बातचीत की, जिनके भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में शिष्य मौजूद हैं, जिन्हें प्रेम ऑनलाइन क्लास के माध्यम से सैक्सोफोन सिखाते हैं।

**नेशनल सैक्सोफोन-डे**




### मेरी इस लगन की वजह रहे मेरे पिता

उन्होंने कहा कि मेरी इस लगन की वजह मेरे पिता रहे जो क्लैरिनेट वादक थे और मैंने बचपन से ही करीब 8साल की उम्र से ही सैक्सोफोन बजाने की ट्रेनिंग ली और वहीं मेरी मां ने मुझे भी संगीत के प्रति हमेशा सम्मान देने की ही सीख दी।


एक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए सेक्सोफोन आर्टिस्ट प्रेम नारायण कनक।(फाइल फोटो)

### 1972 में गांधी मेडिकल कॉलेज में दी पहली प्रस्तुति

प्रेम कहते हैं कि मुझे आज भी याद है जब 30 जून 1972 को मैंने गांधी मेडिकल कॉलेज में अपनी पहली प्रस्तुति दी थी और यह प्रस्तुति मेरी यादगार थी क्योंकि इतनी छोटी उम्र में मेरी परफॉर्मेंस देखकर लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाई थीं। उन्होंने कहा कि आज सैक्सोफोन में मैंने करीब 1972 प्रस्तुतियां दी हैं और यह प्रस्तुतियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज मेरे दुबई, बहरीन सहित कई देशों में स्टूडेंट्स है, जो मुझसे सीखकर अपने अपने देशों में प्रस्तुति भी देते हैं।

# जलतरंग कार्यशाला, कला प्रदर्शनी आज से

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से कलाधारा संस्था द्वारा चार दिनी जलतरंग वाटर कलर वर्कशॉप एवं कला प्रदर्शनी का गुरुवार को उद्घाटन होने जा रहा है। कार्यशाला आवृत्ति भवन में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। मुख्य अतिथि आलोक भावसार एचओडी हमीदिया कॉलेज और विशेष अतिथि वीणा जैन आर्टिस्ट रहेंगी। दो दिन 6-7 नवंबर को पुणे के कलाकार कुडलैया हिरेमठ और भोपाल के कलाकार मार्गदर्शन देंगे।


कार्यक्रम में तिरंगा लहराते हुए अभिनेता रणदीप हुड्डा।

### जबलपुर गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का होगा आयोजन

# गोल्फ केवल उच्च वर्ग का खेल नहीं: आर्यवीर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर**

समाज में गोल्फ को केवल उच्च वर्ग के लोगों का खर्चीला खेल माना जाता है।

इस धारणा को गलत बताते हुए गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक आर्यवीर आर्य ने कहा कि गोल्फ मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भी उपलब्ध है। सामाजिक भ्रम को दूर करने के लिए फेडरेशन के द्वारा गोल्फ महोत्सव के माध्यम से उन शहरों में भी किया जा रहा है। जहां कभी गोल्फ टूर्नामेंट नहीं हुए। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्कि सितंबर,2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन्न शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है। जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे पर्यावरण संरक्षण,भारतीय उत्पादों के उपयोग का प्रमोशन करने के साथ ही भारतीयों में बढ़ रहे मोटापे की समस्या से बचाव और निदान आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा। देश में अब तक 36 आयोजन हो चुके हैं।

#### 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे

जबलपुर में होने जा रहे इस गोल्फ कुंभ में 90 से ज्यादा अनुभवी गोल्फ प्लेयर आएंगे जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंटों में हिस्सा ले चुके है। इनमें से अधिकतर फेडरेशन के बैनर के साथ ग्रीन खेल का प्रमोशन भी कर रहे है।ये प्लेयर जबलपुर में न सिर्फ गोल्फ खेलेंगे बल्कि इस खेल से अधिक से अधिक लोग कैसे जुड़े ये भी प्रयास करेंगे।ये अनुभवी प्लेयर महाकौशल के उदीयमान गोल्फ प्लेयर के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्हें इस खेल की बारीकियों ओर इसकी कलात्मकता से भी परिचय कराएंगे। इस महोत्सव का शुभारंभ 8 नवंबर को प्रातः प्रोमो रन से होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी ओबीसीटी का संदेश दिया जाएगा। इसी दिन दूसरा कार्यक्रम पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण द्वारा किया जाएगा।जिसमें ग्रीन खेल को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया जाएगा।

#### 9 को आर्मी बैंड और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

गोल्फ क्लिनिक की मीटिंग में यह तय किया जाएगा कि गोल्फ कोर्स का फॉर्मेट क्या होगा,इस सेल्फ गोल्फ टूर्नामेंट में कौन किसके साथ मैच खेलेगा। 9 नवंबर को गोल्फ के साथ ही आर्मी बैंड और आर्मी के जवानों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें गोल्फ महोत्सव के सभी उद्देश्यों को प्रमोट करने के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा भाग लेंगे। श्री आर्य ने बताया कि गोल्फ सेट में कई प्रकार की स्टिक होतीं है, जो गोल की दूरी के हिसाब से उपयोग होती है। जब गेंद घास या मिट्टी में फंस जाती है तो उसे निकालने के लिए पृथक से स्टिक होती है। इस किट की कीमत बीस हजार से लेकर करोड़ों तक होती है। मैच खेलने के लिए टी शर्ट,कैप,स्पोर्ट्स जूते के साथ फॉर्मर पेंट ही पहना जाता है।अन्य परिधान में खेलना मना होता है।

#### होल इन वन

जब खिलाड़ी द्वारा एक शॉट में गेंद होल में प्रविष्ट कराई जाती तब इसे होल इन वन मन जाता है। जो पुरुस्कार योग्य होता है।

#### टी पार थ्री या फोर या फाइव

हरेक होल के पास लगी प्लेट में टी पार थ्री या फोर या कोई ओर संख्या दर्ज होती है। इसका आशय गेंद को होल में पहुंचने के लिए निर्धारित शॉट से होता है।कम बार में होल में गेंद जाने पर अधिक अंक मिलते है। गोल्फ कोर्स में 18 होल होते है।

### बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहब' कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

# सेंचुरियन, रेलवे यूथ और मयंक अकादमी जीते, अंडर 15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में सीहोर की जीत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा आयोजित स्वर्गीय गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को तीन मैच खेले गए। बाबे अली क्रिकेट मैदान पर एनसीसीसी और रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। रेलवे ने 50ओवर में 6 विकेट पर 204 रन बनाए, इनमें ग्रंथ प्रजापति ने नाबाद 101 रन की शतकीय पारी खेली। एनसीसीसी से सोहन, अंश, श्रेयांश, कृष्णा और पृथ्वीराज ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में एनसीसीसी ने 7 विकेट पर 177 रन बनाए। इस तरह रेल्वे यूथ अकादमी ने एन सी सी सी को 27 रन से हराया।


प्रशांत अग्रवाल (सेंचुरियन)

#### सेंचुरियन ने शिवाय अकादमी को 98 रन से हराया

टूर्नामेंट का दूसरा मैच फ्रेथ क्रिकेट मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और शिवाय क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, सेंचुरियन48 ओवर में 116 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें प्रशांत अग्रवाल ने 52 रन बनाये। शिवाय के हर्ष मांझी ने 3 विकेट, नंदनी ने 2 विकेट लिए। जवाब में शिवाय 24 ओवर में 18 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सेंचुरियन के प्रशांत अग्रवाल ने 5 और अर्णव वर्मा ने 3 विकेट लिए। इस तरह सेंचुरियन ने शिवाय अकादमी को 98 रन से हराया।


अहाद खान, सीहोर

#### मयंक ने वीएस अकादमी को 50 रनों से हराया

टूर्नामेंट का तीसरा मैच डीपीएस मैदान पर मयंक और वीएस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया,जिसमें मयंक अकादमी 44.3 ओवर में 165 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, इसके आर्यवीर मेघवानी ने 60 और ईशान ने 38 रन बनाए। वीएस अकादमी के लकी यादव ने 3, कैविन जोसफ, लक्ष्य ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में वीएस अकादमी ने बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवरों में 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें आदर्श नागर ने 45 रन बनाए। मयंक क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए वेद पाठक ने 4 विकेट, यशवर्धन एवं रिषभ ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह मयंक क्रिकेट अकादमी ने वी एस अकादमी को 50 रनों से हराया।


वेदप्रकाश (मंयक)

#### सीहोर ने रायसेन को हराया

बीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट में बुधवार को सीहोर मैदान में रायसेन और सीहोर के मध्य मैच खेला गया, रायसेन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी ली। सीहोर ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाए, जिसमें अहाद खान ने 82 रन बनाए।

### आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 एलएनसीटी में सफलतापूर्वक संपन्न


इस टीम को किया गया पुरस्कृत।

# पुरुष वर्ग में सिस्टेक गांधी नगर बना विजेता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी साइंस द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी को सिस्टेक गांधीनगर ने 2-1 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जेएनसीटी को ओरियंटल ने 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में सिस्टेक गांधीनगर ने ओरियंटल को 2-0 से हराकर फाइनल खिताब हासिल किया। पुरुष वर्ग के प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, लेफ्टिनेंट अनुराग चौकसे


मैच के दौरान खेलते हुए खिलाड़ी।

जेएनसीटी, निलेश मिश्रा सिस्टेक गांधीनगर, अबरार खान ओरियंटल, मुकेश त्रिपाठी, सूरज नारायण यादव एवं अन्य खेल अधिकारियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड राहुल सिस्टेक गांधीनगर, बेस्ट अटैकर किशन सिंह राजपूत सिस्टेक गांधीनगर, बेस्ट लिब्रो अविनाश झा एलएनसीटी को दिया गया। एलएनसीटी द्वारा निष्पक्ष प्रतियोगिता कराने के लिए सभी महाविद्यालयों से आए खेल अधिकारियो एवं खिलाड़ियों द्वारा प्रशंसा की गई।

### ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट » किंशुक श्रीवास की आतिशी बल्लेबाजी और सचिन,मनोज,योगेश की शानदार गेंदबाजी

# राजगढ़ ने अरेरा को 36 रन से हराया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

किंशुक श्रीवास की शानदार बल्लेबाज़ी एवं सचिन यादव, मनोज यादव और योगेश यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से राजगढ़ जिला क्रिकेट संघ ने अरेरा क्रिकेट अकादमी को 36 रनों से हराकर पांचवीं ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता में बुधवार को राजगढ़ ने 165 रन बनाए। जवाब में अरेरा अकादमी 31 ओवर में 129 रन बनाकर आल आउट हो गई। किंशुक श्रीवास को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन ,राजगढ़ क्रिकेट संघ के सचिव नृपेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रदान किया।


मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

# सागर में सांसद खेल महोत्सव का खाद्य मंत्री ने किया शुभारंभ

**भोपाल।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्तासंरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि देश में होनहार बच्चों की कमी नहीं है। केवल उन्हें मंच देने की आवश्यकता है ताकि वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। खाद्य मंत्री राजपूत ने यह बात सागर में सागर संसदीय क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ अवसर पर कही। इस महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को होगा।


सागर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करते मंत्री राजपूत व सांसद वानखेड़े।

## लाइफ स्टाइल



# अरबाज की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'थामा' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक- दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं।

## लाइफ Style


# खुशी

### श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल में काम कर रहीं

खुशी कपूर के 25वें बर्थडे के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि खुशी 'मॉम 2' की शूटिंग कर रही हैं। इस साल मार्च में बोनी कपूर ने खुलासा किया था कि वह खुशी कपूर को लेकर एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो 2017 की फिल्म 'मॉम'का सीक्वल हो सकता है। हालांकि, तब इसके नाम का अनाउंसमेंट नहीं हुआ था।

**एजेंसी ⏭ मुंबई**

'मॉम'में दिवंगत श्रीदेवी ने लीड रोल निभाया था। हाल ही में अनाउंस हुआ कि इस फिल्म का नाम 'मॉम 2' रखा गया है। खुशी कपूर के बर्थडे के मौके पर 'मॉम 2' के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं। 'मॉम 2' की शूटिंग दिवाली के बाद, 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई. लगभग 10-11 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। खुशी कपूर एक खास रोल निभा रही हैं और उनके साथ करिश्मा तन्ना भी हैं।'मॉम'का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया था। हालांकि, सीक्वल का निर्देशन गिरीश कोहली कर रहे हैं। गिरीश पहले फिल्म के स्टोरी राइटर्स में से एक थे। उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग भी अकेले ही लिखे थे। बोनी को लगा कि गिरीश इस सीक्वल के साथ न्याय करेंगे क्योंकि वह इस फिल्म को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें, गिरीश कोहली ने इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई सोहम शाह अभिनीत 'क्रेजिक्स' को डायरेक्टर कर अपनी काबिलियत साबित की है। बोनी 'मॉम 2' की अनाउंसमेंट अपने जन्मदिन, 11 नवंबर को भव्य तरीके से करने की योजना बना रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला





# हॉरर मिनी सीरीज है इट वेलकम...

**लॉस एंजिल्स।** हैलोवीन 2025 में एक नई डरावनी सीरीज 'इट - वेलकम टू डेरी' आई है। यह सीरीज़ पेनिवाइज की कहानी की शुरुआत दिखाएगी। इटः वेलकम टू डेरी एक रोमांचक हॉरर मिनी-सीरीज है, जो स्टीफन किंग के प्रसिद्ध उपन्यास 'इट' पर आधारित है। डायरेक्टर एंडी मुशिएत्ती ने इसे बनाया, जो पहले 'इट' फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह सीरीज डेरी शहर के अंधेरे इतिहास को खोलती है, जहां पेनिवाइज नामक भयानक क्लाउन का आतंक फैलता है।



# बॉलीवुड से है जोहरान ममदानी का कनेक्शन

**लॉस एंजिल्स।** जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर बने हैं। ऐसा करने वाले वह सबसे कम उम्र के शख्स हैं। साथ ही पहले मुस्लिम हैं, जो न्यूयॉर्क के मेयर बने हैं। वह इंडियन अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे हैं। मीरा अपने बेटे की उपलब्धि से काफी खुश हैं। मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी, लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। फिल्ममेकर अपनी एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है।




# गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट

**मुंबई।** भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म 'गुस्ताख इश्क' से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'गुस्ताख इश्क' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। पोस्ट में लिखा है 'अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है।



# वेलकम टू द जंगल में अक्षय-दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर 'वेलकम 3' का एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें दिशा पाटनी उनके साथ दिख रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' की इस झलक के साथ अक्षय ने लिखा, 'हमारे दिल से आपके दिल तक। 18 साल बाद भी यह फिल्म खास है। पुरानी यादों के साथ, मैं और दिशा आपके लिए लाए हैं 'वेलकम टू द जंगल'। हमारी क्वीन कटरीना को कभी नहीं भूलेंगे।' वीडियो के आखिर में अक्षय कहते हैं, 'कटरीना, हमें तुम्हारी याद आ रही है।' अक्षय के अलावा फैंस भी कटरीना को इस फिल्म में मिस कर रहे हैं और कुछ फैंस दिशा को पसंद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग नवंबर से फिर से शुरू होगी और यह फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।





डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब बॉर्डर लाइन पर हो शुगर लेवल



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरा ब्लड शुगर लेवल बॉर्डर पर रहता है। मैं अपनी डाइट और लाइफस्टाइल कैसी रखूं, जिससे भविष्य में भी डायबिटीज से बचा रहूं?**

**-नामदेव, डोंगरगढ़**

इसके लिए आपके खान-पान में बदलाव सबसे ज्यादा जरूरी है। खाने में मीठा लेना बिल्कुल बंद कर दें। साथ ही चावल, आलू और मैदा की चीजें खाने से बिल्कुल बचें। तली-भुनी चीज भी कम से कम खाएं। सुबह-शाम नियमित रूप में आधे घंटे एक्सरसाइज करें। एक्सरसाइज ऐसी हो, जिससे आपको पसीना निकले। इस तरह बदलाव करके आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मैं दो वर्षों से बीपी की दवा ले रहा हूं। लेकिन फिर भी बीपी 90/140 रहता है। क्या यह नॉर्मल है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-विनीत, कुरुक्षेत्र**

वैसे इस बीपी रेंज को आजकल की लाइफस्टाइल में नॉर्मल बोला जाता है, लेकिन यह और कम हो तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए आप खाने में नमक की मात्रा कम करें। साथ ही ऊपर से नमक वाली चीजें जैसे अचार, चटनी, पापड़ खाने से परहेज करें। अधिक तला-भुना और बाहर की डिशेज भी खाना कम कर दें। इस तरह बदलाव से आपको और थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे दो-तीन महीने से दिन में किसी समय भूख नहीं लगती है। खाना ना खाने से कमजोरी महसूस होने लगी है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओंकार, भोपाल**

भूख क्यों नहीं लगती, आप इस बात पर गौर करें। क्या आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं है? अगर ऐसा है तो आपको पहले अपना डाइजेशन सिस्टम ठीक करना होगा। इसके लिए खाने में हल्की चीजों के साथ में दही और सलाद लेना होगा। अगर ऐसा नहीं है और भूख कम लगने के साथ सुस्ती भी महसूस होती है तो एक बार आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट के निचले हिस्से में हल्का दर्द होता रहता है। खाने के बाद बढ़ जाता है। प्लीज बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-चंदन, बिलासपुर**

आपको किसी डॉक्टर से संपर्क कर पेट का अल्ट्रासाउंड कराना चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कारण क्या है? आप बता रहे हैं कि खाने के बाद दर्द निचले हिस्से में होता है। हालांकि कई बार संक्रमण की वजह से भी ऐसा होता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरा वजन 90 किलो है। कृपया अपना वेट नॉर्मल करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-राजवीर, जबलपुर**

आपका वजन बहुत ज्यादा है। आपको एक बार अपनी बीएमआई यानी बॉडी मास इंडेक्स चेक करा लेना चाहिए। इसके साथ ही खाने-पीने में आपको ध्यान देना चाहिए। अधिक तला-भुना खाना और चावल, आलू, मैदा की चीजों के सेवन से बिल्कुल बचें। रात में हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि गेहूं के आटे की रोटी कम खाएं। इसकी जगह मिलेट्स का आटा खाएं। वह फायदेमंद रहेगा। खाने में फल और सलाद भी शामिल जरूर करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**




डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. अशोक कुमार वैद**
चेयरमैन-मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट
मेदांता-दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

कुछ समय पहले तक कैंसर को लाइलाज बीमारी माना जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय रहते अगर इसका पता चल जाए तो नई मेडिकल तकनीकों के जरिए पूरी तरह इसका ट्रीटमेंट संभव है। लेकिन इसके लिए अवेयर रहना बहुत जरूरी है। कैंसर अवेयरनेस मंथ (नवंबर) के अवसर पर कैंसर के कारण, उसके लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से बता रहे हैं।

# बरतें सावधानी-रहें जागरूक संभव है कैंसर से बचाव-उपचार







- *दुनिया भर में होने वाली मौतों में हृदय रोग के बाद, कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण है।*
- *भारत में हर साल करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 7.5 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर से होती है।*
- *देश में लगभग 80% मरीजों का इलाज तब शुरू होता है, जब रोग तीसरे या चौथे चरण में पहुंच चुका होता है।*

अब वे दिन नहीं रहे, जब कैंसर को मौत की पूर्व चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांचों और इसके इलाज के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं, उनके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं अतीत की तुलना में अब काफी हद तक बढ़ गई हैं। लेकिन ऐसा तभी हो सकता है, जब लोग इसको लेकर अवेयर रहें।

## क्यों होता है कैंसर

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाओं के डीएनए में बदलाव आ जाता है। यह बदलाव कोशिकाओं की सामान्य वृद्धि रोक देता है और वे अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे ट्यूमर बनता है। धीरे-धीरे यह ट्यूमर आस-पास के ऊतकों या दूसरे अंगों में फैल सकता है।

## लक्षणों पर ध्यान दें

कैंसर के शुरुआती लक्षण इस प्रकार के हो सकते हैं-

- किसी मामूली से घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना।
- बिना किसी बीमारी या वजह के लगातार वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)।
- शरीर में किसी भी स्थान पर कोई कठोर या बढ़ती हुई गांठ महसूस होना।
- बिना कारण बार-बार बुखार या खून की कमी (एनीमिया) होना।
- मल या पेशाब में अकसर खून आना।
- लगातार थकान, भूख कम लगना या पेट में भारीपन।
- तिल या मस्से का आकार या रंग बदलना।

इनमें से कोई भी एक या अधिक लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।



## जीवनशैली का कैंसर से संबंध

वैज्ञानिकों के अनुसार, सिर्फ 5-10% कैंसर ही आनुवंशिक कारणों से होते हैं। लगभग 30–50% कैंसर को रोका जा सकता है, अगर हम अपनी जीवनशैली की आदतों को सुधारें।

**जंक फूड्सः** अपने खान-पान में संतुलित आहार जैसे साबुत अनाज, दाल, दूध, हरी सब्जियों और मौसमी फलों आदि के स्थान पर जंक फूड्स और पैकेज्ड फूड को लंबे समय तक वरीयता देना कालांतर में पेट के किसी भाग में या फिर बड़ी आंतों (कोलन) के कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**धूम्रपानः** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स, फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न कर सकते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। फेफड़ों के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है।

**तंबाकू चबानाः** किसी भी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन मुंह, गाल, जीभ के अलावा गले के कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

**शारीरिक श्रम-व्यायाम न करनाः** जो लोग अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम और व्यायाम को नियमित रूप से शामिल नहीं करते, वे कालांतर में मोटापे से ग्रस्त हो जाते हैं। मोटापा कालांतर में कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है, क्योंकि यह शरीर की जेनेटिक संरचना और शरीर के कुछ अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सिटिंग जॉब या बैठकर काफी समय तक काम करना जैसे कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन पर काफी वक्त बिताना आदि स्थितियां कालांतर में मोटापे का कारण बनती है। स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का एक कारण मोटापा हो सकता है।

**वायु प्रदूषणः** इससे फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। देश के अनेक महानगरों और छोटे नगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह 300 के पार जा रहा है। यह लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है।

**शराब का सेवनः** अकसर शराब का सेवन करना, एक वक्त के बाद कैंसर के जोखिम को बढ़ा देता है।

## कैंसर ट्रीटमेंट के तरीके



पिछले दो दशकों में कैंसर के इलाज में जबरदस्त प्रगति हुई है। अब कई प्रकार के कैंसर शुरुआती चरण में पूरी तरह ठीक हो सकते हैं।

**सर्जरीः** ट्यूमर को निकालने के लिए इसे यूज करते हैं।

**कीमोथेरेपीः** नई दवाओं से अब इसके साइड इफेक्ट कम हुए हैं।

**रेडिएशन थेरपीः** अब गामा नाइफ और साइबर नाइफ जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं।

**टारगेटेड थेरपीः** केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाकर नष्ट किया जाता है, स्वस्थ कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं।

**इम्यूनोथेरेपीः** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। अगर पहले या दूसरे चरण में कैंसर का पता चल जाए, तो इन विधियों से लगभग 80% मामलों में सफल इलाज संभव है।

## इन बातों पर दें ध्यान

- ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन स्क्रीनिंग और मैमोग्राफी 40 साल की उम्र के बाद साल में एक बार हर महिला को जरूर करवानी चाहिए।
- मुंह के कैंसर की जांच साल में एक बार डॉक्टर से परामर्श लेकर वे लोग अवश्य करवाएं, जो किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन या धूम्रपान करते हैं।
- प्रोस्टेट कैंसर (जो पुरुषों में होता है) की जांच के लिए पीएसए नामक ब्लड टेस्ट कराया जाता है। आमतौर पर 65 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को इस टेस्ट को डॉक्टर के परामर्श से कुछ अंतराल पर कराते रहना चाहिए।
- शरीर में किसी भी स्थान पर और खासतौर पर महिलाओं के ब्रेस्ट्स में गांठ या अन्य प्रकार की असामान्यता महसूस होने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें। इसमें देर करना ट्रीटमेंट के प्रोसेस को बढ़ा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### कैंसर से जुड़ी गलतफहमियां

कैंसर के बारे में कई मिथ्स प्रचलित हैं। इनकी सच्चाई जानना सभी के लिए जरूरी है।

**मिथकः** कैंसर छूने से फैलता है।

**फैक्टः** कैंसर कोई संक्रामक रोग नहीं है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में नहीं फैलता।

**मिथकः** सर्जरी से कैंसर फैल जाता है।

**फैक्टः** वैज्ञानिक रूप से यह बिल्कुल गलत है। सर्जरी करवाने से कैंसर नहीं फैलता।

**मिथकः** बच्चों को कैंसर नहीं होता है।

**फैक्टः** दुर्लभ होते हुए भी बच्चों में भी कैंसर हो सकता है, प्रायः आनुवंशिक कारणों से।

**निष्कर्षः** कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। समय पर जांच, सही इलाज और स्वस्थ जीवनशैली से इसे हराया जा सकता है।

बचाव के लिए धूम्रपान छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, संतुलित आहार लें और स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

अवेयरनेस

स्पेशलः वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे, 10 नवंबर

जिस तरह बचपन में कई बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है, उसी तरह मिड एज के बाद और ओल्ड एज के लोगों को भी कुछ बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन जरूर करवाना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# बच्चों-बड़ों दोनों के लिए जरूरी है इम्यूनाइजेशन




हर साल 10 नवंबर को विश्व टीकाकरण दिवस (वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन डे) मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना है, ताकि हर व्यक्ति संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सके। आमतौर पर लोग समझते हैं कि टीके सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी होते हैं, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि बड़ों और बुजुर्गों को भी कुछ आवश्यक टीके लगवाने चाहिए, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके।

बच्चों को जीवन के शुरूआती वर्षों में जरूरी टीके लगवाना जितना अहम है, उतना ही जरूरी है कि वयस्क और बुजुर्ग भी समय-समय पर अपने टीकाकरण की जांच कराएं। 40 वर्ष की उम्र के बाद शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, ऐसे में फ्लू, निमोनिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस और शिंगल्स जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके बहुत फायदेमंद होते हैं।

डॉक्टर्स के अनुसार, बड़ी उम्र के लोगों को कुछ टीके अवश्य लगवाने चाहिए।

## इंफ्लूएंजा (फ्लू) वैक्सीन

इंफ्लूएंजा या फ्लू एक संक्रामक श्वसन रोग है, जो इसके वायरस से होता है। यह वायरस हर साल अपने रूप बदलता रहता है, इसलिए फ्लू वैक्सीन हर साल एक बार लगवाना जरूरी होता है। यह वैक्सीन शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनाती है, जो इस वायरस से बचाव करते हैं। खासतौर पर बुजुर्गों, गर्भवती




महिलाओं, बच्चों, डायबिटीज, हृदय या फेफड़ों के रोगियों के लिए यह टीका बहुत फायदेमंद होता है, क्योंकि इनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। फ्लू वैक्सीन से संक्रमण की संभावना लगभग 40-60 प्रतिशत तक कम हो जाती है और इससे गंभीर जटिलताओं जैसे निमोनिया का खतरा भी घटता है।

## टिटनेस, डिप्थीरिया, परट्यूसिस (टीडीएपी)

टीडीएपी वैक्सीन एक ऐसा टीका है, जो शरीर को तीन खतरनाक बीमारियों से बचाता है- टिटनेस, डिप्थीरिया और परट्यूसिस (काली खांसी)। इसे हर 10 साल में एक बार लगवाना चाहिए ताकि शरीर की सुरक्षा बनी रहे। टिटनेस अकसर जंग लगे लोहे या गंदी चोट से होने वाला संक्रमण है, जो मांसपेशियों को अकड़ा देता है। डिप्थीरिया गले में झिल्ली बनाकर सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकता है, जबकि काली खांसी से कई हफ्तों तक तेज खांसी आती रहती है और फेफड़ों पर असर पड़ता है। यह वैक्सीन सिर्फ बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर वयस्क के लिए जरूरी है। कई लोग सोचते हैं कि टिटनेस का टीका केवल चोट लगने पर लगता है, जबकि सही यह है कि हर 10 साल में टीडीएपी लगवाने से शरीर इन तीनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षित रहता है।

## हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन

हेपेटाइटिस-बी एक खतरनाक वायरस जनित बीमारी है, जो हमारे लीवर (यकृत) को नुकसान पहुंचाती है। यह वायरस संक्रमित खून, सुई या असुरक्षित यौन संपर्क के जरिए फैलता है। शुरुआत में इसके लक्षण बहुत हल्के होते हैं, लेकिन समय के साथ यह लीवर इंफेक्शन, सिरोसिस या लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। इसे आमतौर पर तीन डोज में दिया जाता है। डायबिटीज मरीज और कमजोर इम्यूनिटी वाले बुजुर्ग लोगों को, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। यह सुरक्षित है और लंबे समय तक लीवर को संक्रमण से बचाती है।

## निमोनिया वैक्सीन

निमोनिया, फेफड़ों का गंभीर संक्रमण है, जो न्यूमोकॉकस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन, तेज बुखार, सांस लेने में कठिनाई और सीने में दर्द पैदा करता है। खासतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, कमजोर इम्यूनिटी, डायबिटीज, हृदय रोग या फेफड़ों की बीमारी (जैसे अस्थमा या सीओपीडी) वाले लोगों में इसका खतरा ज्यादा होता है। निमोनिया वैक्सीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर इस संक्रमण से सुरक्षा देती है। डॉक्टर आमतौर पर दो प्रकार की वैक्सीन की सलाह देते हैं पीसीवी और पीपीएसवी, जिन्हें उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार लगाया जाता है।

## शिंगल्स वैक्सीन

शिंगल्स (हरपेस जोस्टर) एक दर्दनाक त्वचा रोग है, जो वेरिसेला-जोस्टर वायरस के कारण होता है। यही वायरस बचपन में होने वाली चेचक (चिकनपॉक्स) का भी कारण होता है। चेचक के ठीक होने के बाद यह वायरस शरीर में लंबे समय तक छिपा रहता है और उम्र बढ़ने या इम्यूनिटी कमजोर होने पर दोबारा सक्रिय होकर शिंगल्स का कारण बनता है। इस बीमारी में शरीर या चेहरे के किसी हिस्से पर दाने, जलन और तेज दर्द होता है, जो कई हफ्तों तक परेशान कर सकता है। शिंगल्स वैक्सीन खासकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह शरीर में वायरस की पुनः सक्रियता को रोकने में मदद करती है और अगर संक्रमण हो भी जाए, तो लक्षण हल्के रहते हैं। एक बार लगने वाला यह टीका लंबे समय तक सुरक्षा देता है और बुजुर्गों को दर्द और असुविधा से बचाता है। इस विश्व टीकाकरण दिवस पर संकल्प लें कि टीका केवल बच्चों के लिए नहीं, सबके लिए उपयोगी है। इसलिए बच्चों समेत सभी को वैक्सीनेशन कराना जरूरी है। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन डॉ. अली शेर से बातचीत पर आधारित)**



## खबर संक्षेप



### जिम्बाब्वे की टीम से बाहर हुए पूर्व कप्तान विलियम्स

**हरारे।** जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान सीन विलियम्स अब कभी अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की तरफ से नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्होंने खुलासा किया है कि नशे की लत के कारण उन्होंने कुछ मैच नहीं खेले थे। जिम्बाब्वे क्रिकेट के अनुसार विलियम्स को राष्ट्रीय टीम से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस बात की जांच की कि सितंबर में टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की पूर्व संध्या पर विलियम्स ने अचानक टीम से नाम वापस क्यों ले लिया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा, 'जांच के दौरान विलियम्स ने खुलासा किया कि वह नशे की लत से जूझ रहे हैं और स्वेच्छा से रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजरना चाह रहे हैं।'

### पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को दो विकेट से हराया



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के सहयोग से पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने 264 रन का लक्ष्य था लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह अंतिम ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य तक पहुंच पाया। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच ओवरों में चार विकेट लेकर पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था।

### वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को 7 रन से हराया



**आकलैंड।** वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर वाले पहले टी20 मैच में न्यूजीलैंड को सात रन से हरा दिया। कप्तान शाई होप ने 39 गेंद में 53 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर छह विकेट पर 164 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दसवें ओवर तक दो विकेट खोकर 70 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद सात विकेट 37 रन के भीतर गिर गए और 17वें ओवर में स्कोर नौ विकेट पर 107 रन था। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने ऐसे में 28 गेंद में 55 रन बनाकर उम्मीद जगाई। उन्होंने 18वें ओवर में मैथ्यू फोर्डे को चार चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद 19वें ओवर में जैसन होल्डर को पहली तीन गेंदों पर चौके लगाए। आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को 20 रन की जरुरत थी और सेंटनर ने तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड को छक्का लगाया।

# बांग्लादेश महिला टीम में बवाल, गेंदबाज जहांआरा ने कहा- कप्तान करती हैं जूनियरों की पिटाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की महिला टीम से बाहर चल रही तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने आरोप लगाया है कि कप्तान निगार सुल्ताना जूनियर क्रिकेटरों की पिटाई करती हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि इस आरोप को निराधार और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बांग्लादेश के अखबार 'कलेर कांथो' को दिए साक्षात्कार में आलम ने भारत और श्रीलंका में हुए महिला वनडे विश्व कप में टीम के सातवें स्थान पर रहने के बाद मौजूदा कप्तान, कुछ साथियों, कोचिंग स्टाफ और टीम प्रबंधन पर कई चौंकाने वाले आरोप लगाए।



### माफी मांगने पर की जाती पिटाई

आलम ने कहा, 'यह कोई नई बात नहीं है। निगार जूनियर खिलाड़ियों को बहुत पीटती है। यहां तक कि विश्व कप के दौरान भी जूनियर खिलाड़ियों ने मुझे बताया कि माफी मांगने पर भी उनकी पिटाई की जाती थी। मुझे कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी पिटाई हुई थी। यहां तक कि दुबई दौरे के दौरान भी, उसने एक जूनियर को कमरे में बुलाया और उसे थप्पड़ मार दिया।'



### टीम के अंदर माहौल बहुत खराब

जहांआरा ने आरोप लगाया कि टीम के अंदर माहौल बहुत खराब है और इसीलिए उन्हें मानसिक स्वास्थ्य कारण से ब्रेक लेना पड़ा था। आलम ने कहा, 'मैं अकेली नहीं हूं, बांग्लादेश टीम में हर कोई कमोबेश पीड़ित है। हर किसी की पीड़ा अलग है। टीम में केवल एक या दो खिलाड़ियों को ही अच्छी सुविधा मिलती है।'

### बीसीबी ने किया आरोपों को खारिज

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आरोपों को तुरंत खारिज कर दिया। बीसीबी ने एक बयान में कहा, 'बीसीबी इन आरोपों का स्पष्ट तौर पर और दृढ़ता से खंडन करता है, जो निराधार, मनगढ़ंत और सच्चाई से परे हैं।'

आज दोपहर 1:45 बजे से चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी, बड़े स्कोर पर गिल की निगाह

एजेंसी ▶▶ कैरारा (गोल्ड कोस्ट)

अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार 6 नवंबर को होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे, जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का यह सबसे अच्छा मौका है।

■ तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर



### गिल अभी तक नहीं दिखें चिर परिचित लय में

हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी। बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं।

### अर्शदीप के होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत

अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### मार्श और डेविड पर निर्भर ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रहेगी। हेड की अनुपस्थिति में मार्श मैथ्यू शॉर्ट को अपना सलामी जोड़ीदार बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग में बदलाव करने पड़ सकते हैं क्योंकि सीन एबॉट अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और बेन ड्वार्शुइस या महली बियर्डमैन में से किसी एक को उनकी जगह पर लाया जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

आईसीसी रैंकिंग

# अभिषेक और रोहित टॉप पर गिल और आजम को नुकसान





एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी ने बुधवार को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। इस बार फिर से टी20 इंटरनेशनल में भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार रही है। वहीं रोहित शर्मा एक बार फिर से वनडे क्रिकेट के नंबर 1 बल्लेबाज बने हुए हैं। इसके अलावा भारतीय कप्तान शुभमन गिल को और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को नुकसान उठाना पड़ा है। अभिषेक शर्मा लंबे समय से अब टी20 इंटरनेशनल बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर बरकरार हैं।

वहीं पिछले हफ्ते अपने करियर में पहली बार वनडे इंटरनेशनल में नंबर 1 वन बने रोहित शर्मा भी अपनी टॉप पोजीशन पर काबिज हैं। वनडे गेंदबाजों की लिस्ट में कुलदीप यादव को फायदा मिला है।

### शुभमन और बाबर नीचे खिसके

शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में एक स्थान और नीचे खिसक गए हैं। वह अब नंबर 3 से नंबर चार पर आ गए हैं। वहीं पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम को नंबर 4 से नंबर 5 पर लुढ़कना पड़ा है। इसके अलावा विराट कोहली नंबर 6 की पोजीशन पर बरकरार हैं। वहीं नंबर 9 पर वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर मौजूद हैं।

### नंबर 3 पर काबिज तिलक

टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर तो अभिषेक हैं वहीं उनके अलावा तिलक वर्मा नंबर 3 के स्थान पर काबिज हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव की पोजीशन में भी खास बदलाव नहीं हुआ है और वह नंबर 8 पर बने हुए हैं। टी20 गेंदबाजों की लिस्ट में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर बरकरार हैं। मगर उनके अलावा कोई भी टॉप 10 में भारतीय गेंदबाज नहीं है।

# फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वैभव का पहला अर्धशतक, शतक से सात रन रहे दूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युवा तूफानी ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मेघालय के खिलाफ अपनी टीम के लिए पहली इनिंग में तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपने शतक से सिर्फ 7 रन से चूक गए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वैभव ने अपने करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। इस सीजन में बिहार ने अपना तीसरा मैच मेघालय के लिए खेला और ये ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन वैभव की बैटिंग इस मैच में बेहतरीन रही।



### मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त

इस मैच में पहले दो दिन का खेल बारिश की वजह से खेला ही नहीं जा सका और जब तीसरे दिन टॉस हुआ तब बिहार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद मेघालय ने पहली पारी में 7 विकेट पर 408 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। इसके जवाब में बिहार ने 4 विकेट पर 156 रन बनाए और मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। वैभव के अलावा पहली पारी में बिहार के लिए मंगल महरौर ने 25 रन की पारी खेली जबकि बिपिन सौरभ ने 15 रन बनाए। वहीं इस मैच में बिहार के खिलाफ पहली पारी में मेघालय के लिए अजय दुहान ने 129 रन की बेहतरीन पारी खेली जबकि स्वस्तिक छेत्री ने 94 रन बनाए। मेघालय के लिए आकाश चौधरी 60 रन बनाकर नाबाद रहे।

### सूर्यवंशी ने 67 गेंदों पर खेली 93 रन की पारी

वैभव का बिहार के लिए इस सीजन में ये तीसरा मैच था और उन्होंने इस सीजन में पहला अर्धशतक लगाने में सफलता हासिल की। हालांकि उनके पास शतक लगाने का मौका था, लेकिन वो इससे चूक गए और 67 गेंदों पर 93 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। वैभव ने इस दौरान अपनी पारी में 4 छक्के और 9 चौके भी लगाए जबकि उनका स्ट्राइक रेट 138.81 का रहा। वैभव का इस मैच में भी अंदाज नहीं बदला और वो रेड बॉल क्रिकेट में भी टी20 की तरह ही खेलते नजर आए। फर्स्ट क्लास करियर में ये वैभव का पहला अर्धशतक रहा साथ ही उनकी ये अब तक की सबसे बड़ी पारी भी रही।

### एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित लाबुशेन की वापसी

**गोल्ड कोस्ट।** लगातार लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाने वाले मार्नस लाबुशेन की एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ताओं ने इस अनुभवी बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया। लाबुशेन खराब फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस बीच उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे वह वापसी करने में सफल रहे। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड 21 नवंबर से पर्थ में होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। उन्हें मैट रेनशॉ और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई है, हालांकि अभी यह तय नहीं है कि उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। वेदरल्ड पिछले साल शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में 50.33 की औसत से 906 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे।



डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# गॉफ ने पाओलिनी को हराया अब सबालेंका से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶ रियाद

गत चैंपियन कोको गॉफ ने जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-2 से जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। गॉफ को टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में जेसिका पेगुला से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। उनका अगला मुकाबला शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सबालेंका ने पेगुला को 6-4, 2-6, 6-3 से हराकर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। पाओलिनी लगातार दो मैच में हार से सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। वह अपनी जोड़ीदार सारा इरानी के साथ इस प्रतियोगिता में युगल मुकाबला भी खेल रही हैं।



भारत ए बनाम द.अफ्रीका ए के बीच दूसरा मैच आज सुबह 9.30 बजे से

# फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे पंत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार 6 नवंबर से तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेगा।



### द.अफ्रीका श्रृंखला बराबर करने के इरादे से उतरेगी

सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। बल्लेबाजों के नजरिए से, दक्षिण अफ्रीका ए के तेज गेंदबाजों ने पहले मैच के अंतिम दिन शॉर्ट पिच गेंद की रणनीति का अच्छा इस्तेमाल किया और पंत सहित अधिकतर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया था।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत ए :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अभिमन्यु ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, कुलदीप यादव।

**दक्षिण अफ्रीका ए :** मार्कस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्सेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।

# यूनान में 30 साल बाद जीते जोकोविच, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**एथेंस।** नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर लिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'एथेंस में खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है। यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं, जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया।'

# 5 लाख की चोरी अब गंभीर अपराध में शामिल आईजी रैंक के अफसर करेंगे मॉनिटरिंग

सीआईडी ने भेजे सभी आईजी, एसपी सहित एसटीएफ-नारकोटिक्स को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश पुलिस ने गंभीर अपराधों की श्रेणी में अब 5 लाख रुपए से अधिक की चोरी को भी शामिल कर लिया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईडी) ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी पुलिस जोन के पुलिस महानिरीक्षक, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक के ही एडीजी साइबर, एसटीएफ, नारकोटिक्स को तत्काल प्रभाव से अमल करने को कहा गया है। जारी आदेश के अनुसार, 5 लाख रुपए या उससे अधिक मूल्य की चोरी के मामलों को अब गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे मामलों की जांच अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी-सीएसपी) रैंक के अफसर की मॉनिटरिंग में होगी। अब तक चोरी के अधिकांश मामलों में थाना प्रभारी या उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी जांच करते थे, लेकिन नई व्यवस्था के तहत उच्च स्तर पर पर्यवेक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। सीआईडी के निर्देश में मध्य प्रदेश शासन बनाम सुनीत उर्फ सुमित सिंह के सुप्रीम कोर्ट के मामले का हवाला दिया गया है। प

### पहले सिर्फ नकबजनी को ही माना था गंभीर अपराध

इससे पहले पुलिस मुख्यालय ने अपने दिशा निर्देश में 5 लाख से अधिक की नकबजनी को ही गंभीर अपराध माना था। नकबजनी और चोरी में ज्यादा अंतर नहीं हैं, लेकिन किसी घर में घुस कर चोरी की वारदात को अंजाम देना नकबजनी की श्रेणी में आता है । इस तरह की वारदात में पांच लाख से ज्यादा का मशरूका होने पर उसे गंभीर अपराध माना गया था, जिसकी मॉनिटरिंग भी डीएसपी रैंक के अफसर को करने के निर्देश दिए गए थे। अब इसके साथ चोरी को जोड़ा गया है। अब इस तरफ के किसी भी मामले में चोरी का माला पांच लाख रुपए से अधिक का होगा तो एक ही रैंक के अफसर को मॉनिटरिंग करने के लिए पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा ने पाबंद किया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. मुरुगन ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों से केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में आरंभ होने वाले आकाशवाणी केंद्र के संबंध में केंद्रीय राज्य मंत्री से चर्चा की। भेंट के दौरान दूरदर्शन समाचार ने भोपाल में दिसंबर में आयोजित किए जा रहे डीडी कॉन्क्लेव के संबंध में भी चर्चा हुई।


डॉ. मुरुगन और डॉ. यादव चर्चा करते हुए

## पांच साल भी मेंटेनेंस और निगरानी नहीं कर पाया भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन

# 40 करोड़ के बुलेवर्ड स्ट्रीट पर टूटी कुर्सियां, सफाई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच साल पहले शहर के टीटी नगर में प्लेटिनम प्लाजा से झरनेश्वर मंदिर तक 40 करोड़ से बुलेवर्ड स्ट्रीट बनाई, लेकिन इसके मेंटेनेंस की ओर ध्यान नहीं देने से अब यहां बदहाली की तस्वीरें सामने आने लगी हैं। 1.6 किमी लंबे रोड के दोनों तरफ 100 कुर्सियां इस तरह लगाई गई थीं लोग सपरिवार आमने-सामने बैठकर सुंदर वातावरण में आराम कर सकें, लेकिन अब यह टूट रही हैं। इनके अवेशष जहां-तहां बिखरे नजर आ रहे हैं। यहां विकसित किया गया ग्रीन बेल्ट भी उजड़ रहा है। हरिभूमि ने उक्त रोड का निरीक्षण किया तो सफाई व्यवस्था में भी लापरवाही नजर आई। कई डस्टबिन में कचरा भरा था और आसपास भी गंदगी थी।

उक्त रोड का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2021 किया था। 1.6 किमी रोड भूमिगत डक्ट और पैदल चलने वालों के लिए हरेभरे वातावरण में बैठने और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था है। इस रोड का नाम अटल पथ रखा गया है। लोगों ने बताया कि बिजली के पोल की वायरिंग खुली थी जिसे बीते दिनों सुधारा गया है।

**खास बातें**

- यहां लोगों के बैठने के लिए रखी कुर्सियां मैदान में रख ली गईं
- जगह-जगह उजड़ रहा है ग्रीन बेल्ट



**कमियों को दूर करेंगे**

अटल पथ बेहद सुंदर रोड बना है। यहां जो कमियां हैं उन्हें दूर करवाया जाएगा। इसे ओर सुंदर बनाएंगे।

संस्कृति जैन, आयुक्त, नगर निगम

### ग्रीन बेल्ट की भी देखरेख नहीं

रोड के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट विकसित किया गया है। यहां के कुछ हिस्से में घास फूस उग रही है। टीन के टुकड़े भी कई जगह बिखरे हुए हैं। बेहतर पर्यावरण को लेकर यहां पौधरोपण किया गया था, लेकिन अब इसकी ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बिजली के पोल नहीं हटाए

दो-तीन माह पहले सरकार के एक बडे आयोजन के दौरान यहां तीन बिजली के पोल राहगीरों के चलने वाले स्थान पर ही रखकर छोड़ दिए। इन्हें नहीं हटाया गया। राहगीरों के इसकी चपेट में आने से अनहोनी की आशंका है। देर शाम से यहां लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है।

### दो कुर्सियां तो दूर रखी मिलीं

यहां रखी दो कुर्सियां तो लोगों ने हटाकर दूर रख लीं। बाजार के सामने रखी इन कुर्सियों का निजी उपयोग करने के उद्देश्य से रख लिया गया। अब इन्हें अपनी जगह पर रखवाने वाला तक कोई नहीं।

# 'कर्मचारी एम्पलाई कोड' लागू करने आज से चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**भोपाल।** 'कर्मचारी एम्पलाई कोड' लागू करने को लेकर चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी एकजुट हो गए है। गुरूवार से 'कर्मचारी एम्पलाई कोड' लागू करने की मांग को लेकर राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) समेत प्रदेश के 13 मेडिकल कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी कल्याण समिति की कोर कमेटी की मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य द्वारा चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर हर गुरुवार को सभी कर्मचारी मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर कर्मचारी संबंधित एवं सामयिक विषयों पर चर्चा करेंगे। बैठक में दीपावली मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी कल्याण समिति के प्रदेश सचिव नरेश बिल्लौरे ने बताया कि जीएमसी के साथ प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज में गुरुवार दोपहर एक साथ हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा कर्मचारी कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष राजन नायर ने बताया कि 'कर्मचारी एम्पलाई कोड' नहीं तो आप शासकीय कर्मचारी नहीं है। एम्पलाई कोड न होने के कारण कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का लाभ जैसे शासकीय आवास आवंटन, ग्रेच्युटी की भुगतान, बीमा योजना इत्यादि लाभ प्राप्त नहीं हो पाते हैं।

# समाधान योजनाः दो दिन में जमा हुई दो करोड़ 70 लाख की बकाया राशि

**एक हजार 366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन माह से अधिक के बिजली बिल बकायादारों के लिए मप्र सरकार ने समाधान योजना शुरू करके एक बड़ी सौगात दी है। इस योजना के तहत अब तक कंपनी कार्यक्षेत्र में एक हजार 366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। साथ ही लगभग दो करोड़ 70 लाख रुपए की मूलधन राशि कंपनी के खाते में जमा कराई है। इसमें लगभग एक करोड़ 53 लाख रूपए सरचार्ज माफ किया गया है। बता दें कि तीन नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ऊर्जा विभाग द्वारा लागू की गई समाधान योजना 2025-26 का शुभारंभ किया था, तब से लेकर अब तक दो दिनों में ही एक हजार 366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है और सरचार्ज में छूट प्राप्त कर मूलधन राशि जमा कराने में उत्साह दिखाया है।

## खबर संक्षेप



### सोलंकी को साफा पहनाकर किया स्वागत

**भोपाल।** नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी के प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर के नेतृत्व में बैरसिया क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें साफा और पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत किया। विनय मेहर ने बताया कि सुमेर सिंह सोलंकी के अनुभव, संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। बैरसिया के कार्यकर्ताओं ने सुमेर सिंह सोलंकी को भाजपा का महामंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवरंग सिंह गुर्जर, मोहन सिंह जाट, नीतू शर्मा, प्रेम सिंह गुर्जर, सोनू शर्मा सहित बैरसिया क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वायु सैनिक को हनी ट्रैप में फंसाया, युवती ने ठगे 14 लाख रुपए

**भोपाल** ग्वालियर में एक वायुसैनिक को हनी ट्रैप में फंसाकर 14 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। जब वायुसैनिक ने अपने पैसे वापस मांगे, तो युवती ने उसे बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। यह मामला ग्वालियर की पुष्कर कॉलोनी निवासी लीडिंग एयर क्राफ्टमैन अमित कुमार चौहान से जुड़ा है, जो महाराजपुरा एयरबेस पर तैनात हैं। अमित ने इस संबंध में मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने बताया कि 16 फरवरी 2025 को उनकी पहचान डेटिंग एप क्वॉक क्वॉक के जरिए पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली एक लड़की से हुई थी। उसने खुद को इवेंट मैनेजर बताया और धीरे-धीरे बातचीत को प्रेम प्रसंग में बदल दिया। उसने अमित से एक इवेंट में निवेश करने का प्रस्ताव दिया और बड़े मुनाफे का लालच दिया। अमित ने उसके कहने पर कई बार पैसे भेजे। शिकायत के अनुसार, युवती ने अमित को कई बार मिलने बुलाया और होटल में उनके नाम पर ठहरी। धीरे-धीरे उसने कुल 14 लाख रुपए हड़प लिए।

# स्वदेशी जागरण मंच ने मनाई देव दिवाली



एमवीएम कॉलेज के ग्राउंड में स्वदेशी मेले में देव दिवाली मनाती मातृशक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमवीएम कॉलेज के ग्राउंड में गुरुवार से जारी स्वदेशी मेला के अंतर्गत बुधवार को संस्था की महिलाओं ने स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख एवं मेला संयोजक सीमा भारद्वाज के नेतृत्व में दीप जलाकर देव दिवाली मनाई। बता दे कि 6 नवंबर से शुरू स्वदेशी मेला 16 नवंबर तक चलेगा। मेले में प्रतियोगिताओं होगी। वहीं मेले की सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला के अनुसार मेले की थीम स्वदेशी संस्कृति का विस्तार है।

## समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ का दीपावली मिलन समारोह

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं का हर संभव करेंगे निराकरणः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों की जो भी समस्याएं होंगी। उनका हर संभव समाधान करवाया जाएगा। यह बात मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के हिंदी भवन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। सारंग ने कहा कि जब वह स्वास्थ्य स्वास्थ्य मंत्री थे तो उन्होंने कर्मचारियों की हर समस्याओं का समाधान किया। आगे भी इनके साथ सरकार से न्याय करवाएंगे। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के साथ है। समय-समय पर आवश्यकता अनुसार सहयोग करेगी। स्टाफ नर्स का पदनाम पूर्व में परिवर्तन कर नर्सिंग ऑफिसर किए जाने पर मंत्री सारंग का नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समारोह में महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य कर्मचारियों को जो सुविधाएं दी जा रही है। वह महंगाई के इस दौर में नाकाफी कही हैं। कौरव ने कहा कि शासन की घोषणाओं के अनुसार जो सुविधा निर्धारित है।


कार्यक्रम में पदाधिकारियों से चर्चा करते मंत्री सारंग

### संविदा नीति लागू करें

कार्यक्रम में उपस्थित हुए लिपिक वर्गी शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी, लघु वेतन कर्मचारी संघ से अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि शासन द्वारा घोषित जो संविदा नीति है। उसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए। ताकि कर्मचारियों को उसका लाभ मिल सके। इन्होंने कहा है कि कर्मचारी बड़े आर्थिक संकट के इंदौर से गुजर रहा है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बीयूः जूनियर्स को प्रताड़ित करने के आरोप, एक को किया निष्कासित

▸ अब जूनियर और सीनियर छात्रों को अलग-अलग हॉस्टल में रखा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के आईटी विभाग में पिछले दिनों हुई रैगिंग के मामले में एक छात्र को निष्कासित कर दिया गया है। इस मामले में यूजीसी की एंटी रैगिंग सेल में शिकायत दर्ज होने के बाद विवि ने छात्र को हॉस्टल और विवि दोनों से निष्कासित कर दिया है। बताया गया है कि एक जूनियर छात्र ने हॉस्टल में रह रहे सीनियर छात्र हर्ष चतुर्वेदी और वॉर्डन पर आरोप लगाए। इस शिकायत को देखते हुए बीयू की एंटी रैगिंग सेल ने बीयू प्रबंधन को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए। जांच में पता चला कि हर्ष चतुर्वेदी ने फर्जी तरीके से हॉस्टल में प्रवेश लिया था। इसी आधार पर विवि प्रशासन ने आरोपी छात्र को संस्थान और छात्रावास, दोनों से निष्कासित कर दिया है। बीयू प्रशासन के अनुसार आए दिन आ रही शिकायतों के बाद अब विवि प्रशासन बीयू के सभी हॉस्टल में वैरिफिकेशन अभियान चलाएगा। साथ ही अब जूनियर और सीनियर छात्रों को अलग-अलग हॉस्टल में रखा जाएगा।

# जेल विभाग से रिटायर्ड 75 साल के बुजुर्ग के सिर पर मारा पत्थर

▸ पहले बाइक में मारी टक्कर, फिर विवाद करते हुए मारा पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल अफगान के सामने जेल विभाग से रिटायर्ड 75 साल के बुजुर्ग की बाइक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई है। हद तो उस समय हो गई, जब बुजुर्ग ने उसे ठीक से बाइक चलाने का कहा तो उसने पत्थर उठाकर उनके सिर पर दे मारा।

पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मारपीट, गालीलौज सहित लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रामसूरत मिश्रा (75) पंचवटी कॉलोनी फेस-टू, में रहते हैं और जेल विभाग से रिटायर्ड हैं। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपनी बाइक से घर जा रहे थे। जेल रोड अफगान होटल के सामने गोंडीपुरा पहुंचते ही उनकी बाइक बाइक को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। उन्होंने बाइक चालक से कहा कि इतनी तेज बाइक को चलाते हो। इस पर वह भड़क गया और पत्थर मार दिया।

## जमानतदार बोला मेरे परिचित ने कराई थी मेरे नाम की एफडी

# निगरानी बदमाश ने फर्जी रजिस्ट्री से कराई जमानत जमानतदार पर धोखाधड़ी का मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीसीपी जोन टू की कोर्ट में फर्जी एफडी लगाकर गोविंदपुरा के निगरानी बदमाश गोपाल पाटिल द्वारा जमानत लिए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल, जमानतदार द्वारा महज तीन हजार रुपए की रकम के लिए अपने नाम से बनाई गई एफडी वकील को सौंपी गई थी। वकील ने उक्त एफडी के माध्यम से गोपाल पाटिल की जमानत करा दी। डीसीपी जोन-टू की जांच में पता चला कि एफडी जाली (फर्जी) है। एफडी में जमानतदार का खाता क्रमांक नहीं है और एफडी बंद हो चुकी है। इसके बाद पुलिस ने जमानतदार के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर कर ली।

पुलिस के अनुसार गोपाल पाटिल पिता प्रेमराज पाटिल (36) अन्ना नगर में रहता है और गोविंदपुरा का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ चल रहे प्रकरण में उसने स्वयं की 35 हजार रुपए की प्रतिभूति वकील के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी। वकील अपने साथ मोहम्मद सलीम नाम के व्यक्ति को लेकर आए थे। इसके बदले उसने सात हजार रुपए वकील को दिए। वकील का कहना है कि एक महीने पहले उनके पास गोपाल पाटिल का कॉल आया था। उसने कहा था कि डीसीपी जोन टू में जमानत करानी है। उसे कहा कि कोई जमानतदार है तो उसने मना कर दिया। कहा कि आप ही जमानदार की व्यवस्था कर दो। इसी बीच वकील को मोहम्मद सलीम मिला। सलीम ने कहा कि कोई काम हो तो बताओ। वकील ने सलीम से कहा कि कोई रजिस्ट्री या एफडी वाला व्यक्ति चाहिए। क्लाइंट की जमानत कराना है। इस पर सलीम ने कहा कि उसके पास डेढ़ लाख रुपए की एफडी रखी हुई है। उसकी बातों में आकर वकील ने उससे एफडी ले ली। एफडी के बदले गोपाल पाटिल ने उसे पांच हजार रुपए दे दिए।

### सलीम बोला,दोस्त ने कराई एफडी

पुलिस ने सलीम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि मंडी में सब्जी का व्यवसाय करता है। उसके दोस्त रियाज ने कहा था कि तेरे नाम से एक एफडी बैंक में करवा रहा हूं, लेकिन एफडी पर मिलने वाला ब्याज मैं स्वयं रखूंगा। मैंने हामी भर दी और उसने मुझे एफडी लाकर थमा दी। मुझे नहीं पता था कि यह एफडी नकली है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930